* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

27 अगस्त, 2022
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 07, अंक 307



एशिया कप का आगाज आज से : 6 टीम 15 दिन में खेलेंगी 13 मुकाबले











### निर्णय: हेमंत सोरेन की विस सदस्यता रद्द करने का मामला

# राज्यपाल ने निर्वाचन आयोग की सिफारिश पर लिया फैसला

## अब आयोग की आधिकारिक अधिसूचना का इंतजार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधानसभा की सदस्यता रद्द कर दी गयी है। सूत्रों के अनुसार ऑफिस ऑफ प्रॉफिट मामले को लेकर राज्यपाल ने सोरेन की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की अनुशंसा कर दी है। हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री रहते हुए खदान लीज का पट्टा लेने के मामले में चुनाव आयोग ने गुरुवार को राज्यपाल से सोरेन की सदस्यता रद्द करने की सिफारिश की थी।

राज्यपाल रमेश बैस ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से इस मामले में राय ली थी। उन्होंने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के साथ आयोग के लीगल एक्सपर्ट और अन्य बड़े अधिकारियों से भी बात की, उसके बाद फैसला लिया।

हालांकि सोरेन को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित करने के मामले में अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। राजभवन ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। चुनाव आयोग इसकी अधिसूचना जल्द जारी करेगा। जानकारी के अनुसार, आयोग इसकी जानकारी विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र महतो को भी देगा। इससे पहले राजभवन में दिन भर गहमा-गहमी रही।



## हमें कोई चिंता नहीं है : हेमंत सोरेन

**रांची (आजाद सिपाही)।** इन तमाम राजनीतिक गहमा-गहमी के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शाम को ट्वीट किया कि उन्हें कोई चिंता नहीं है। उन्होंने लिखाः हमारे विरोधी राजनीतिक तौर पर हमसे सक नहीं पा रहे हैं, तो संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं, लेकिन हमें इसकी चिंता नहीं है। हमें यह कुर्सी विरोधियों ने नहीं, बल्कि जनता ने दी है। आज का कार्यक्रम मेरा पहले से तय था। यह कुछ कर लें। मेरी जनता के लिए मेरा काम कभी नहीं रुक सकता।

**हमें केंद्रीय एजेंसियों से डराया जा रहा है :** इससे पहले मुख्यमंत्री आवास में यूपीए विधायक दल की बैठक के बाद



नेतरहाट पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में दमनकारी नीति चल रही है, लेकिन दमनकारी नीतियों से देश का भला नहीं होनेवाला। उन्होंने कहा कि राज्य में हमारी सरकार काम कर रही है, तो इडी, लोकपाल और अन्य एजेंसियों के जरिये हमें डराया जा रहा है।

### यूपीए विधायकों ने एक सुर में कहा

## सरकार को कोई खतरा नहीं, महागठबंधन इंटैक्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री आवास में शुक्रवार को भी राजनीतिक सरगर्मी जारी रही। शुक्रवार को यहां दो बार महागठबंधन के विधायकों की बैठक हुई, जिसमें तमाम विधायक शामिल हुए। बैठक से निकल कर महागठबंधन के सभी विधायकों ने एक सुर में कहा कि सरकार चलेगी, महागठबंधन पूरी तरह से एकजुट है। दिन के 11 बजे से लेकर करीब ढाई घंटे और फिर शाम को सात बजे से देर शाम तक चली इन बैठकों में आगे की रणनीति पर विचार हुआ।

**कोई कहीं नहीं जा रहा है हम लोग यहीं रहेंगे : मिथिलेश**

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि कोई कहीं नहीं जा रहा है। सारे लोग यहीं रहेंगे। विकल्प पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कौन सी ऐसी स्थिति हो गयी कि विकल्प की बात आ रही है। सरकार चल रही है और समर्थन से चल रही है।

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि जिस तरीके की साजिश चल रही है, इसका कोई असर नहीं पड़नेवाला है। हम सभी एकजुटता के साथ खड़े हैं। हर जोर जुल्म में हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हम लोग लड़ेंगे, न झुके हैं न झुकेंगे। बंगाल काहे जायेंगे। धरतीपुत्र हैं, यही रहेंगे।

**जरूरत पड़ी तो बंगाल से विधायकों को बुलायेंगे: आलमगीर आलम**

मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि हमारे विधायक और मंत्री रांची में ही रहेंगे, हम कहीं नहीं जा रहे हैं। हमें अपने विधायकों पर पूरा विश्वास है। सरकार पूरी तरह से सुरक्षित है। समर्थन पर उन्होंने कहा कि 42 विधायक बैठक में मौजूद थे, तीन विधायक हमारे निलंबित हैं और वैसी जरूरत पड़ेगी, तो बंगाल से तीनों विधायकों को बुलायेंगे।

**यूपीए के सभी विधायक एकजुट : रामेश्वर उरांव**

झारखंड सरकार के मंत्री और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर उरांव ने कहा कि यूपीए के सभी विधायक इंटैक्ट हैं। हम कहीं नहीं जा रहे हैं। सभी रांची में ही हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार पर कोई खतरा नहीं है।

## सुप्रियो का दावा, भाजपा के 16 विधायक संपर्क में

- प्रतुल का पलटवार, खरीदने-बिकने का तो इतिहास रहा है झामुमो का
- मिथिलेश ठाकुर ने कहा: हेमंत सोरेन सरकार के साथ 50 विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की सियासत में शह-मात का खेल जारी है। सबकी निगाहें राजभवन पर टिकी हुई हैं। इस बीच सत्तारूढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एक बार फिर भाजपा के 16 विधायकों के संपर्क में होने का दावा किया है। झामुमो के मुख्य प्रवक्ता और केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के 16 विधायक उनके संपर्क में हैं। झामुमो के इस दावे पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झामुमो में राजनीतिक शुचिता नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मर्यादा भूल कर झामुमो अब हॉर्स ट्रेडिंग करने पर उतर आया है।

**भाजपा के भस्मासुर हैं निशिकांत दुबे, विधायकों में रोष :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे भाजपा के भस्मासुर हैं। उनके कारण भाजपा विधायकों में रोष है। उन्होंने कहा कि बिहार से आकर देवघर की राजनीति करनेवाले निशिकांत दुबे राज्य की राजनीति के वाचाल हैं। सोशल मीडिया में अनर्गल बातें लिखना उनकी आदत में शुमार है। मुख्यमंत्री आवास में महागठबंधन की बैठक के बाद झामुमो नेता श्री भट्टाचार्य ने कहा कि सरकार को कोई दिक्कत नहीं है। हम इंटैक्ट हैं। हमें 50 लोगों का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के सभी विधायक मीटिंग में शामिल हुए। यह पूछे जाने पर कि क्या यूपीए के विधायकों को छत्तीसगढ़ ले जाया जायेगा, उन्होंने कहा कि हम सभी बस में बैठ चुके हैं। शाम को फिर मिलेंगे। यह पूछने पर कि क्या विधायकों को सुबह-शाम सीएमओ में हाजिरी लगाने को कहा गया है, उन्होंने कहा कि हाजिरी नहीं बनाना है। बैठना है।

**इतिहास गवाह है भाजपा के विधायक न कभी टूटे हैं, ना टूटेंगे :** सुप्रियो के दावे को महज राजनीतिक स्टंट करार देते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि इतिहास गवाह है कि भाजपा के विधायक न कभी टूटे हैं और ना कभी टूटेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो का इतिहास ही बेचने और खरीदने का रहा है। वे पहले अपने इतिहास को उठा कर देख लें। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ भाजपा ने ऑफिस ऑफ प्रॉफिट की शिकायत की थी। इसके बाद चुनाव आयोग ने पूरे मामले की सुनवाई की और राज्यपाल को रिपोर्ट सौंपी है। अब राज्यपाल के फैसले का इंतजार है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी भी सरकार गिराने की बात नहीं की है।

### महागठबंधन के पास 50 नहीं, 36 विधायक हैं: निशिकांत

वहीं भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने झामुमो के मंत्री मिथिलेश ठाकुर और सुप्रियो भट्टाचार्य के उस दावे को थोथा बताया, जिसमें उन्होंने कहा कि आज की तारीख में हेमंत सोरेन के साथ 50 विधायक हैं। निशिकांत दुबे ने कहा कि सच तो यह है कि 50 नहीं, मात्र 36 विधायक हैं। उन्हें भी एकजुट रखने के लिए अब छत्तीसगढ़ जाने की बात हो रही है। उन्होंने कहा कि हमने कहा था कि अगस्त पार नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड में जनवरी से पहले कोई उप चुनाव नहीं होनेवाला है, क्योंकि चुनाव आयोग वोटर लिस्ट का रिवीजन कर रहा है। यह बात उन्होंने उस चर्चा के संदर्भ में कही कि अगर चुनाव आयोग हेमंत सोरेन को अयोग्य ठहराता है, तो वह इस्तीफा देकर दुबारा सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे।

## गुलाम नबी आजाद के इस्तीफे के बाद कांग्रेस में भगदड़, छह पूर्व विधायकों-मंत्रियों का इस्तीफा

आजाद सिपाही संवाददाता

**जम्मू।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद के पार्टी से इस्तीफा देने के बाद जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस में भगदड़ मच गई है। पहले से कमजोर पड़ चुकी पार्टी और बिखड़ गई। आजाद के समर्थन में तत्काल छह पूर्व विधायकों और मंत्रियों ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। अभी और भी नेता पार्टी छोड़ सकते हैं। कांग्रेस के लिए जम्मू कश्मीर में यह कठिन घड़ी है। मौजूदा हालात को देखते हुए श्रीनगर में पार्टी की आपातकालीन बैठक हुई। कांग्रेस के जिन छह



पूर्व विधायकों और पूर्व मंत्रियों ने गुलाम नबी आजाद के समर्थन में पार्टी छोड़ी है, इनमें पांच ने सामूहिक इस्तीफा दिया है, जबकि एक पूर्व मंत्री ने अलग से त्यागपत्र दिया है।

सामूहिक इस्तीफा देने वाले कांग्रेस नेताओं में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री रहे जीएम सरूरी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मौजूदा उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री हाजी अब्दुल रसीद, पूर्व विधायक और विधान परिषद सदस्य मो आमीन भट, अनंतनाग के मौजूदा जिला प्रधान और पूर्व विधायक गुलजार अहमद वानी और पार्टी के मौजूदा एसटी सेल के चेयरमेन पूर्व विधायक चौधरी मोहम्मद अकरम शामिल हैं। इनके सामूहिक इस्तीफे के कुछ ही देर बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आरएस चिब का त्यागपत्र भी सामने आ गया।

## मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना रिटायर आज शपथ लेंगे जस्टिस यूयू ललित





आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना शुक्रवार को रिटायर हो गये। 48वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) ने शुक्रवार को समारोह पीठ को संबोधित किया। उन्होंने विदाई भाषण के दौरान इतना कहा कि पेंडेंसी का मुद्दा सबसे बड़ी चुनौती है और मैं मानता हूं कि लिस्टिंग एक ऐसा एरिया है जहां मैं ज्यादा ध्यान नहीं दे सका। इसके लिए मुझे खेद है।

इधर सीजेआइ एनवी रमना के रिटायरमेंट के बाद जस्टिस यूयू ललित देश के 49वें सीजेआइ होंगे। जस्टिस ललित 27 अगस्त को सीजेआइ के रूप में शपथ लेंगे। सुप्रीम कोर्ट के दूसरे सबसे सीनियर जज जस्टिस ललित महज 74 दिनों के लिए ही सीजेआइ बनेंगे, क्योंकि 8 नवंबर को वे रिटायर हो जायेंगे।






# विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं नरेंद्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर दुनियाभर के सबसे लोकप्रिय नेताओं की सूची में टाप पर बरकरार हैं। विश्व के शीर्ष नेताओं के बीच कराये गये एक सर्वे में यह खुलासा हुआ है कि ग्लोबल रेटिंग में आज भी दुनिया में नरेंद्र मोदी सबसे लोकप्रिय हैं। मार्निंग कंसल्ट सर्वे के मुताबिक, दुनिया में सबसे अधिक 75 प्रतिशत लोगों की पसंद के साथ नरेंद्र मोदी एक बार फिर वैश्विक रेटिंग में शीर्ष पर काबिज हैं।

**22 नेताओं में सबसे टाप पर मोदी :** इस सूची में पीएम मोदी के बाद मेक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर 63 फीसदी और इटली के प्रधानमंत्री

### मार्निंग कंसल्ट के सर्वे में हुआ खुलासा



मारियो ड्रैगी 54 फीसदी रेटिंग के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। वहीं, विश्व के 22 नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन 41 प्रतिशत रेटिंग के साथ पांचवें पायदान पर हैं। बाइडन के बाद कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो 39 फीसदी के साथ छठें और जापानी पीएम फुमियो किशिदा 38 फीसदी के साथ 7वें स्थान पर हैं।

**मोदी का लोकप्रियता बरकरार :** मार्निंग कंसल्ट पॉलिटिकल इंटेलिजेंस इस समय आस्ट्रेलिया, आस्ट्रिया, ब्राजील, जर्मनी, भारत, मैक्सिको, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्वीडन और संयुक्त राज्य अमेरिका के नेताओं के बीच सर्वे कर रहा है। इससे पहले जनवरी 2022 और नवंबर 2021 में दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं की सूची में प्रधानमंत्री मोदी टाप पर थे।

### रियल टाइम डेटा पर आधारित है सर्वे

बता दें कि ये सर्वे एजेंसी चुनावों, निर्वाचित अधिकारियों और मतदान के मुद्दों पर रीयल-टाइम मतदान डेटा प्रदान करता है। मार्निंग कंसल्ट प्रतिदिन 20,000 से अधिक इंटरव्यू आयोजित करता है। हालांकि इस सर्वेक्षण में एक से चार प्रतिशत की कमी-बढ़ोतरी की संभावना है। अमेरिका में औसतन करीब 45,000 लोगों से उनका विचार पूछा गया है। अन्य देशों में, नमूने का आकार लगभग 500-5,000 के बीच है। सभी साक्षात्कार ऑनलाइन आयोजित किये जाते हैं। हर देश में उम्र, लिंग, क्षेत्र और कुछ देशों में आधिकारिक सरकारी स्त्रोतों के आधार पर सर्वेक्षणों को महत्व दिया जाता है। अमेरिका में सर्वेक्षणों को नस्ल और जातीयता के आधार पर भी महत्व दिया जाता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 48,700 रु./10 ग्राम |
| सोना (खरीद) | 45,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 58,500 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 27 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com


## सियासत : लालू यादव की राजनीति के आगे कभी भी गच्चा खा सकते हैं नीतीश कुमार

# भविष्य तो तेजस्वी का है ही, वर्तमान भी उनका हो सकता है

आजाद सिपाही विशेष

**बिहार में राजद, जदयू, कांग्रेस, हम और वामपंथियों के महागठबंधन की सरकार ने विश्वास मत भले ही जीत लिया है, लेकिन इसके मायने ये कतई नहीं हैं कि दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ानेवाले बिहार की सियासत की नाव 'स्थिर' हो गयी है। पहली नजर में यह हास्यास्पद लग सकता है, लेकिन पिछले आठ-दस साल के राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर दौड़ाने से साफ हो जाता है कि लालू (तेजस्वी)-नीतीश की जोड़ी का भविष्य बहुत अधिक सुरक्षित नहीं है। बहुमत, यानी 122 से बहुत अधिक 160 विधायकों का समर्थन इस सरकार को हासिल है, तो इसे चिंता करने की जरूरत नहीं होनी चाहिए, लेकिन राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता, यह तो सभी जानते हैं। बिहार में नीतीश कुमार की पहचान अब एक सुलझे हुए राजनेता की बजाय 'पलटू' की बन गयी है। उनके बारे में कहा जाने लगा है कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे नीतीश ने ठगा नहीं। राजद और खास कर लालू परिवार तो इससे अच्छी तरह वाकिफ है। इसलिए नीतीश को मुख्यमंत्री बनाने के बावजूद वह पूरी तरह निश्चिंत नहीं है। तेजस्वी जानते हैं कि राजनीतिक मैदान में भविष्य उनके हाथ में है। उनको अभी अपना कैरियर बनाना है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि वह मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। तो फिर इस बात की भी संभावना बनती है कि वह उस भविष्य को ही वर्तमान में बदल दें। बिहार विधानसभा का अंकगणित भी तेजस्वी के अनुकूल है। इसलिए नीतीश कुमार आठवीं बार सीएम बन कर भी बेचैन हो सकते हैं। वह जानते हैं कि राजद का 'कुर्सी त्याग' बहुत दिनों तक जारी नहीं रहेगा। उनके सामने राजद ही नहीं, कांग्रेस और वामपंथी दलों के साथियों को भी साथ लेकर चलने की चुनौती होगी। तेजस्वी अपने चाचा की इस मजबूरी को जानते हैं। इसलिए हो सकता है कि वह सही वक्त के इंतजार में हों। बिहार के इस संभावित समीकरण का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

बिहार की सियासत का ऊंट कब किस करवट बैठेगा, यह कहना किसी भी सियासी पंडित के लिए भी अब बहुत मुश्किल हो गया है, क्योंकि यहां कोई भी दल किसी के भी साथ जा सकता है। 2015 में जब राजद-जदयू गठबंधन ने भाजपा को पराजित किया था, तब किसी को अंदाजा भी नहीं था कि यह सरकार महज दो साल में गिर जायेगी। नीतीश कुमार ने अपने 'उसूलों' के लिए राजद से रिश्ता तोड़ लिया और भाजपा के साथ चले गये। फिर 2020 के चुनाव में वह भाजपा के साथ मैदान में उतरे और तीसरे स्थान पर रहने के बावजूद भाजपा की दया से सीएम बन गये। लेकिन इस दोस्ती को उन्होंने एक बार फिर तोड़ दी और अब नीतीश दोबारा राजद के कैंप में हैं, जहां उन्होंने अपनी सरकार बना ली, कैबिनेट विस्तार भी कर लिया और विश्वास मत भी हासिल कर लिया। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह गठबंधन स्थिर है। क्या नीतीश-लालू की दोस्ती 2024 या उसके बाद तक जारी रहेगी। यह सवाल इसलिए उठ रहा है, क्योंकि आज के जमाने में किसी राजनीतिक हस्ती के लिए उसकी महत्वाकांक्षा सबसे ऊपर हो गयी है।

कहा जा रहा है कि नीतीश की भाजपा से दोस्ती टूटने के बाद पैदा हुए हालात में बिहार में तेजस्वी यादव को सरकार बनाने के लिए नीतीश के समर्थन की जरूरत थी, लेकिन यह सिर्फ अर्धसत्य है। हकीकत यह है कि नीतीश ने भाजपा से दोस्ती केवल अपनी महत्वाकांक्षा के लिए तोड़ी और वह महत्वाकांक्षा है मोदी के सामने चुनौती बन कर खड़ा होना। यहां अब आसानी से समझा जा सकता है कि यदि नीतीश अपनी महत्वाकांक्षा के वशीभूत भाजपा से रिश्ता तोड़ सकते हैं, तो फिर तेजस्वी भी अपनी महत्वाकांक्षा के लिए नीतीश को पटखनी तो दे ही सकते हैं। इस पूरी तस्वीर को समझने के लिए शुरुआत नीतीश कुमार कैबिनेट से करते हैं। कैबिनेट में मुख्यमंत्री भले नीतीश कुमार हों, लेकिन पलड़ा राजद का भारी है। इसमें राजद से 16, जदयू से 11, कांग्रेस से दो, हम से एक और एक निर्दलीय विधायक मंत्री हैं। तेजस्वी डिप्टी सीएम हैं और उनके बड़े भाई तेज प्रताप भी मंत्री हैं। कैबिनेट विस्तार के साथ ही जिनको उसमें जगह नहीं मिली, वे नाराज बताये जा रहे हैं। नाराज विधायकों में जदयू के दिग्गज नेता उपेंद्र कुशवाहा भी बताये जा रहे हैं। इसी के साथ नीतीश कुमार सरकार पर संकट के बादल फिर से मंडराने लगे हैं।



**अब भी पूरी तरह 'स्थिर' नहीं है बिहार की सियासत की नाव**

लेकिन हकीकत यह है कि उपेंद्र कुशवाहा भले ही सरकार से नाराज बताये जा रहे हैं, नीतीश कुमार को फिलहाल उनसे ज्यादा तेजस्वी यादव से खतरा है। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की निगाहें मुख्यमंत्री की कुर्सी पर टिकी हुई हैं। 2020 में महागठबंधन की ओर से वही मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार थे। सिर्फ भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए तेजस्वी ने नीतीश को मुख्यमंत्री की कुर्सी दी है। यह डील भी सिर्फ 2024 तक के लिए ही हुई है। इसके मुताबिक 2024 में नीतीश पीएम पद के दावेदार होंगे, जबकि तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाया जायेगा। यानी 2024 में नीतीश को हर हाल में सीएम की कुर्सी छोड़नी पड़ेगी।

### कभी भी सीएम बन सकते हैं तेजस्वी

अब एक नजर बिहार विधानसभा की मौजूदा दलगत स्थिति पर डालते हैं। 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा में अभी 242 सदस्य हैं। इनमें राजद के 79 विधायक, भाजपा के 77, जदयू के 41, कांग्रेस के 19, वामदलों के 16, हम के चार, एआइएमआइएम के एक और एक निर्दलीय विधायक हैं। इसमें जदयू को छोड़ कर सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की संख्या 120 होती है। जदयू के पास 41 सीटें हैं। यदि तेजस्वी को सीएम बनना होगा, तो वह केवल दो या तीन विधायकों को तोड़ कर कुर्सी हथिया सकते हैं। उस स्थिति में नीतीश के सामने हाथ मलने के अलावा कोई और चारा नहीं रहेगा।

इसलिए अब कहा जा रहा है कि यह कहना गलत है कि बिहार में तेजस्वी को सरकार बनाने के लिए नीतीश के समर्थन की जरूरत थी। दरअसल तेजस्वी को सत्ता में आने के लिए नीतीश की नहीं, बल्कि सिर्फ दो या तीन विधायकों की जरूरत है।

### नीतीश से पुराना बदला लेंगे तेजस्वी?

करीब आठ साल पहले 2014 में नीतीश कुमार ने लालू यादव को जबरदस्त झटका दिया था। नीतीश ने राजद के कुल 22 में से 13 विधायकों को तोड़ लिया था। लोकसभा चुनावों से ठीक पहले लालू यादव के लिए यह बड़ा सियासी झटका था। उस वक्त तेजस्वी यादव राजनीति में नहीं थे। उन्होंने 2015 में राजनीति में कदम रखा और नीतीश कुमार से ही राजनीति का ककहरा सीखा। लेकिन यह भी सच है कि तेजस्वी यादव उस झटके को भूले नहीं हैं। उनके मन में यह टीस आज भी मौजूद है। तब वह राजनीति में अनजान थे। आज महज सात साल में ही वह मंजे हुए खिलाड़ी हो गये हैं। उन्हें यह पता है कि आनेवाले समय में कांग्रेस नीतीश कुमार से ज्यादा वजन तेजस्वी को देगी। वह इसलिए कि 2024 के चुनाव में कांग्रेस कतई नीतीश को चेहरा मान कर उनका समर्थन नहीं करेगी। वह अपना खुद उम्मीदवार उतारेगी। यह बात तेजस्वी यादव भी बखूबी जानते हैं। उनको पता है कि वह जब चाहें, भविष्य को वर्तमान में बदल सकते हैं।

# बढ़ सकती हैं बीजेपी विधायक ढुल्लू महतो की मुश्किलें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांच।** झारखंड हाइकोर्ट ने विधायक ढुल्लू महतो की संपत्ति पर आयकर विभाग से जवाब मांगा है। हाइकोर्ट ने आयकर को यह बताने को कहा है कि पूर्व में हाइकोर्ट के निर्देश के बाद उसने क्या कार्रवाई की है। प्रार्थी सोमनाथ चटर्जी की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने यह निर्देश दिया है। याचिका में कहा गया है कि ढुल्लू महतो ने चुनाव लड़ते समय संपत्ति की सही जानकारी नहीं दी है। उनके पास कई बेनामी संपत्ति हैं, जिसकी कीमत 675 करोड़ रुपये से ज्यादा है। इसका उल्लेख उन्होंने अपने शपथपत्र में नहीं किया है।

**हाइकोर्ट ने संपति के मामले में आयकर विभाग से मांगा जवाब**



### मार्च 2016 में हाइकोर्ट ने आयकर विभाग से मांगी थी जानकारी

सुनवाई के दौरान कोर्ट को यह बताया गया कि इस मामले में 30 मार्च 2016 को विधायक की आय से अधिक संपत्ति की जांच को लेकर इनकम टैक्स से हाइकोर्ट ने जानकारी मांगी थी, लेकिन अब तक जांच नहीं की गयी है। इसके बाद अदालत ने आयकर को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। बता दें कि बाघमारा विधायक की संपत्ति की जांच कराने के लिए हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी है।

# तय समय पर होगा अंजुमन इस्लामिया कमेटी का चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के बाद अंजुमन इस्लामिया चुनाव प्रक्रिया को चुनौती देनेवाली याचिका निरस्त कर दी। अब तय समय पर ही चुनाव होगा। हाइकोर्ट से आगामी 29 अगस्त को होनेवाली अंजुमन इस्लामिया कमेटी की चुनाव प्रक्रिया को हरी झंडी मिल गयी है। हाइकोर्ट में अकीलुर्ररहमान की ओर से याचिका दाखिल की गयी थी। उन्होंने मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने की गुहार लगायी थी। हालांकि बीते दिनों अदालत ने सुन्नी वक्फ बोर्ड के सीइओ को भी हाजिर होने का आदेश दिया था। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में प्रार्थी ने अधिवक्ता मुख्तार खान के माध्यम से मतदाता सूची में त्रुटि की बात कही थी। इस पर अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद सुन्नी वक्फ बोर्ड की दलीलों को सही माना और प्रार्थी की याचिका खारिज कर दी। ऐसे में पूर्व से ही निर्धारित 29 अगस्त को अंजुमन इस्लामिया कमेटी की चुनाव प्रक्रिया संपन्न होगी।

**हाइकोर्ट ने याचिका निरस्त की**

# इडी ने राजीव कुमार को फिर लिया रिमांड पर, 4 दिनों तक होगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीआइएल मैनेज करने के आरोप में कोलकाता में गिरफ्तार किये गये झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार की रिमांड अवधि चार दिनों के लिए और बढ़ायी गयी है। शुक्रवार को रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में पेशी के बाद कोर्ट ने उनकी रिमांड की अवधि चार दिनों के लिए बढ़ा दी है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान इडी की ओर से छह दिनों की रिमांड मांगी गयी थी, लेकिन कोर्ट ने सिर्फ चार दिनों की रिमांड की ही मंजूरी दी है।



### 50 लाख रुपये के साथ कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था

उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता राजीव कुमार को बीते 31 जुलाई को कोलकाता पुलिस ने 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया था। इसी मामले को लेकर रांची के पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट में बीते 18 अगस्त को पेशी हुई थी।

## हाइकोर्ट ने रिम्स की लचर व्यवस्था पर प्रशासन को फटकारा, पूछा

# रिम्स के डॉक्टरों को किस कारण से दी गयी है प्राइवेट प्रैक्टिस की इजाजत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने शुक्रवार को रिम्स की लचर व्यवस्था को लेकर स्वतः संज्ञान मामले में शुक्रवार को सुनवाई के दौरान रिम्स प्रशासन को फटकार लगाते हुए कड़ी टिप्पणी की है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि रिम्स प्रशासन में खुद बदलने की इच्छाशक्ति नहीं है। कोर्ट के कई आदेश के बाद भी रिम्स में मौजूद अव्यवस्था में अब तक कोई सुधार नहीं आया है।

रिम्स में आवश्यक सामग्री जैसे सीरिंज, कॉटन, ग्लव्स, एक्स रे प्लेट, सिटी मशीन की फिल्म आदि की खरीद रिम्स प्रबंधन द्वारा नहीं किये जाने पर कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रिम्स की पूरी व्यवस्था ध्वस्त प्रतीत होती है। कई जांच मशीनें महज एक-दो दिन ही चल पा रही हैं और इसके बाद फिर खराब हो जाती हैं। रिम्स में पैथोलॉजी जांच की कीमत काफी कम होती है, जबकि निजी लैबों में इसके लिए चार से पांच गुनी अधिक राशि की वसूली की जाती है। जांच मशीनों के खराब रहने से राज्य की जनता को इलाज के दौरान काफी अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ रहा है और रिम्स प्रशासन इसे लेकर कतई गंभीर नहीं है।

**डॉक्टर नन प्रैक्टिस एलाउंस भी लेते हैं और प्राइवेट प्रैक्टिस भी करते हैं**





हाइकोर्ट ने कहा कि रिम्स में चाहे नियुक्ति की बात हो या एक्सरे मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन, सीटी स्कैन मशीन आदि को दुरुस्त रखने की बात हो। इसे लेकर कोई सार्थक प्रयास नहीं किया जाता है। रिम्स में अधिकांश जांच मशीनें खराब रहती हैं। ऐसे में रिम्स की अव्यवस्था पर हाइकोर्ट अपनी आंखें बंद नहीं रख सकता है। रिम्स के चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस भी करते हैं और नॉन प्रैक्टिस अलाउंस भी लेते हैं। कोर्ट ने रिम्स के अधिवक्ता से पूछा कि किस कारण से रिम्स के डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस करने की इजाजत दी गयी है।

कोर्ट ने रिम्स में आउटसोर्सिंग से लोगों की नियुक्ति बर्दाश्त नहीं किये जाने की भी बात कही। नियमित नियुक्ति रिम्स में सुनिश्चित किये जाने पर भी हाइकोर्ट ने जोर दिया। स्वीपर के पद पर सीधी नियुक्ति की जाये। कोर्ट ने इस बात पर नाराजगी जतायी कि सुनवाई में रिम्स डायरेक्टर क्यों नहीं उपस्थित हुए। कोर्ट ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि जब रिम्स डायरेक्टर के खिलाफ अवमानना से संबंधित मामला चल रहा है तो खुद ही उन्हें आना चाहिए था। उनकी जगह रिम्स के प्रभारी निदेशक क्यों आये, प्रभारी निदेशक को किसी बात की जानकारी नहीं है, ऐसे में उनको क्यों भेजा गया। हाइकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 3 सितंबर निर्धारित की है।

# हाइकोर्ट ने सीबीआइ से मांगी एमपी-एमएलए के विरुद्ध दर्ज केस की डिटेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने सीबीआइ से जानकारी मांगी है कि राज्य के कितने एमपी और एमएलए के खिलाफ मामले चल रहे हैं। इसके साथ ही अदालत ने यह भी पूछा है कि राजनेताओं के विरुद्ध दर्ज मामलों की स्थिति क्या है। अदालत ने इस बिंदु पर सीबीआइ से एक सप्ताह में जवाब मांगा है। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रवि रंजन और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने इस मामले में सुनवाई की।



### एक सप्ताह के बाद होगी सुनवाई

झारखंड हाइकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और सीबीआइ की ओर से एएसजीआइ प्रशांत पल्लव ने पक्ष रखा है। अब इस मामले की सुनवाई एक सप्ताह बाद होगी। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से मौजूद अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार ने अदालत को यह जानकारी दी कि झारखंड पुलिस के पास रजनेताओं के विरुद्ध दर्ज मामलों की जो भी जानकारी है, वह अदालत को दे दी गयी है।

# धुर्वा डैम में डीएवी स्कूल का छात्र डूबा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धुर्वा डैम में नहाने के दौरान हादसा हुआ है। यहां डीएवी स्कूल, हेहल का एक छात्र डूब गया। छात्र की पहचान सानू कुमार के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पंडरा का रहनेवाला है। वह दसवीं कक्षा का छात्र था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर नगड़ी थाना की पुलिस पहुंची।

### अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था

जानकारी के मुताबिक सानू कुमार शुक्रवार को अपने कई दोस्तों के साथ धुर्वा डैम नहाने गया था। इसी दौरान सानू कुमार गहरे पानी में चला गया और वह बाहर नहीं निकल पाया। इसके बाद मौके पर मौजूद अन्य छात्रों ने वहां के स्थानीय लोगों को इसकी सूचना दी। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नगड़ी थाना पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और छात्र के शव को बाहर निकाला।

## चोरदाहा मे खनन विभाग की छापेमारी

# आठ अवैध कोयला लदे ट्रक को किया गया जब्त




### जब्त वाहनों का विवरण

1) जेएच 02 एएन 4750 :– 25.090 कोयला
2) जेएच 10 बीपी 5136 :–29.8 कोयला
3) यूपी 27 एटी 1793 :– 29.2 कोयला
4) बीई 29 जीए 4808 :– 25.01 कोयला
5) जेएच 10 बीके 7203 :– 31.24 कोयला
6) जेएच 02 यू 9671 :– 24.75 कोयला
7) जेएच 02 एसी 6894 :– 24.99 कोयला
8) जेएच 10 एबी 6485 :– 25 टन कोयला

**जब्त कोयले का मुल्य लगभग 13 लाख रुपए है।**

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त नैंसी सहाय एवं जिला खनन पदाधिकारी के निर्देश पर खान निरीक्षक सुनिल कुमार द्वारा जिला पुलिस बल के साथ चौपारण थानांतर्गत चोरदाहा चेकपोस्ट मे कोयला लदे वाहनो की औचक जांच गत रात्रि में किया गया। औचक निरीक्षण के क्रम में आठ अवैध कोयला लदे ट्रकों को जब्त किया गया। इन वाहनों में 7 ट्रकों पर लदा कोयला पूर्णतः अवैध होने के कारण चौपारण थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी। इस क्रम मे खान निरीक्षक सुनिल कुमार द्वारा सात अवैध कोयला कारोबारी, चालक को गिरफ़्तार कर चौपारण पुलिस को सौंप दिया गया। वहीं एक ट्रक के कागजातों की जांच कार्यालय स्तर से की जा रही है। खान निरीक्षक ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इनमें से कुछ कोयला कारोबारी द्वारा राज्य सरकार के स्वामित्व की कंपनी जेएसएमडीसी एवं कोयला मंत्रालय द्वारा लघु एवं सुक्ष्म उधोग के नाम पर सस्ते दर पर कोयला लेकर अपने प्लॉटों मे उपयोग करने के स्थान पर ऊंचे दरों मे कालाबाजारी करते हुए बिहार एवं उत्तर प्रदेश की मंडियों में भेजा जा रहा था। ऐसी सभी कंपनियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने तथा कोल लिंकेज को रद्द करने हेतु जेएसएमडीसी को भी पत्राचार की कारवाई की जाएगी। उन्होंने बताया की अवैध कोयला कारोबारियों द्वारा जीएसटी के माध्यम से खनन राजस्व की क्षति पहुंचाते हुए अवैध कोयला कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। जिस पर गहन जांच हेतू संबंधित विभाग से भी पत्राचार किया जायेगा। गिरफ़्तार किये गये लोगों में प्रवीण कुमार, बेरमो, बोकारो आशिष यादव विष्णुगढ, हजारीबाग, शाहिद अहमद पिलीभीत, उत्तर प्रदेश, रमेश सिंह- सिवान, बिहार, नशीम खान, झरिया, हरेराम सिंह नालन्दा, बिहार और पप्पू यादव कोडरमा शामिल हैं।

## मुखिया ने फुटबॉल टूर्नामेंट का किक मार कर किया उद्घाटन

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला पंचायत के ग्राम हुदूवा में मुखिया अनिकेत कुमार नायक द्वारा फुटबॉल को किक मारकर शुभारंभ किया गया।जिसमें हुदूवा एवं इतिज के बीच खेल काफी ही रोमांचक एवं संघर्षशील रहा। मुखिया ने कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होती है इसके अलावा अच्छे खिलाड़ी बनने पर खिलाड़ी के नाम के साथ-साथ उस राज्य का भी नाम रोशन होता है। झारखंड सरकार खिलाड़ियों एवं खेल को आगे बढ़ाने के लिए हर तरह का हर संभव प्रयास कर रही है। मैं आशा एवं विश्वास करता हूं की झारखंड राज्य का नाम रोशन करें। आगे उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रतिभा एक साथ आकर्षक रंग-बिरंगे नमो जर्सी से मैदान में उतरेंगे ग्रामीण खिलाड़ी के प्रतिभा के विशाल समागम को देखने यहां दर्शकों का सलाम उमड़ा ।मौके पर मुख्य रूप से वार्ड सदस्य विनोद कुमार, कामिल तिर्की,छोटू तिर्की, महेश महतो, आनंद, महावीर तिर्की, रंजीत कुमार खेत लाल महतो के अलावा सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित थे ।

## हजारीबाग धर्म प्रसार के द्वारा विश्व हिंदू परिषद का 58वां स्थापना दिवस मनाया गया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग बड़ा अखाड़ा के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद का 58 वां स्थापना दिवस, हजारीबाग धर्म प्रसार जिला कमेटी की ओर से धूमधाम से मनाया गया, पूजा अर्चना की गई कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलित बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास, डॉ वीके सिंह, सुदेश चंद्रवंशी, दीपक शंकर, पंकज सिन्हा के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। स्थापना दिवस के अवसर पर धर्म प्रसार के प्रांतीय संरक्षक डॉ वी के सिंह, द्वारा विश्व हिंदू परिषद के स्थापना के बारे लोगों को बताया गया, धर्म प्रसार के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी के द्वारा धर्म प्रसार के कामों को लोगों के बीच रखा गया, विभाग प्रचारक आशुतोष के द्वारा धर्म प्रसार का उद्देश लोगों के बीच रखा गया । भंडारा एवं भक्ति जागरण का आयोजन किया गया था, भक्ति जागरण में लोग झूमते नजर आए मंच संचालन धर्म प्रसार के मीडिया प्रभारी हजारीबाग के जाने-माने उद्घोषक प्रदीप पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्म प्रसार के जिला अध्यक्ष दीपक शंकर कार्यकारिणी अध्यक्ष पंकज सिन्हा जिला उपाध्यक्ष अशोक साव का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर धर्म प्रसार के मुकेश मालाकार, बबलू कसेरा, नितेश कुमार, अनिल कुमार, संतोष कुमार, उमेश कुमार साहू, किशोर कुमार, कर्प्यू रजत एवं बहुत सारे धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

## कांग्रेस कमिटी की बैठक

**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष अब्बास अंसारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जिसमें अहम फैसले लिए गए कि देश में बेतहासा मूल्य वृद्दि पेट्रोल डीजल गैस सिलेंडर खाद्य सामग्रीयों एवं ज्वलंत मुद्दो के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय बिष्णुगढ़ मे दिनांक 31 अगस्त 2022 दिन बुधवार समय 10 बजे से धरना प्रदर्शन किया जायगा। जिसमें सभी कॉग्रसी जन उपस्थित रहेंगे। साथ ही साथ सभी आमजनों सहयोगी दलों से भी अनुरोध होगा कि ईन सभी जनसमस्यों के खिलाफ एक जुट होकर स समय धरना प्रदर्शन में शामिल होकर अपने अपने विचारो को रखने का काम करें। बैठक में उपस्थित मुख्य रूप से शामिल जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द मिश्र, जिला उपाध्यक्ष बिशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, रामजनम राय, जगदीश वर्मण, सुनैना दूबे, महिला प्रखण्ड अध्यक्ष पूनम कुमारी, गणपती स्वर्णकार, कमल राम, हफीज अंसारी, एवं जाकीर हुसैन मौजुद थे।

## वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत कटकमदाग में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत 26 अगस्त को कटकमदाग प्रखण्ड के पसई पंचायत भवन मे स्वयं सहायता समूह के सदस्यो एवं ग्रामीणो के बीच प्रशिक्षण-सह-जानकारी शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, रांची के सहायक महाप्रबंधक अरविंद एक्का मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। इस अवसर पर श्री एक्का ने शिविर में मौजूद ग्रामीणो को विभिन्न वित्तीय घटको की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने ग्रामीणो को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की विभिन्न योजनाओ, बैंकिंग लोकपाल आदि पर विशेष चर्चा करते हुए विष्यांगत बारिकीयों से लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबन्धक सुधाकर पाण्डेय ने भारत सरकार की विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओ यथा पीएमईजीपी, मुद्रा, पीएम-स्वनिधि एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओ से प्रतिभागियो को अवगत कराया। साथ ही एफएलसी नागेश्वर राणा ने विस्तृत रूप से विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओ की जानकारी साझा किया। वहीं जेएसएलपीएस की एफआई अधिकारी श्रुति प्रिया ने मौजूद महिलाओ को सरकारी योजनाओ का लाभ बैंको से लेने हेतु प्रेरित किया। वहीं जेएसएलपीएस के बीपीएम राज कुमार ने सभी महिलाओ को इन योजनाओं से जुडने हेतु कैंप मोड मे काम करने की बात कही।

## सीसीटीवी में कैद आरोपी के घर से चोरी के कई सामान बरामद

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया पुलिस को मनोज पोल्ट्री फॉर्म में चोरी का असफल प्रयास करते सीसीटीवी में कैद युवक की पहचान के बाद पुलिस ने गत 3 अगस्त को हुई एक अन्य चोरी का उद्भेदन करने में सफलता हाथ लगी है। घटना तिलैया थाना क्षेत्र की है। युवक की पहचान बबलू दास, पिता झमन दास अंबेडकरनगर तिलैया बस्ती के रूप में की गई। जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के तिलैया बस्ती स्थित मनोज पोल्ट्री फॉर्म में बीती रात लगभग 2 बजे एक चोर द्वारा चोरी की नियत से अंदर घुसे और एक एक सामान चोरी कर बाहर इकट्ठा किया। चोरी के क्रम में चोर द्वारा पोल्ट्री फॉर्म के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे को जैसे ही खोला गया की संचालक को इसकी भनक लग गई। आनन-फानन में संचालक तत्काल अपने घर से पोल्ट्री फॉर्म पहुंचे। संचालक के आने की भनक लगते ही चोर ने चोरी के सारे सामान मौके पर छोड़कर फरार हो गए। लेकिन चोरी की सारी वारदात कैमरे में कैद हो चुकी थी जिसके आधार पर युवक की पहचान कर संचालक अभिषेक ने इसकी सूचना तिलैया पुलिस को दी। इधर लगातार थाना क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटना से परेशान पुलिस को सुराग हाथ लगते हैं पुलिस ने अहले सुबह ही चोर के घर दबिश दी। जहां पुलिस को गत 3 अगस्त को तिलैया बस्ती के ही चांदनी कुमारी के घर से हुए चोरी का कई कीमती सामान हाथ लगी। इसमें पुलिस को चांदनी कुमारी के घर से चोरी गई एलईडी, इनवर्टर व आयरन बरामद करने मैं सफलता तो हाथ लगी लेकिन आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े। फिलहाल पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है।

## भाकपा जिला परिषद की बैठक आज

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक 27 अगस्त 2022 को साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में दोपहर 12 बजे से रखी गई है जिसमें जिला सम्मेलन की तैयारी और आगे आंदोलन पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं जिप सदस्य महादेव राम, सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री धनंजय यादव, महिला नेत्री सोनिया देवी आदि लोग मौजूद रहेंगे।

## रांची में सीपीआइएम की रैली 20 को : असीम



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को सीपीआई (एम) जिला कमिटी कोडरमा की बैठक रमेश प्रजापति के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिला सचिव असीम सरकार ने बैठक में देश एंव राज्य की राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा की। मोदी सरकार एक तरफ देश में साम्प्रदायिक फाँसीवाद के रास्ते चलते हुए कारपोरेट साम्प्रदायिक गठजोड़ से कारपोरेट पूँजी को बढ़ाने में लगी हुई हैं और आम जनता पर आर्थिक बोझ लाद दिया गया। फलतः मँहगाई चरम सीमा पर पहुँच गई। नई बहाली पर रोक से सरकारी कार्यालयों में दस लाख पद रिक्त पडे.हुए हैं। उपर से सार्वजनिक संस्थानों को कौड़ी के भाव अपने दो कारपोरेट दोस्त के हाथ सौप रही हैं। बैठक में जिला के हरा कार्डधारी लाभुकों का गेहूँ मार्च से नहीं मिलने की शिकायत पर चिन्ता व्यक्त करते हुए जाँच की मांग की गयी। सफलता पूर्वक राज्य कमिटी की बैठक और सेमिनार सम्पन्न करने के लिए जिला की जनता और पार्टी सदस्यों को धन्यवाद दिया गया। आगामी 20 सितम्बर को हजारों की संख्या में रांची रैली में भाग लेने का फैसला लिया गया। इसे सफल करने के लिए कमिटि भी गठित की गयी।

## महिला से छिनतई मामले में 3 गिरफ्तार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिलैया थाना क्षेत्र के रेलवे कॉलोनी से गत 23 अगस्त को एक महिला और उसके दामाद के साथ कुछ लोगों द्वारा की गई छिनतई और मारपीट की घटना का तिलैया पुलिस ने उद्भेदन करते हुए इसमें शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है ।प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि 23 अगस्त की शाम करीब साढ़े 4 बजे चार अपराधियों द्वारा एक महिला और उसके दामाद के साथ मारपीट और छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया था ।जिसके बाद तिलैया बस्ती निवासी गीता देवी पिता स्वर्गीय अजय पासवान के द्वारा तिलैया पुलिस से इसकी लिखित शिकायत की गई थी ।इस मामले के उद्भेदन को लेकर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक सह तिलैया थाना प्रभारी अजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम के द्वारा अनुसंधान एवं छापेमारी के दौरान भादोडीह निवासी दानिश खान उर्फ रावण उम्र 22 वर्ष पिता मोहम्मद हलीम खान , मोहम्मद साहिल उम्र 20 वर्ष पिता राजू एवं आर्यन खान उर्फ मोहम्मद करीब उम्र 20 वर्ष पिता स्व असराउल को गिरफ्तार किया गया ।पुलिस के द्वारा अभियुक्तों के पास से लूटा गया एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। वहीं पुलिस ने घटना के दौरान अभियुक्तों के द्वारा इस्तेमाल किया गया 2 मोबाइल फोन को जब्त किया है ।वही तिलैया पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में दानिश खान एवं आर्यन खान का आपराधिक इतिहास रहा है पहले भी कई मामलों में अभियुक्त जेल जा चुके हैं।


# आइसेक्ट विश्वविद्यालय के छात्र अमन वर्मा ने जीता बेस्ट मॉडल ऑफ द ईयर 2022 का खिताब

- **अमन के बेस्ट मॉडल ऑफ द ईयर का खिताब अपने नाम करने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल**
- **विश्वविद्यालय की ओर से सर्वांगीण विकास को लेकर उठाए गए कदम, बन रही है सफलता की वजह : डॉ मुनीष गोविंद**




**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** मॉडलिंग के शौकीन और बचपन से ही बहुमुखी प्रतिभा के धनी व आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग में बीसीए में अध्ययनरत छात्र अमन वर्मा ने बेस्ट मॉडल ऑफ द ईयर 2022 का खिताब जीतकर विश्वविद्यालय व हजारीबाग जिले का नाम रोशन किया है। दिल्ली के रोहणी स्थित सेविन सीन होटल में एली क्लब की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में बेहतर और ओवर ऑल परफॉर्मेंस के आधार पर एली क्लब मिस एंड मिस्टर टीन बेस्ट मॉडल ऑफ द ईयर 2022 के खिताब से अमन को नवाजा गया। हजारीबाग नूरा वार्ड नंबर 3 निवासी दीपक वर्मा के पुत्र अमन वर्मा ने अपने कड़ी मेहनत और सच्ची लगन के बलबूते यह मुकाम हासिल किया है। मॉडलिंग के क्षेत्र में अपना भविष्य देखने वाले अमन ने बताया कि पढ़ाई के साथ साथ मैं मॉडलिंग के भी गुर सीख रहा हूं। इस जीत का श्रेय पूछे जाने पर अमन ने कहा कि हमारी इस जीत का श्रेय माता-पिता, भाई, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, उदय रंजन, रविकांत कुमार व चंदा मैम के साथ साथ हजारीबाग के युवा और बेहतरीन कोरियाग्राफर हैदर अली व हैदर प्रोडक्शन के पुरी टीम के अलावा तमाम चाहने वालों को जाता है। उन्होंने कहा कि पहले ही प्रयास में बेस्ट मॉडल ऑफ द ईयर का खिताब मिलने से काफी संतुष्ट हूं। वहीं आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने अमन के इस कामयाबी पर खुशी जाहिर की और कहा कि विश्वविद्यालय अपने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सेमिनार, वेबीनार, खेलकूद समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन कराती रहती है, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी होती है। इसी का परिणाम है कि विभिन्न क्षेत्रों में विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। कुलपति डॉ पीके नायक ने अमन के इस कामयाबी को अहम बताते हुए कहा कि जुनून और उचित मार्गदर्शन के बाद सही दिशा में रूचि वाले क्षेत्र में बढ़ाए गए कदम सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करने में अहम भूमिका निभाती है और मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में अमन देश-दुनिया में विश्वविद्यालय के साथ साथ हजारीबाग और झारखंड राज्य का नाम और रोशन करेगा। कोरियोग्राफर हैदर अली ने भी अमन की तारीफ की और कहा कि अमन की सबसे बड़ी खासियत है कि जो बारीकियां इन्हें बताई जाती है, उसे तुरंत अमल में लाना शुरू कर देते हैं, जो अमन के सफलता की बड़ी वजह है। बताते चलें कि कला-सौंदर्य और सेवा के क्षेत्र में एली क्लब भारत की प्रतिष्ठित संस्थान है, जो टीनएजर्स को मॉडलिंग और फैशन की दुनिया में प्लेटफॉर्म प्रदान करती है। यहां चयनित बच्चे और बच्चियां विदेश में होने वाली प्रतियोगिताओं में भी भाग लेते हैं। नई दिल्ली स्थित एली क्लब कला के क्षेत्र में प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता रहा है। अमन के इस कामयाबी पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एकेडमिक डॉ बिनोद कुमार, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ समेत विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## बाबू पोखर शिव मंदिर में नंदी की मूर्ति से छेड़छाड़



**इचाक(आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के धरमु स्थित बाबू पोखर स्थित शिव मंदिर में शरारती तत्वों द्वारा नंदी की प्रतिमा के साथ छेड़ छाड़ किया गया है। घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। इस संबंध में कुटुंसुकारी निवासी विपुल कुमार पिता सुधीर कुमार ने इचाक थाना में लिखित आवेदन दिया है। जिसमे लिखा है कि मन्दिर का देख रेख हमारे परिवार द्वारा किया जाता है। शुक्रवार सुबह 11 बजे मन्दिर के पुजारी सुखदेव पांडेय ने घटना की जानकारी दी। इस घटना से जन मानस आहत है। उन्होंने घटना में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि इस तरह की घटना बहुत ही निंदनीय है। घटना किसी शरारती तत्व द्वारा किया गया है। इचाक पुलिस ऐसे शरारती तत्व को छोड़ेगी नही।

## विश्व हिंदू परिषद ने मनाया स्थापना दिवस



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** दिव्य कल्याण आश्रम में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल बरकट्ठा प्रखंड इकाई बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव एवं संचालन प्रखंड पालक गुरुदेव गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह उपस्थित थे। बैठक में संगठन विस्तार पर विशेष चर्चा किया गया। मौके पर विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता,जिला संयोजक प्रशांत सिंह,प्रखंड मंत्री सत्यम भारती, प्रखंड संयोजक दीपक राणा,प्रखंड उपाध्यक्ष बिनोद प्रसाद,धर्म प्रचार प्रमुख धीरज गुप्ता,गौ रक्षा प्रमुख विक्की चंद्रवंशी, रामचंद्र चौधरी, जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी, शिलाडीह पंचयात अध्यक्ष मुकेश पांडेय, उपाध्यक्ष जुमन मंडल, कोनहारा खुर्द पंचयात मंत्री मनोज सिंह, झुरझुरी पंचयात मंत्री अमित सोनी, रीतलाल प्रसाद,सुमन गुप्ता,राज गुप्ता, सूरजदेव प्रजापति, राजेश साव डोंडहारा, दिलीप कुमार मासीपिरि, जागेश्वर मंडल गैपहाडी, कृष्ण पांडेय, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रकाश चौधरी, विक्की गुप्ता,प्रदीप पाण्डेय, इत्यादि सनातनी सशरीर उपस्थित हुए।

## दुर्गा पूजा को लेकर 28 अगस्त को बैठक

**बडकागांव (आजाद सिपाही)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार के द्वारा 28 अगस्त दिन रविवार को संध्या 6:00 बजे दुर्गा मंदिर के प्रांगण में बैठक रखी गई है। जिसमें सभी महाअनुभाव श्रद्धालुओं को उपस्थिति होने की अपिल किया। ताकि बैठक में आकर दुर्गा पूजा को बेहतर से बेहतर पंडालों, साउंड, मूर्ति डेकोरेशन, डांस कंपटीशन, नाटक, सहित अन्य कार्यक्रमों और पूजा मे विधि व्यवस्था को लेकर सभी अपने अपने विचार देकर इसका समापन करेंगे।

# पंचायत चुनाव से निर्वाचित महिला मुखिया का परिजन या पति के सहयोग पर बैन



**चरही (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश में पंचायत चुनाव से नवनिर्वाचित महिला मुखिया का पति या कोई परिजन पंचायत भवन या कोई बैठक में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। झारखंड सरकार का ग्रामिन विकास मंत्री आलमगीर आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि झारखंड प्रदेश की कोई भी पंचायत में महिला मुखिया नवनिर्वाचित होकर अपना कार्यभार सम्भालने के बाद पंचायत भवन या कोई बैठक में मुखिया का पती या कोई परिजन प्रतिनिधितव नहीं कर सकते हैं अगर इस प्रकार का कोई पंचायत से सबूत के साथ शिकायत आता है तो जांच पड़ताल में सही पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करते हुए मुखिया का सदस्यता रद्द किया जा सकता है।

**चुरचू प्रखंड विकास पदाधिकारी ने क्या कहा**


आजाद सिपाही संवाददाता ने चुरचू प्रखंड विकास पदाधिकारी इन्दर कुमार से बैट लेकर पुछा तो उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री ने जो विज्ञप्ति जारी क्या वो सत्य है मेरा चुरचू प्रखंड में सिर्फ 8 पंचायत है जिसमें छह पंचायत में महिला मुखिया हैं और किसी भी तरह का पती या परिजनों ने सहयोग करने का मामला सामने नहीं आया है अगर इस तरह का मामला आने पर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सुचित किया जाएगा।

## आर्य कर्ण फाउंडेशन के तत्वावधान में पतंजलि जागरूकता की बैठक




**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** आर्य कर्ण फाउंडेशन के महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में पतंजलि योग जागरूकता को लेकर बैठक हुई । इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष सरोज सोनी ने किया ।बैठक में महिला पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी सुधा झा, जिला प्रभारी अनीता देवी ,योग शिक्षिका भारती कुमारी के नेतृत्व में महिलाओं को योगा कराया गया ।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीएमडी रंजीत कुमार एवं देवदीप महतो ने कार्यक्रम को शुरू किया। मौके पर फाउंडेशन के सचिव विनोद सिन्हा, चोहान साव,उपाध्यक्ष पवन कुमार ,उपसचिव अशोक महतो, लालचंद कुमार, बाल कृष्ण कुमार, एचआर प्रियांशी श्रीवास्तव, कविता देवी, निधि राणा, रितेश भोक्ता, अर्जुन प्रजापति, नेहा कुमारी, उमा कुमारी, खुशबू कुमारी, चिंता देवी गीता कुमारी पूनम कुमारी सुषमा कुमारी रीता कुमारी, आर्य कर्ण फाउंडेशन सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षक प्रतिमा देवी, सरिता देवी लक्ष्मण महतो, भोलानाथ महतो, अर्चना सिंह अनिता कुमारी समेत अन्य शामिल थे। बैठक में 200 से अधिक महिलाओं ने योग विद्या प्रशिक्षण लिया।

# ई-टिकट का अवैध कारोबार करने के मामले में एक गिरफ्तार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आरपीएफ ने ई टिकट का अवैध कारोबार करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बता चले कि गुरुवार देर शाम तिलैया थाना क्षेत्र के गैस गोदाम गली में सूचनोपरांत एक घर में ई टिकट का अवैध कारोबार चल रहा था जिसे लेकर आरपीएफ की टीम ने छापामारी की ।छापामारी के दौरान जांच करने के बाद 14 रेलवे ई टिकट मौके पर पाया गया जिसकी अनुमानित कीमत 29156 बताया जा रहा है ।वही कोडरमा निरीक्षक प्रभारी जवहार लाल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गैस गोदाम गली में सूचना प्राप्त हुआ था कि आराध्या टूर एंड ट्रैवल नामक दुकान के द्वारा रेलवे के टिकट का अवैध कारोबार किया जाता है साथ ही यह बताया गया था कि उपरोक्त दुकान अंजन कुमार उम्र 37 वर्ष पिता ठाकुर प्रसाद वर्मा गैस गोदाम गली वार्ड नंबर 24 थाना तिलैया का है। उन्होंने बताया कि अंजन कुमार के लैपटॉप की जांच की गई तो उसमें 6 निजी यूजर आईडी मिला साथ ही उस यूजर आईडी से 14 रेलवे का ई टिकट बनाया गया था। उन्होंने बताया कि अंजन कुमार से पूछताछ किया तो उन्होंने स्वीकार किया ।उन्होंने बताया कि इस यूजर आईडी का उपयोग कर जरूरतमंद यात्री के लिए टिकट काटे गए हैं जिसके बदले में प्रति टिकट 300 से 400 रुपया अधिक लेते हैं। जिसके बाद आरपीएफ ने अंजन कुमार को उसके लैपटॉप के साथ गिरफ्तार कर लिया ।वही कांड संख्या 3301/22 25 अगस्त को धारा 144 रेलवे एक्ट के विरोध गिरफ्तार अभियुक्त अंजन कुमार पर मामला दर्ज किया गया ।वही इसकी जांच कार्य करने के लिए उप निरीक्षक अंकुर कुमार को सौपा गया है।

## सभागार भवन में प्रखंड पंचायत समिति की बैठक की गयी



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड सभागार भवन में प्रखंड पंचायत समिति की बैठक प्रमुख फुलवा देवी की अध्यक्षता में की गई। इसकी संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे द्वारा किया गया। बैठक में सभी पंचायत समिति सदस्यों के साथ परिचय सत्र किया गया। तत्पश्चात 4 सूत्री प्रस्ताव पारित की गई। प्रस्ताव पारित में प्रथम पंचायत चुनाव के दौरान 13वें वित्त से खरीदा गया पानी टैंकर की खोजबीन के साथ रखरखाव करते हुए उपयोगिता में लानने, बड़कागांव- उरीमारी पद में हाईवा वाहन का संचालन का अनुमति नहीं होने के बावजूद चलने वाले हाइवा वाहन पर प्रतिबंध, प्रखंड में स्थापित सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित चिकित्सकों का उपस्थिति सहित अन्य प्रस्ताव शामिल है ।बैठक में उप प्रमुख वचनदेव कुमार, पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम,रंजीत चौबे, रितेश ठाकुर, उपेंद्र प्रसाद, गणेश साव, निर्मल राम, मोहन कुमार, किशोर कुमार बेदिया, प्रभु राम, शबनम प्रवीण, मेघा कुमार, सुनीता देवी, मालती कुमारी, बबली देवी, उर्मिला कुमारी, गीता देवी, संगीता कुमारी, रमणिका कुमारी, सुमन कुमारी उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 27 अगस्त, 2022
www.azadsipahi.com



# आर्मी टैंक लदा दो ट्रक चुटूपालू घाटी में दुर्घटनाग्रस्त, 4 घायल





रामगढ़(आजाद सिपाही)। रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत चुटूपालू घाटी में शुक्रवार की शाम आर्मी के टैंक लदे हुए दो ट्रक अलग-अलग स्थानों पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में आर्मी के कई जवान और अन्य वाहन में सवार लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार रांची के नामकुम से आर्मी का काफिला सिलीगुड़ी के लिए रवाना हुआ था। इसी बीच चुटूपालू घाटी में ही दो ट्रकों का अचानक ब्रेक फेल हो गया। पहला ट्रक 3 किलोमीटर दूर पटेल चौक पर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। दूसरा टैंक लगा ट्रक घाटी के बीचो बीच पलटा। यहां पर टैंक लदा ट्रक ने रांची से धनबाद जा रहा टाटा नेक्सन संख्या जेएच 10बीएम 5296, वही रांची से आगरा जा रहा एयरफोर्स का सामान लेकर टाटा कंपनी की माल वाहक मिनी ट्रक संख्या आरजे 15 जीए 8206 और एक कंटेनर संख्या यूके 06सीबी 8251 को जोरदार टक्कर मार मार दी। घटना में नेक्सन कार व मिनी ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में मिनी ट्रक के चालक हेम सिंह बाल-बाल बच गया। जबकि एक अन्य सवार धनपाल सिंह घायल हो गया। टाटा नेक्सन में भी 3 लोग सवार थे जो घायल हुए हैं। वे लोग रांची से धनबाद जा रहे थे। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### घटना की सूचना पाकर पहुंची रामगढ़ पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह सदलबल के साथ चुटूपालू घाटी पहुंचे और राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया। घटना के बाद से रांची से रामगढ़ वाली मार्ग समाचार लिखे जाने तक बाधित था।

## दुर्गा सोरेन सेना के जिला सचिव की पहल पर चापानल दुरूस्त



भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। बासल क्षेत्र के बलकुदरा पंचायत में कई चापानल खराब रहने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना कर पड़ रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा दुर्गा सोरेन सेना के रामगढ़ जिला सचिव नंदकिशोर मुंडा को दी गई। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए नंदकिशोर मुंडा ने इसकी सूचना पीएचडी विभाग को देकर पंचायत के रवि मुंडा, रमेश मुंडा और अनुज मुंडा के घर के समीप खराब पड़े चापानलों को बलकुदरा पंचायत समिति सदस्य राजू मुंडा व खुद के देख-रेख में शुक्रवार को दुरूस्त कराने का काम किया। चापानल दुरूस्त करने वालो में पीएचडी विभाग के बैजनाथ बेदिया, रवि बेदिया, चंदरू उरांव आदि मिस्त्री शामिल थें।

## प्राचीन दुर्गा मंदिर समिति के संरक्षक डब्लू प्रसाद व अध्यक्ष बने रविंद्र चौधरी



चितरपुर(आजाद सिपाही)। चितरपुर मायल बाजार स्तिथ दुर्गा मंडप परिसर में शुक्रवार को प्राचीन दुर्गा मंदिर समिति द्वारा हुई बैठक में पुराने कमेटी को भंग कर नए कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से डब्लू प्रसाद को कमेटी का संरक्षक चुना गया। वही रविन्द्र चौधरी को अध्यक्ष चुना गया। जबकि उपाध्यक्ष तापस कुमार को बनाया गया। इसी प्रकार सचिव मुनिलाल साव, उप सचिव दीपक साव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार चौधरी, उप कोषाध्यक्ष कपिल शर्मा, गोपी पोद्दार को चुना गया। वही कार्यकारिणी सदस्य में दिलीप कुमार साव, जयंत पोद्दार, धर्मेंद्र साव, समीर चंद्र पोद्दार, रवि ठाकुर, शंकर साव, राजकुमार साव, भानु साव चुने गए। इस दौरान बैठक में पूर्व की भांति दुर्गा पूजा भव्य एवं आकर्षक पूजा मनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। मौके पर प्रकाश साव, कार्तिक चौधरी, चुनभुन चौधरी, अभिषेक पटवा, दीपक ठाकुर, सुरज भगत, अनिल पटवा, लक्ष्मण ठाकुर, सजनु पटवा, सिद्धांत पोद्दार, राजा पोदार, सुरज कुमार सहित मौजूद थे।

## शिक्षकों की कमी को लेकर जिप सदस्य ने जिला शिक्षा अधीक्षक को सौंपा आवेदन



कुजू। रामगढ़ जिला शिक्षा अधीक्षक को प्रखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी के मामले में मांडू प्रखण्ड भाग तीन जिला परिषद सदस्य दयामंति देवी ने एक पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने लिखा कि मांडू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के सरकारी विद्यालयों में शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग की है। जिप सदस्य दयामंति देवी ने कहा है कि मांडू प्रखंड के ओरला, तोपा, बड़का चुंबा, हेसागढ़ा, कुजू पूर्वी, कुजू पश्चिमी, कुजू दक्षिणी आदि पंचायतों के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है। कई प्राइमरी विद्यालयों में सिर्फ एक से दो शिक्षक है। जबकि मध्य विद्यालय में 3 से 5 शिक्षक है। यही हाल उच्च विद्यालयों का भी है। शिक्षकों की कमी होने से बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। जिससे उनका भविष्य संकट में है। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि जिन विद्यालयों में एक शिक्षक है, उन विद्यालयों में नवंबर तक दो शिक्षक उपलब्ध करा दिया जायेगा। साथ ही उन्होंने शिक्षक बहाली के बाद जितनी कक्षा की विद्यालय होगी, उतना शिक्षक उपलब्ध कराने की बात कही।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चलाया सदस्यता अभियान



रामगढ़(आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रामगढ़ द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जिला संयोजक उमेश कुमार व जिला एस एफ डी संयोजक सुदीप कुमार कर रहे थे। जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं तथा कई शिक्षकों ने सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर प्रदेश एस एफ डी प्रमुख गौतम कुमार महतो ने कहा कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। इससे जुड़कर सभी समाजहित, छात्र हित और राष्ट्रहित में काम करें। यह संगठन विश्व में एकमात्र ऐसा संगठन है जो जिले के विभिन्न कॉलेजों परिसर तथा शैक्षिक संस्थानों की शैक्षणिक समस्याओं को उठा कर उसे समाधान तक ले जाने की काम करती है। अभाविप 1949 से लगातार व्यक्ति निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र पुनर्निर्माण का काम भी करती रही है। वहीं जिला संयोजक उमेश कुमार ने कहा कि यह संगठन छात्रों की आवाज बुलंद करने का ताकत प्रदान करती है। अभाविप सदैव छात्र हित और समाज हित में काम करती है। इससे जुड़कर छात्र अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अभाविप का सदस्यता अभियान 22 अगस्त से 10 सितंबर तक होना तय हुआ है। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री विक्रम राठौर सक्रिय कार्यकर्ता राजू कुमार एवं रहीश चौधरी उपस्थित रहे। अभियान में स्टार गैलेक्सी, झारखंड कौशल विकास योजना एवं कंपटेटीव मैथमेटिक्स क्लासेस के छात्र-छात्राओं में सदस्यता ली।

## एबीवीपी नगर इकाई ने चतरा कॉलेज के नये प्राचार्य रावनेश्वर रॉय से मिलकर दी बधाई



चतरा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के द्वारा नए प्राचार्य रावनेश्वर प्रसाद रॉय को पुष्पगुक्ष देकर बधाई दी। सभी ने स्वागत एंव शिष्टाचार भेंट किया। इस मौके पर विभाग सह संयोजक रोहित पांडे, नगर मीडिया प्रभारी आशुतोष झा, अचल सोनी, मुस्कान सिंह, नैना कुमारी, खुशी कुमारी, जूही कुमारी, नंदनी कुमारी, अनामिका कुमारी, रशमीलता, अरनव श्रीवास्तव, आशीष कुमार, करण कुमार, मयंक राज, प्रियांशु पांडे, रौनक कुमार साहिल कुमार, मिलन कुमार, शशी चंदवंशी, लालू यादव, मनीष गोप, रणविजय सिंह, अभय राज पुनीत सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मजदूरों के हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ती है एजेकेएसएस : चंद्रप्रकाश चौधरी



चितरपुर (आजाद सिपाही)। रजरप्पा स्थित गिरिडीह सांसद के आवास पर शुक्रवार को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी मौजूद थे। सम्मान समारोह के दौरान आजसू नेता रोशनलाल चौधरी के एटक के राष्ट्रीय सचिव व सतीश सिन्हा के सीसीएल वेलफेयर बोर्ड के सदस्य बनने पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी द्वारा शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ हमेशा मजदूरों के हक व अधिकार की लड़ाई लड़ने का काम करती है। जिसका परिणाम है कि रोशन लाल चौधरी को एटक का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि रजरप्पा सहित पूरे झारखंड में संगठन को मजबूत किया जाए। ताकि पूरे सीसीएल क्षेत्र में एजेकेएसएस नंबर वन संगठन बने। वहीं रोशनलाल चौधरी ने कहा कि एटक ने जिस उम्मीद के साथ मुझे यह जिम्मेवारी दी है। मैं उसपर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत बुके देकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एजेकेएसएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष रविंद्र वर्मा व संचालन सचिव सुरेश राम व सह सचिव एनके दास ने किया।

### कई लोगों ने एजेकेएसएस की सदस्यता

सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान विभिन्न यनियन को छोड़कर दर्जनों लोगों ने एजेकेएसएस की सदस्यता ग्रहण किया। उन्हें मुख्य अतिथि द्वारा माल्यार्पण कर यूनियन की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमोद तिवारी, योगेंद्र प्रसाद राम, कुमेश्वर महतो, कालेश्वर महतो, प्रेम लाल ठाकुर, गौतम करमाली, रोशन कुमार, शम्मी कुमार, रमेश उरांव, बिरेंद्र कुमार मरांडी, विशुन रविदास, किशोर कुमार, दीपक कुमार महतो, राजेंद्र कुमार महतो, राजेश कुमार, गणेश मुंडा आदि शामिल थे।

## आजसू पार्टी के कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन

रामगढ़(आजाद सिपाही)। विधानसभा क्षेत्र के कोयरी टोला फुटलाही बांध मनसा मंदिर प्रांगण में आजसू पार्टी कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि आजसू पार्टी रामगढ जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी थे। मौके पर सांसद ने कहा की कार्यकर्ता ही हमारी पूँजी है। सभी संगठन को मजबूत करे।साथ ही पार्टी की नीति और सिद्धांत से आमजनो को अवगत कराए। समारोह में लेखराज महतो अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आजसू पार्टी पर आस्था दिखाते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण किये। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने सभी लोगों को फूल माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया और सभी को तन मन से पार्टी के प्रति कार्य करने के लिए कहा। मौके पर दिनेश कुशवाहा, अनुज तिवारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी करण कुमार,नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल,कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा,विभन सिंह,महिला नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह,इंद्रजीत राम,नीतीश दांगी,कपिलदेव,आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## हाथियों ने एक व्यक्ति को कुचल कर मार दिया

गोला (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मुरपा गांव निवासी एक व्यक्ति की मौत गुरुवार देर रात को जंगली हाथी के कुचलने से हो गई। बताया गया कि मुरपा गांव निवासी दिलभरण बेदिया अपने दो साथी असिद बेदिया व पेमा बेदिया के साथ रजरप्पा वाशरी प्रत्येक दिन की तरह मजदूरी करने जा रहा था। इसी बीच तीनों मजदूरों को जंगली हाथी ने मुरमुट्टा जंगल के समीप अपने चपेट में ले लिया। जिसमें दो व्यक्ति पेमा बेदिया व असिद बेदिया जान बचाकर भागने में सफल रहे। वहीं दिलभरण बेदिया उम्र 36 वर्ष को पटक- पटककर जान से मार दिया। मृतक व्यक्ति के दोनों साथियों ने इसकी सूचना वनकर्मियों को दी। सूचना पर पहुंची वनकर्मियों व गोला पुलिस ने हाथी को जंगल की ओर भगाया और शव को अपने कब्जे में लेकर घटना की जांच पड़ताल कर रही है। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पिछे पत्नी सहित दो पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग पांच वर्षों से रजरप्पा वाशरी में मजदूरी कर अपने व अपने परिवार का भरण पोषण करता था। इधर घटना की जानकारी के बाद शुक्रवार को मृतक परिवार से जिला परिषद अध्यक्ष सुधा चौधरी, प्रमुख गीता देवी, जिप सदस्य सरस्वती देवी मृतक के परिवार को वन विभाग द्वारा तत्काल 25 हजार रुपये मुवाजा दिलाने का बात किये। मोके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य गोपाल चौधरी, प्रभात कुमार, प्रवीण कुमार, महेश महतो सहित ग्रामीण शामिल हुए।

## भुरकुंडा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 27 को



भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। राज नर्सिंग होम एवं लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 27 अगस्त को मेन रोड भुरकुंडा स्थित ट्रेकर स्टैंड के समीप राज नर्सिंग होम में एक दिवसीय निःशुल्क मेगा कैंप लगाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए राज नर्सिंग होम के संचालक सह लायन राजेंद्र महतो ने बताया कि 27 की सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलने वाले इस एकदिनी मेगा स्वास्थ्य शिविर में स्त्री एवं प्रसूती रोग विशेषज्ञ डॉ. स्वप्निल बाला सभी महिलाओं को निःशुल्क ईलाज के साथ-साथ मुफ्त में परामर्श देंगी। वहीं कनसलटेंट मेडिका हॉस्पीटल रांची के यूरोलोजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. कुमार मृगांक सिंह द्वारा भी शिविर में लोगों की जांच के साथ उचित परामर्श देंगे। उन्होंने बताया कि राज नर्सिंग होम में नस एवं हड्डी जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार अभिजीत द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को ओपीडी के लिए ऑपरेशन एवं प्लास्टर के लिए ऑन कॉल 24 घंटा सुविधा दी जीती है। राजेंद्र महतो ने क्षेत्रवासियों उक्त शिविर का लाभ उठाने के लिए जल्द से जल्द निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करा लेने की अपील की है।

## चैनगड़ा में स्थानीय लोगों की हुई बैठक



भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा मनाने को ले चैनगडा में शुक्रवार को स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता झलकू बेदिया व संचालन विक्की बेदिया ने किया। बैठक में मंदिर परिसर की साफ-सफाई, कोष संग्रह सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही पूजा की सफलता को ले कमेटी का गठन किया गया। इसमें संरक्षक भुनेश्वर महतो, शिव नारायण बेदिया, तुलेश्वर उरांव, वीरसेन अग्रवाल चुने गये। वहीं अध्यक्ष राजेश्वर बेदिया, उपाध्यक्ष हरिलाल महतो, सचिव विक्की बेदिया, कोषाध्यक्ष झलकू बेदिया, संगठन मंत्री बंधन महतो सहित कार्यकारिणी सदस्यों में मिथिलेश महतो, विजय केसरी, गोपाल महतो, नरेश केसरी, अरूण महतो, शंभु बेदिया, मीडिया प्रभारी बिट्टू महतो, अजय महतो, निखिल केसरी आदि शामिल हैं। मौके पर सरयु बेदिया, ओम प्रकाश केसारी, पंकज महतो, विजय प्रसाद केसरी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बीडीओ ने जलमीनार का किया निरीक्षण

### ठेकेदार को नियमित जलापूर्ति करने का दिया निर्देश



कुजू(आजाद सिपाही)। डीडीसी रामगढ के निर्देश पर मांडू बीडीओ सुधीर प्रकाश ने कुजू शिवपुरी कॉलोनी स्थित जलमीनार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने बीडीओ को नियमित रूप से पेयजलापूर्ति नहीं होने की बात कही। इधर, प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने रामगढ़ उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौंपा है। मौके पर मौजूद कुजू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा, कुजू दक्षिणी मुखिया राकेश कुमार उर्फ रॉक व कुजू पूर्वी मुखिया ललिता देवी सहित अन्य प्रतिनिधियों ने उप विकास आयुक्त रामगढ़ नागेंद्र कुमार सिन्हा के साथ बैठक कर पेयजल की समस्या से उन्हें अवगत कराया। जिस पर उप विकास आयुक्त श्री सिन्हा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधीर प्रकाश को निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इसके बाद बीडीओ ने निरीक्षण के क्रम में कर्मचारी रवि कुमार से समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही, उन्होंने ठेकेदार से दूरभाष पर बात करते हुए तीनों पंचायत के मुखियाओं के साथ जल्द बैठक कर समस्याओं का निवारण करने का निर्देश दिया। वही, जलमीनार से सुचारू रूप से नियमित पेयजल आपूर्ति कराने का निर्देश दिया। मौके पर पूर्व मुखिया अशोक कुमार, पंचायत सेवक राजकुमार साव, मुखिया प्रतिनिधि आशीष कुमार मुखर्जी, कर्मचारी रवि कुमार मौजूद रहे।

## पटेलनगर के कई गैरेजों का चोरों ने तोड़ा ताला, आठ बैटरी सहित ले उड़े कई सामान

भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के पटेलनगर सयाल मोड़ में बीती रात्रि चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान चोरों ने कई गैरेजों का ताला तोड़ 8 बैटरी सहित गाड़ी के कई समान चुरा लिए। जानकारी के अनुसार चोरों ने राजकिशोर विश्वकर्मा के गैरेज से 8 बैटरी व गाड़ी बनाने वाली मशीन चुरा ले गये। वहीं नौशाद गैरेज व गणेश गैरेज का भी चोरों ने ताला तोड़ा, हलांकि यहां से चोर कुछ ले नहीं जा सके। जबकि गैरेज के बाहर खड़ी आधा दर्जन से अधिक गाड़ियों से चोरों ने टेपरिकॉर्डर, जैक मशीन, दो टायर, स्टेपनी आदि समानों की चोरी कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगियों ने भुरकुंडा ओपी में लिखित शिकायत दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## जवाहर नगर ज्योति क्लब में दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक, कमेटी का हुआ गठन



भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। दुर्गा पूजा मनाने को ले जवाहर नगर ज्योति क्लब दुर्गा मंडप परिसर में स्थानीय लोगों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदीप मांझी और संचालन मुकेश राउत ने किया। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही मंडप परिसर की साफ-सफाई, कोष संग्रह सहित मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वहीं दुर्गा पूजा को सफल बनाने को ले सर्वसम्मति से कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक लखेंद्र राय, जगतार सिंह, मुकेश राउत, दीपक कुमार, अध्यक्ष प्रदीप मांझी, उपाध्यक्ष बिट्टू दुबे, अप्पु मिश्रा, संतोष पासवान, संतन सिंह, महासचिव कामेश्वर मेहता, सचिव बैजनाथ कुमार, सह सचिव डीके पंडित, छोटू मिश्रा, राजन राउत, कोषाध्यक्ष श्रीनिवास अग्रवाल, सदस्य उपेन्द्र ठाकुर, विनोद सिंह, कुल्लु मिश्रा, विनोद साव, बिरन राजभर, रोबिन मुखर्जी, सीताराम सिंह, रंगबहादुर सिंह, संजय सिंह, सुबोध लाल का चयन किया गया। मौके पर राणा भट्टाचार्य, राजु साव, कृष्णा प्रसाद, नंदकिशोर मिश्रा, संजीव कुमार, प्रमोद महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## सौंदा डी में अभिभावक व शिक्षकों की हुई बैठक



भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। सौंदा डी पंचायत भवन में अभिभावकों व शिक्षकों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पांडेय ने की। बैठक में ज्ञान सेतु, बच्चों का नामांकन, उपस्थिति, ठहराव एवं पठन-पाठन आदि मुद्दों पर चर्चा की गई। कहा गया कि बच्चों का 80 प्रतिशत हाजिरी बनेगा तभी सरकारी लाभ मिलेगा। इसलिए अभिभावक अपने-अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। बैठक में छात्रवृति, पोशाक, एमडीएम विषय पर भी चर्चा की। मौके पर स्कूल के प्रधानधयापक मटुक राम, शिक्षक सहित बिजेश, सकलदीप भुंइया, जावेद अली, तुलसी, संजय महली, द्वारिका राम, रितेश नायक, तुलेश्वर करमाली, आरती देवी, रानी देवी, सुनिता देवी, शिल्पा देवी, पूजा देवी, ललीता देवी, शीला देवी, जमीरा खातुन, गीता देवी, ममता देवी, लक्ष्मी देवी, रीना देवी, रेखा देवी, विमला देवी, जे अंसारी, अन्ना देवी आदि अभिभावक मौजूद थे।

## रिभर साइड भुरकुंडा में कायस्थ महापरिवार की हुई बैठक, कमेटी का हुआ गठन



भुरकुंडा(आजाद सिपाही)। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में शुक्रवार को कायस्थ महापरिवार की बैठक हुई। बैठक में मंदिर से जुडे. कई मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही श्री गणेश पूजा, मां दुर्गा पूजा एवं श्री चित्रगुप्त धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कोष संग्रह के बाद पैसा कएत्रित करने के लिए एक बैंक खाता खुलवाने पर सहमति जताई गई। कहा गया कि इस खाते में मंदिर का सहयोग राशि जमा रखा जायेगा। बैठक में मंदिर संचालन को ले नई कमेटी का गठन का किया गया। इसमें संरक्षक बामेश्वर प्रसाद, मुन्ना श्रीवास्तव, प्रो. आरके दास, सुबोध कुमार सिन्हा, हेमंत सिन्हा, बिरेंद्र सिन्हा, ललन प्रसाद, समीर वर्मा, आरपी श्रीवास्तव चुना गया। वहीं अध्यक्ष विकास कांत सिन्हा, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण प्रसाद, सचिव प्रशांत कुमार, सह सचिव नागेंद्र सिन्हा, बृजमोहन प्रसाद, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा, उपकोषाध्यक्ष कुंवर प्रसाद बक्शी, संगठन सचिव नंदकिशोर प्रसाद, अमरेंद्र कुमार दास, सुमित अम्बष्टा सहित कार्यकारिणी सदस्यों में अनूप बक्शी, मनीष बक्शी, रिंकु सिन्हा, राजन सिन्हा, संजीव अम्बष्टा, दीनकर सिंह आदि शामिल हैं। इससे पूर्व मंदिर के पूर्व संरक्षक अमित कुमार बक्शी के आकस्मिक निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## क्यूरेस्टा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के द्वारा चितरपुर में नि:शुल्क मेडिकल कैम्प 28 को

रामगढ़(आजाद सिपाही)। ग्रामीणों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के उद्देश्य से डी क्युरेस्टा हॉस्पिटल दीपाटोली और क्युरेस्टा ग्लोबल ए सी एम एस इरबा द्वारा रामगढ़ जिले के चितारपुर मे एक दिवसीय नि :शुल्क मेडिकल कैंप लगाया जा रहा है। 28 अगस्त को चितारपु के मेन रोड स्तिथ पैराडाइस क्लिनिक मे लगने वाले इस नि :शुल्क शिविर का सभी लोग लाभ उठा सकते हैं इस शिविर मे थाइरोइड, किडनी, शुगर, हाइपर टेंशन, हड्डी रोग के अलावा पेट से सम्बंधित सभी बीमारियों का नि :शुल्क उपचार किया जायेगा। इस शिविर मे जनरल फिजिसयन, जनरल सर्जरी और हड्डी रोग के विशेषग्य डॉक्टर्स उपस्थित रहेंगे मात्र 50 रुपए का रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा कर लोग इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीजों के लाभ के लिए इस शिविर मे दवाइयो के साथ खून जाँच और शुगर जाँच की भी व्यवस्था होगी यह नि :शुल्क मेडिकल कैंप दिन के 10 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

## कांग्रेस संगठन संयोजक आलोक दुबे ने भद्रकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना



चतरा (आजाद सिपाही)। कांग्रेस प्रदेश कमिटी के सशक्तिकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दूबे ने शुक्रवार को जिले के प्रसिद्ध इटखोरी मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना की। एवं राज्य वासियों की खुशहाली, अमन, तरक्की, भाईचारगी के लिए माता से आशीर्वाद मांगा। पुजारी ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा सम्पन कराई। साथ ही माता के चुनरी आशीर्वाद के रूप में दी। उनके साथ पुत्र मेंहुल कृष्णा, चतरा जिला पासवा अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश सिंह, पूर्व विधायक योगेन्द्र बैठा, कांग्रेस नेता अनिल सिंह, पवन शर्मा, सत्यदेव सोनी, गुलाम रसूल अंसारी, बालगोविंद राम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामाधीन यादव, नेमधारी यादव समेत पार्टी के लोग मौजूद थे। उन्होंने भद्रकाली दर्शन के पश्चात चतरा रवाना हो गए। रात्रि विश्राम चतरा में करेंगे। शनिवार को प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा द्वारा जिला छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेंगे। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल होंगे। 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा में जैक, सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के 80 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक के टॉपर बच्चों को पासवा पहली बार सम्मानित करने जा रही है जिसमें एक हजार से अधिक बच्चों को मेडल एवं सर्टिफिकेट द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# फिर वही गलती

हैदराबाद में निलंबित बीजेपी विधायक टी राजा सिंह की गिरफ्तारी और फिर जमानत के बाद भी तनाव बना हुआ है। पैगंबर मोहम्मद साहब को लेकर दिए गए उनके बयान के बाद वहां माहौल गरम हो गया था। हालांकि नूपुर शर्मा प्रकरण में सरकार को जिस तरह की असुविधाजनक स्थिति का सामना करना पड़ा था, उसके मद्देनजर बीजेपी ने इस बार कार्रवाई में पूरी तत्परता दिखाई। विधायक के विवादित बयान की खबर आते ही उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया गया। इस कड़ी प्रतिक्रिया का संदेश समझते हुए सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया उनके बयान वाला विडियो भी वापस ले लिया गया। हैदराबाद पुलिस के रुख की भी तारीफ की जानी चाहिए। उसने न केवल विधायक टी राजा को अविलंब गिरफ्तार कर लिया, बल्कि स्टैंड अप कमीडियन मुनव्वर फारुकी का शो न होने देने की धमकियों को भी बेअसर कर दिया। इसके बावजूद कई सवाल हैं, जो परेशान करते हैं। नूपुर शर्मा प्रकरण का हश्र देख लेने के बाद बीजेपी विधायक टी राजा की ओर से वैसा ही बयान आना बताता है कि पार्टी अपने अंदर के फ्रिंज एलीमेंट पर प्रभावी अंकुश नहीं लगा पायी है। दूसरी तरफ हैदराबाद पुलिस ने मुनव्वर फारुकी का शो भले शांतिपूर्वक सुनिश्चित करवा लिया हो, इसे इस बात की गारंटी नहीं माना जा सकता कि तेलंगाना या हैदराबाद में नागरिकों का अभिव्यक्ति का संवैधानिक अधिकार पूरी तरह सुरक्षित है। दरअसल, देश के अलग-अलग हिस्सों में अब अभिव्यक्ति की आजादी इस बात से तय होने लगी है कि कहां किस पार्टी का शासन है और उसकी कैसी विचारधारा है। मुंबई और बेंगलुरु में मुनव्वर फारुकी के शो बार-बार कैंसल किये गये और आखिरकार उसका आयोजन नहीं होने दिया गया। समझना होगा कि दुनिया भर में स्टैंडअप कॉमिडी का कंटेंट पॉलिटिकल ही होता है, तानाशाही शासन वाले देशों में भी। लेकिन हम इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे। कहीं इसे होने ही नहीं दिया जाता तो कहीं इसके लिए पुलिस को सुरक्षा व्यवस्था करनी पड़ती है। और बात सिर्फ कॉमिडी की नहीं है। इसकी जगह, फिल्म स्क्रीनिंग या पेंटिंग एग्जिबिशन या बुक रीडिंग किसी भी आर्ट फॉर्म की बात करें सबके साथ वैसा ही रिस्क जुड़ा हुआ है। कोई नहीं जानता कि कब किस बात से किसकी भावनाएं आहत हो जायेंगी और आयोजन खतरे में पड़ जायेगा। यह परसेप्शन देश के अंदर की रचनात्मक संभावनाओं को किस कदर बाधित कर रहा है, यह तो बड़ा सवाल है ही, इस वजह से दुनिया भर में हमारी छवि कैसी बन रही है और उससे सॉफ्ट पावर किस तरह से प्रभावित हो रही है, इस पर भी सोचने की जरूरत है। लेकिन लगता नहीं कि हमारे नेताओं को इन बातों की ज्यादा परवाह है।

**हैदराबाद पुलिस के रुख की भी तारीफ की जानी चाहिए। उसने न केवल विधायक टी राजा को अविलंब गिरफ्तार कर लिया, बल्कि स्टैंड अप कमीडियन मुनव्वर फारुकी का शो न होने देने की धमकियों को भी बेअसर कर दिया।**

**ओएनओआरसी के साथ, श्रमिक और उनके परिवार दोनों को आसानी से लाभ मिल सकता है। उनकी बचत बहुत अधिक है, क्योंकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत भारी सब्सिडी वाले अनाज के अलावा, उन्हें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत आपूर्ति भी निःशुल्क दी जा रही है। चूंकि यह योजना भारतीय श्रमिकों को आत्मनिर्भर बना रही है, इसलिए इसे अब आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री के प्रौद्योगिकी संचालित प्रणालीगत सुधारों का भी हिस्सा बनाया गया है।**

# खाद्य सुरक्षा : देश भर में एक मूक क्रांति



पीयूष गोयल




लगभग 80 करोड़ भारतीयों को पूरे देश में किसी भी उचित मूल्य की दुकान से भारी सब्सिडी वाले अनाज खरीदने की स्वतंत्रता है। यह सुविधा लोगों को खाद्य सुरक्षा देने के साथ अभूतपूर्व रूप से सशक्त भी बना रही है और ऐसा लगता है कि देश भर में एक मूक क्रांति चल रही है। यह मोदी सरकार के कल्याण और गरीब-समर्थक दृष्टिकोण को एक नयी ऊंचाई पर ले जाती है और ऐसी प्रक्रियाओं की शुरुआत करती है, जिनका पूरे देश पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा, जो बहुत से लोगों की परिकल्पना से भी अधिक होगा।

उच्च प्रभाव वाली कल्याणकारी योजना नहीं है, जो वंचितों का समर्थन और पोषण करती है, बल्कि यह उचित मूल्य की दुकानों के बीच प्रतिस्पर्धा को भी जन्म देती है और एक आर्थिक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है। अब प्रवासी शहरों में भी भारी सब्सिडी वाले अनाज खरीदने में सक्षम हैं और इस बचत का उपयोग अन्य उत्पादों की खरीद में कर सकते हैं।

भारत में, किसी खास सीजन के दौरान लगभग छह करोड़ लोग दूसरे राज्यों में और लगभग आठ करोड़ लोग अपने ही राज्य के अन्य हिस्सों में प्रवास करते हैं। ओएनओआरसी ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में प्रवासी श्रमिकों के लिए एक गेम चेंजर सिद्ध हुआ है। इससे पहले, जब ऐसे श्रमिक रोजगार के लिए शहरों में जाते थे, तो वे सब्सिडी अनाज पाने की अपनी पात्रता खो देते थे, क्योंकि उनकी यह सुविधा अपने निवास-स्थान के उचित मूल्य की दुकान से जुड़ी होती थी। यदि वे किसी शहर में उचित मूल्य की दुकान पर पंजीकृत होंगे, तो उनके परिवार को बाजार की ऊंची दरों पर अनाज खरीदना पड़ेगा।

**भारत में, किसी खास सीजन के दौरान लगभग छह करोड़ लोग दूसरे राज्यों में और लगभग आठ करोड़ लोग अपने ही राज्य के अन्य हिस्सों में प्रवास करते हैं।**

ओएनओआरसी के साथ, श्रमिक और उनके परिवार दोनों को आसानी से लाभ मिल सकता है। उनकी बचत बहुत अधिक है, क्योंकि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत भारी सब्सिडी वाले अनाज के अलावा, उन्हें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत आपूर्ति भी निःशुल्क दी जा रही है। चूंकि यह योजना भारतीय श्रमिकों को आत्मनिर्भर बना रही है, इसलिए इसे अब आत्मानिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री के प्रौद्योगिकी संचालित प्रणालीगत सुधारों का भी हिस्सा बनाया गया है। इस योजना के अन्य दूरगामी प्रभाव भी हैं। दशकों तक पड़ोस की राशन की दुकान का एकाधिकार रहा था। लाभार्थियों के पास एक विशेष उचित मूल्य की दुकान पर जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। दुकान के मालिकों का एकछत्र राज होता था और गुणवत्ता बनाये रखने के लिए कोई प्रोत्साहन भी मौजूद नहीं था।

ओएनओआरसी, न केवल प्रवासियों को, बल्कि प्रत्येक लाभार्थी को, किसी अन्य उचित मूल्य की दुकान से अनाज खरीदने का विकल्प देता है, यदि वह दुकानदार बेहतर गुणवत्ता वाले अनाज बेच रहा है, या बेहतर सेवा प्रदान कर रहा है। एक विक्रेता की देश के सभी राज्यों में स्थित कुल 5 लाख से अधिक दुकानों से प्रतिस्पर्धा है। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है, क्योंकि यह दुकानदारों को गुणवत्ता के प्रति जागरूक होने और प्रतिस्पर्धी बनने के लिए प्रेरित करता है।

लाखों उचित मूल्य की दुकानों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने से, देश के कारोबारी माहौल में समग्र रूप से सुधार होगा, जिससे देशवासियों को वस्तुओं और सेवाओं की बेहतर गुणवत्ता प्राप्त होगी। व्यापार करने के तरीकों में इस तरह के बदलाव से छोटे व्यवसायों को तेजी से विकास करने का मौका मिलेगा, लेकिन इसके लिए उन्हें गुणवत्ता में सुधार और निर्यात बाजार में प्रवेश करने की भी आवश्यकता होगी। इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसरों का भी सृजन होगा।

एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड (ओएनओआरसी) ने पहले ही बहुत मजबूत शुरुआत कर दी है। शहरी गरीब जैसे कूड़ा बीनने वाले, सड़क पर रहने वाले, संगठित और असंगठित क्षेत्रों के अस्थायी कर्मचारी समेत करोड़ों श्रमिक व दिहाड़ी मजदूर तथा घरेलू कामगार इस अग्रणी योजना का लाभ उठा रहे हैं। अगस्त, 2019 में इस योजना की शुरूआत के बाद से, मूल स्थान की बजाय अन्य स्थानों पर (पोर्टेबिलिटी) हुए लगभग 80 करोड़ लेनदेन दर्ज किये गये हैं। इनमें लाभार्थियों को नियमित होने वाले एनएफएसए और पीएमजीकेएवाइ खाद्यान्न वितरण के साथ राज्य के अन्य हिस्सों में और दूसरे राज्यों के हुए लेनदेन दोनों शामिल हैं। इनमें अप्रैल 2020 के बाद से कोविड अवधि के दौरान दर्ज किये गये 69 करोड़ लेनदेन भी शामिल हैं।

डिजिटल इंडिया पर प्रधानमंत्री के जोर ने देश के क्षमता-विकास में योगदान दिया है। प्रौद्योगिकी की सहायता से महामारी की चरम स्थिति के दौरान देश न केवल घर से काम करने (वर्क-फ्रॉम-होम) के नियमों को सहजता से अपनाने में सफल रहा, बल्कि इससे गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन कराने में भी मदद मिली।

वर्तमान में 100 प्रतिशत राशन कार्ड डिजिटल हो गये हैं। इसके अलावा, उचित मूल्य की दुकानों में लगभग 5.3 लाख (99%) से अधिक इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट ऑफ सेल उपकरण स्थापित किये गये हैं।

सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किये हैं, ताकि सभी पात्र लाभार्थी योजना का लाभ उठा पायें। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अधिक लाभार्थियों को शामिल करने के उद्देश्य से 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रायोगिक आधार पर एक 'सामान्य पंजीकरण सुविधा' शुरू की है। इसके अलावा, विभिन्न मंत्रालयों और विभागों ने इस योजना के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए रणनीतिक आउटरीच और संचार से जुड़े अपने प्रयासों को समन्वित किया है। सरकार ने 167 एफएम रेडियो और 91 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों का उपयोग करके हिंदी और 10 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में एक रेडियो-आधारित अभियान चलाया। ट्रेनों में यात्रा करने वाले प्रवासी कामगारों को प्रधानमंत्री का संदेश देने के लिए 2400 रेलवे स्टेशनों पर घोषणाओं और प्रदर्शनों की व्यवस्था की गयी। संदेश के व्यापक प्रसार के लिए सार्वजनिक बसों का भी उपयोग किया गया।

यह योजना नरेंद्र मोदी सरकार के मूल दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती है। सार्वजनिक नीति इस तरह से तैयार की जाती है कि यह समाज के सबसे गरीब और वंचित समुदायों को लाभान्वित करे। यह दर्शन ही इस सरकार के आठ परिवर्तनकारी वर्षों के दौरान सभी नीतियों और उपलब्धियों की मूल भावना रही है। शासन के इस दर्शन और दृष्टिकोण ने ही गरीब लोगों को बैंक खाते, सीधे नकद अंतरण, स्वास्थ्य बीमा, हर गांव में बिजली, दूरदराज के इलाकों में भी अच्छी गुणवत्ता वाली ग्रामीण सड़कों और गरीबों को रसोई गैस की आपूर्ति सहित अन्य सुविधाएं दी हैं।

आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर, भारत तेजी से सभी के लिए विकल्पों की अधिक स्वतंत्रता की ओर आगे बढ़ रहा है। आइए हम उत्सव मनायें और इस विकल्प सुविधा को सक्षम बनायें।

**(लेखक : कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कंज्यूमर्स खाद्य एंड पब्लिक वितरण एंड टेक्स्टाइल मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# लूट के पांचों आरोपी गिरफ्तार


आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पुलिस ने शराब दुकान में लूट के आधे घंटे के अंदर ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में बागबेड़ा नया बस्ती निवासी जितेंद्र कुमार साह, कीताडीह निवासी अनवर खान उर्फ रिंकू, गदड़ा पंचायत भवन के पास रहने वाला रौशन सिंह उर्फ पाका, पोटका खड़ियासाई निवासी श्यामल मुंडा और टेल्को प्लाजा मोड़ के पास रहने वाला लोकनाथ ठाकुर उर्फ पुकी शामिल है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देसी कट्टा चार जिंदा कारतूस, लूटी गयी एक पेटी शराब, 11,705 रुपये और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीण एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि बीती रात 9.45 बजे पोटका थाना क्षेत्र के सानग्राम के सरकारी शराब दुकान में कार सवार अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। सूचना पाकर पुलिस ने तत्काल इलाके की घेराबंदी कर दी और एंटी क्राइम चेकिंग शुरू कर दिया। चेकिंग के दौरान हल्दीपोखर टीओपी के पास कार को देखा गया। कार चालक पुलिस को देख कर भागने लगा, तभी पुलिस ने कार का पीछा कर उसे पकड़ा। तलाशी के दौरान कार से हथियार और सामान बरामद किये गये।

# कपाली में चाकू से हमला



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के कपाली अलीनगर में लव जिहाद के मामले में एक युवक को चाकू मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। शुक्रवार शाम को गंभीर हालत में युवक को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। एमजीएम के इमरजेंसी में घायल का इलाज चल रहा है। युवक का नाम मोहम्मद नेहाल उद्दीन अंसारी बताया जा रहा है। घायल के शरीर मे सीने व अन्य कई जगह चाकू लगने से बुरी तरह जख्मी होगया हैं। इसके अलावा पैर में भी चाकू से घायल कर दिया गया। निहाल उद्दीन अंसारी के बड़े भाई मोहम्मद कमालुद्दीन अंसारी ने बताया उसका भाई आदित्यपुर में एक दुकान में वेल्डिंग का काम करता है। शुक्रवार को छुट्टी होने की वजह से वह घर पर था। शाम को नेहाल उद्दीन अंसारी अपने दोस्त अरबाज के साथ अलीनगर गया था। मौके पर आसिफ और अरबाज के बीच लव फेयर को लेकर आपस में झगड़ा हो गया। बीच-बचाव करने के दौरान आसिफ ने अरवाज के बजह निहाल उद्दीन को चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद आसिफ मौके से फरार हो गया। घायल का इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भाजपा कदमा मंडल ने चलाया मच्छर रोधी अभियान

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों लगातार वारिस के बाद बाढ़ का पानी कम होते ही स्थानीय लोग का परेशानी बढ़ने लगा है। कदमा क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोग मच्छर से काफी परेशान रहे। शुक्रवार को भाजपा कदमा मंडल के द्वारा शास्त्री नगर में मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह के नेतृत्व में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मच्छर रोधी अभियान के तहत फांगिंग मशीन की पूजा अर्चना कर आज से हीं फांगिंग मशीन का शुभारंभ किया गया। अभियान में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रमेश बास्के, मंडल महामंत्री अजय झा, ललन चौहान, अमरेन्द्र मल्लिक, तपन दत्ता, राजेश सोनकर, मंडल उपाध्यक्ष भोला शर्मा, सुरेंद्र राय, अशोक दूबे, कार्तिक गोप, निर्दोष वर्मा,डी एन सिंह, के एन ओझा, संतोष सिंह, गणेश भूमीज, विक्की यादव, बिनोद रजक, सुनील कुमार, मोहन दूबे, मनोज कुमार सिंह, चिन्तामणी दुबे, रूपेश सिंह, राहुल दुबे, राजू रजक, अभिषेक चतुर्वेदी सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पुष्पा सोय को मिला फोल्डिंग व्हील चेयर

**चक्रधरपुर (आजाद सिपाही)।** पश्चिम सिंहभूम जिला के टेबो की पुष्पा सोय पांच साल से घुटने मे कैंसर से पीडित है. पुष्पा सोय बीमारी के कारण चलने-फिरने में असमर्थ हो गई है। यह जानकारी मिलने के बाद सुमिता होता फाउंडेशन के अध्यक्ष सदानंद होता टेबो पहुंचे और पुष्पा सोय से मिला एवं बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से आर्थिक रूप से कमजोर गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों का ईलाज सरकार द्वारा कराया जाता है। टेबो निवासी पैर के हड्डी के कैंसर की गंभीर बीमारी से पीड़ित 28 वर्षीय युवती पुष्पा सोय ने श्री होता को बताया कि उसे चार वर्षों से सरकार से मदद की आस लगाये बैठी है। चार वर्ष पहले पुष्पा की बीमारी शुरू हुआ था।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होंगी जमशेदपुर की शिप्रा मिश्रा

# 5 सितंबर को राज्यपाल करेंगे सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के कदमा टाटा वर्कर्स यूनियन प्लस टू हाईस्कूल की विज्ञान शिक्षिका शिप्रा मिश्रा का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयन किया गया। झारखंड राज्य से कुल तीन शिक्षकों के नाम इस पुरस्कार के लिए भेजे गये थे। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने झारखंड से एकमात्र शिक्षिका शिप्रा मिश्रा के नाम पर अंतिम मुहर लगायी। देश के राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू पांच सितंबर को शिक्षिका प्रिया मिश्रा को सम्मानित करेंगे। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के चयनित देश के विभिन्न राज्यों के शिक्षकों के नाम की अंतिम सूची जारी कर दी। जारी सूची के मुताबिक देश के अलग अलग राज्य के चयनित शिक्षक-शिक्षिकाओ को दिल्ली में राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू के द्वारा पांच सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जायेगा। शिप्रा मिश्रा मूल रूप से बिहार के पूर्णिया जिले की रहने वाली है। 2010 से शिक्षिका के रूप में कार्यरत है। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा कक्षा एक से छह तक सिवान के प्राथमिक विद्यालय से की। उसके बाद दसवीं तक की शिक्षा नवोदय विद्यालय कटिहार में की। स्नातक में केमेस्ट्री ऑनर्स की पढ़ाई रांची वीमेंस कालेज से की। उसके बाद प्रिया मिश्रा ने एमएससी की पढ़ाई रांची यूनिवर्सिटी,बीएड रांची वीमेंस कॉलेज से करने के बाद बिस्टुपुर बेल्डीह चर्च स्कूल से शैक्षणिक कैरियर की शुरूआत की। उन्होंने वर्ष 2009 में बिस्टुपुर बेल्डीह चर्च स्कूल के विज्ञान शिक्षिका के रूप में योगदान दिया। इसके छह माह बाद ही प्रिया मिश्रा ने जेपीएससी द्वारा शिक्षक नियुक्त का रिजल्ट प्राप्त कर सफल हुई। जेपीएससी में शिक्षक नियुक्त के बाद प्रिया मिश्रा ने वर्ष 2010 में पहली पोस्टिंग बिष्टुपुर के जमशेदपुर हाईस्कूल में विज्ञान शिक्षिका के रूप में किया। उसके बाद वर्ष 2016 में उनका ट्रांसफर कदमा टाटा वर्कर्स यूनियन उच्च विद्यालय में किया गया। प्रिया मिश्रा ने स्कूल में आने के बाद ड्रॉप आउट बच्चों को रोचक अंदाज में विज्ञान की बारीकियों को सिखाया। इसके अलावा कई अनेक कार्य में शिक्षिका प्रिया मिश्रा का अहम भूमिका रही। वैसे शिक्षक दिवस के दिन सम्मानित करने के लिए प्रिया मिश्रा का नाम आने पर परिवार में खुशी की लहर है।

# पार्षद और स्थानीय लोगों के श्रमदान से बनी गोविंदपुर की सड़क



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** छोटा गोविंदपुर मुख्य सड़क की स्थिति वारिश के दौरान अत्यंत दयनीय होगया है।स्थानीय लोगो को आने जाने में बारिश के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे होने आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। आय दिन दुर्घटनाएं हो रही थी। स्थानीय लोगो के असुविधा को देखते हुए स्थानीय जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष के पहल पर टाटा स्टील से स्लैग का प्रबंध करा कर गड्ढों को निजी खर्चे से जेसीबी लगाकर भरा गया। स्थानीय लोगो के साथ श्रमदान कर सड़क का मरम्मत कार्य करवाया गया। इस दौरान समाजसेवी रमेश अग्निहोत्री,सोनू सिंह, मंटू शुक्ला, बाबू साहब, संतोष यादव, रामकुमार जी, हीरो सिंह, जलविंद्र सिंह, शंभू शरण, दिनेश सिंह, रितेश सिंह सहित अन्य लोगो का योगदान रहा।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शास्त्रीनगर 3 नंबर ब्लॉक एवं कदमा के शहीद निर्मल सेवा सदन स्थित अटल मोहल्ला क्लिनिक में शहरी स्वास्थ मिशन जमशेदपुर के सौजन्य से स्वास्थ एवम जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल के निर्देश पर आयोजित शिविर में मोहल्ला क्लिनिक के प्रभारी डॉ.एस.के. झा, पब्लिक हेल्थ मैनेजर सरिता कुमारी, एएनएम शकुंतला, बबिता एवम कावेरी, फार्मासिस्ट सुमंतो कुमार, प्रयोगशाला टेक्नीशियन मदन मोहन मुखी, सहियाऐं गायत्री, शीला देवी, उर्मिला, प्रीति, डाली रजक शामिल रहे। सभी के सहयोग से लगभग 103 मरीजों का स्वास्थ्य जांच के बाद दवाइयां बाटा गया। जांच के दौरान 21 मरीजों का सुगर, 28 मरीजों का हीमोग्लोबिन व 40 मरीजों का ब्लड प्रेशर का जांच किया गया।

# प्रशिक्षण में शामिल होने भाजपा महानगर अध्यक्ष समेत अन्य सदस्य गिरिडीह रवाना

**आगामी तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत जिले के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शुक्रवार को गिरिडीह रवाना हुए।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जैन मुनियों के तपोभूमि एवं विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल गिरिडीह के सम्मेद शिखर मधुबन में झारखंड भाजपा का प्रदेश प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। आगामी तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत जिले के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शुक्रवार को गिरिडीह रवाना हुए। मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने बताया प्रशिक्षण शिविर पार्टी के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से एक है। प्रशिक्षण शिविर में कार्यकताओं को हमेशा कुछ न कुछ बेहतर सीखने को मिलता रहा है। उन्होंने विश्वास जताया पार्टी के वरीय नेताओं और वक्ताओं के मार्गदर्शन से कार्यकर्ता प्रखर बनेंगे। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन 29 अगस्त को संध्याकाल में होगा।

# नये सिविल सर्जन के पद पर विराजमान हुए अनिल कुमार सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के सदर अस्पताल में सिविल सर्जन पद पर अनिल कुमार सिंह को बनाया गया। मौके पर सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण कर पूर्व सिविल सर्जन डॉ कमलेश कुमार के साथ सदर अस्पताल परिसर के हर एक विभाग वार्ड ओपीडी डायलिसिस मलेरिया वार्ड यक्ष्मा विभाग आदि अन्य विभागों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद नये सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह को विभाग के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया एवं मिठाई खिलाकर खुशी अब जाहिर किया। सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए, कहा कि गढ़वा जिले में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लोगों का सेवा करने का मौका हमें बीते दिन सौभाग्य प्राप्त हुआ था। मैंने अपना कर्तव्य लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने के प्रति रात दिन पूरा किया आज उसी दिन का सेवा शायद हमें दोबारा इस जिले के सिविल सर्जन बनकर एक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने का अवसर प्राप्त हुआ है, मैंने देखा था, पहले स्वास्थ्य विभाग सदर अस्पताल की व्यवस्था बहुत ही कम थी आज उस परिस्थिति में नहीं है, आज सारे सुविधा सदर अस्पताल में हो गये हैं, बड़े-बड़े भवन बन गये हैं, हर तरफ विभाग अच्छे ढंग से चल रहे है, यहां तक कि मैंने देखा सदर अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है, जो कि बहुत ही सुसज्जित एवं साफ-सुथरे ढंग से लोगों का डायलिसिस रोजाना चार से पांच की संख्या में सफल हो रहा है, वही सर्जिकल वार्ड में भी मरीजों का ऑपरेशन किया जा रहा है, अस्पताल में अन्य विभाग ओपीडी वार्ड इन जगहों पर भी साफ सफाई की सुविधा मौजूद है, बाकी अन्य जगहों पर छोटी मोटी त्रुटि है, जिसे मैं जल्द ही खत्म करने और उसे ठीक करने का प्रयास करूंगा। इस मौके पर डॉक्टर अमित कुमार, कौशल सहगल, पुष्पा सहगल, वीरेंद्र कुमार सिंह, कुलदेव चौधरी, मलेरिया विभाग सलाहकार अरविंद द्विवेदी, सुबोध कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार आदि स्वास्थ्य विभाग के पूरे कर्मी मौजूद थे।

## सामानों की खरीदारी में बरती घोर अनियमितता



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पंचायत पिपरी कला निरजलवा बियार टोला के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में घोर अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यपक दिनेश पाण्डेय द्वारा फर्जी तरीके से सामानों की खरीदारी में घोर अनियमितता बरती गयी है। विद्यालय के बच्चों के अभिभावकों ने विद्यालय के प्रधानाध्यपक दिनेश पांडेय और विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नंदलाल बियार पर आरोप लगाया है कि इन दोनों की मिलीभगत से फजीर्वाड़ा कर बिकास फंड का लगभग एक लाख रुपये बंदरबाट कर लिया गया। बीइओ द्वारा मिली सूचना पर मामले की जानकारी लेने पहुचें सीआरपी महेंद्र प्रसाद गुप्ता को विद्यालय पहुचते ही अभिभावकों ने विद्यालय की व्यवस्था पर नाराजगी जतायी। उपस्थित अभिभावक सामा देवी, रुदनी देवी, बरती देवी, शोभा देवी, निर्मला कुंवर, उषा देवी, पूनम देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, बीरबल प्रजापति, राजेश बियार, उमेश बीयर, एसकुमार, अनिल चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, मिथलेश प्रजापति सहित दर्जनों लोगो ने कहा कि विद्यालय का गैस चूल्हा प्रधानाध्यपक दिनेश पांडेय अपने घर ले जाकर उपयोग करते हैं वहीं विद्यालय का पंखा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नंदलाल बियार उपयोग कर रहें हैं। वहीं बच्चों के बैंक में खाता खुलवाने के नाम पर एक सौ से तीन सौ रुपए लगभग पैतीस बच्चों का पैसा प्रधानाध्यपक के द्वारा लिया गया है, लेकिन अभी तक खाता नही खुल पाया है। साथ ही छात्र छात्राओं का प्रतिपूर्ति का पैसा अभी तक प्रधानाध्यपक एवं अध्यक्ष के द्वारा नहीं दिया गया। मामले को गहनता से जांच करने पर सीआरपी महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि बुनयादी सुविधा, विद्यालय का नाम, मेनू सूची, एसएमसी सदस्य का नाम, शिक्षक पद स्थापना विवरणी एवं विद्यालय की रख रखाव में काफी घोर लापरवाही है। प्रधानाध्यपक एवं अध्यक्ष के काफी डांट फटकार के बाद प्रधानाध्यपक के द्वारा बाजार से एक नया गैस चूल्हा लाकर रखा गया वहीं अध्यक्ष द्वारा अपने घर से पंखा खोलकर विद्यालय में रखा गया। वहीं ग्रामीणों ने सीआरपी महेंद्र प्रसाद गुप्ता से प्रबंधन समिति को भंग कर चुनाव कराने एवं विद्यालय के प्रधानाध्यपक को सचिव पद से हटा कर दूसरे को सचिव नियुक्त करने को कहा। वही सीआरपी महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने प्रधानाध्यापक दिनेश पांडे को दो दिनों के अंदर प्रति पूर्ति का पैसा छात्र छात्रा के बीच बांटते हुए विद्यालय का अधूरा काम को पूरा करने को कहा। यदि दो दिनों के अंदर अधूरा कार्य पूरा नहीं हुआ तो आपके ऊपर विभागीय कार्रवाई किया जायेगा।

### पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने किया निःशुल्क नियमित योग कक्षा का उद्घाटन, कहा

# निरोग रहने के लिए सभी को करना चाहिए नियमित योग

ोआजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में शुक्रवार की प्रातः में लायंस क्लब आफ गढ़वा ग्रीन के सौजन्य से पतंजलि योग समिति गढ़वा द्वारा निःशुल्क नियमित योग कक्षा का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह, पतंजलि के सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी, लायंस ग्रीन के अध्यक्ष विजय सोनी, अनिरुद्ध प्रसाद सोनी, बीएसटी जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी, योग शिक्षक सुशील केशरी, अरुण मिश्रा (फलहरी बाबा) उपकार गुप्ता, प्रदीप केशरी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उस मौके पर पूर्व मंत्री श्री सिंह ने नियमित योग कक्षा चलाने के लिए जगह उपलब्ध कराने वाले बंधन मैरिज हॉल के प्रोप्राइटर अनिरुद्ध प्रसाद सोनी तथा लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्यों के लिये लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन जाना जाता है। उन्होंने कहा कि निरोग रहने के लिए सभी को नियमित रूप से योग करना चाहिए। रासबिहारी तिवारी ने कहा की आज भाग दौड़ के समय में योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की आवश्यकता है। उन्हेंने सभी को नियमित योग कर निरोगी रहने के मंत्र दिये।



**योग शिक्षक सुशील केसरी ने सभी को सिखाये योग के गुर**

योग शिक्षक सुशील केसरी ने नियमित योग कक्षा के उद्घाटन के मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को योगिंग जोगिंग, सूर्य नमस्कार, कपालभाति, भस्त्रिका, अनुलोम विलोम, मंडूकासन, शशकासन आदि के साथ सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराते हुए उसके फायदे बताए गए। योग कक्षा में मुख्य रूप से उमाकांत पांडे, हर्ष अग्रवाल, विनय कश्यप, संतोष अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, चन्दन मेहता, अनूप कुमार, सत्यनारायण दुबे, संतोष पांडे, विवेकानंद पांडे, प्रभा शुक्ला, अरुण कुमार दुबे सहित कई लोगों ने योगाभ्यास किया। धन्यवाद ज्ञापन लायंस ग्रीन के पूर्व अध्यक्ष लायन रविंद्र जायसवाल के द्वारा किया गया।


# डीसी ने जनता दरबार का आयोजन किया

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त रमेश घोलप ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों व शिकायत पत्रों के त्वरित निष्पादन के लिये संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को भेजा गया। सर्वप्रथम सदर प्रखंड के पिपराकला निवासी तारा देवी ने अपना आवेदन पत्र उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत करते हुए बताया कि उनके मोहल्ले के ही कुछ दबंगों के द्वारा रास्ते में बलपूर्वक चारदीवारी का निर्माण करके रास्ता रोकने का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके जमीन हड़पने के उद्देश्य से ऐसा कार्य किया गया है एवं बताया कि उनके साथ अभद्र व्यवहार भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत अंचलाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी के समक्ष किया है परंतु 1 वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई उचित कार्रवाई नहीं होने के कारण जनता दरबार में आने की बात बतायी। उपायुक्त ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अंचल अधिकारी गढ़वा को संबंधित मामले की जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। रमुना प्रखंड के करणपुरा गांव के कुछ ग्रामीण जनता ने सामूहिक रूप से आवेदन पत्र समर्पित करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2019-20 में सभी आवेदकों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास का लाभ मिला था परंतु जालसाजी और षड्यंत्र करके योग्य एवं गरीब लाचार व्यक्तियों को आवास के लाभ से वंचित करते हुए अयोग्य व्यक्तियों को हेरा फेरी के तहत आवास का लाभ दिया गया। अतः उन्होंने उपायुक्त श्री घोलप से अनुरोध किया है कि मामले की जांच कराते हुए दोषियों पर उचित कार्रवाई किया जाये एवं सभी ने आवास की मांग की है।

# अवैध रूप से संचालित प्रगति हॉस्पिटल को लेकर मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय में अवैध रूप से संचालित प्रगति हॉस्पिटल के संचालक, डॉक्टर एवं अस्पताल के सभी कर्मी और मकान मालिक के ऊपर कांडी थाना में मामला दर्ज किया गया है। प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ गोविंद सेठ ने शुक्रवार को थाना कांड संख्या 94/22 आईपीसी की धारा 304/34 के तहत अस्पताल संचालक औरंगाबाद बिहार के मुकेश कुमार,नवीनगर बिहार के डॉ. चंदन मौर्य, हैदरनगर पलामू के डॉ. राकेश कुमार एवं अस्पताल के सभी कर्मी तथा दोनों ही मकान के मालिक के ऊपर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी फैज रब्बानी ने बताया कि प्रगति हॉस्पिटल में छापामारी कर वहां से मेडिकल इक्विपमेंट, दवा, स्लाइन, प्रिस्क्रिप्शन पैड के अलावे सभी मेडिकल सामग्री को जब्त किया गया है। मालूम हो कि डीसी के निर्देश पर गुरुवार को कांडी में वर्षों से अवैध रूप से संचालित हो रहे प्रगति हॉस्पिटल में छापामारी किया गया था। बीडीओ मनोज कुमार तिवारी व डॉक्टर गोविंद सेठ एवं पुलिस की उपस्थिति में 5 घंटे तक चले इस छापेमारी में बड़ी मात्रा में दवा, मेडिकल इक्यूपमेंट सहित कई अन्य सामान जब्त किया गया था। जबकि अस्पताल संचालक, डॉक्टर एवं अस्पताल कर्मी फरार हो गये थे।



## पुष्तक भेंट कर बंशीधरनगर आने का अनुरोध किया



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** भाजपा अजा मोर्चा के गढ़वा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने पार्टी अजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य एवं राष्ट्रीय महामंत्री सीटी रवि को श्री बंशीधर जी की तस्वीर एवं पुस्तक भेंटकर श्री बंशीधर नगर आने का अनुरोध किया। श्री राम पार्टी की ओर से धनबाद के पर्कलेन रिशोर्ट के डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं। उस मौके पर जिला महामंत्री उपेंद्र दास, सुरेंद्र राम, प्रशिक्षण प्रमुख सत्येन्द्र पासवान, सोशल मीडिया प्रभारी राजेश बैठा भी उपस्थित थे।

# 57 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की राशि समाप्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के सभी 57 विद्यालयों में मध्याह्न भोजन की राशि समाप्त हुई। पूरक पोषण की बची राशि या दुकानदार के रहमोकरम पर विद्यालयों में एमडीएम संचालित हो रहा है। समय रहते एमडीएम की राशि हस्तांतरित नहीं हुई तो एमडीएम बंद होने के कारण बच्चों की उपस्थिति पर भी प्रभाव पड़ सकता है। मध्य विद्यालय घाघरा, कन्या प्राथमिक विद्यालय भवनाथपुर. एनपीएस खडार अरसली उत्तरी सहित दर्जनों विद्यालय के एचएम से बात करने पर सभी ने बताया कि राशि समाप्त होने के बाद कुछ दिन अंडा फल की राशि एवं कुछ दुकानदारों द्वारा दी गयी उधार के बदौलत एमडीएम संचालित हो रहा है। दुकानदार अब उधार देने में आना कानी कर रहे है यदि इनके द्वारा उधार नहीं दिया गया तो इस परिस्थिति में एमडीएम संचालन नहीं होने की सूचना विभाग को सौंप दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि बच्चे स्कूल में नियमित आयें और उनका पोषण स्तर भी सामान्य रहे इस आशय से सरकार ने स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की शुरूआत की है। पोषण तत्व बरकरार रखने के लिए बच्चों को मेनू के अनुसार भोजन दिया जाना है।मध्याह्न भोजन के लिये केंद्र सरकार जहां 60 फीसदी वहीं राज्य सरकार 40 फीसदी राशि देती है। हालांकि, अंडा के लिये शत-प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करती है। इस संबंध में एमडीएम ऑपरेटर राम विजय साह ने बताया की सभी विद्यालयों में एमडीएम की राशि समाप्त हो गई है, उधार में काम चल रहा है।

## दो बाइकों में टक्कर, पांच घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर–केतार मुख्य मार्ग पर चपरी स्थित मुसकैनी पहाड़ के समीप गुरुवार की रात साढ़े सात बजे दो बाइकों के बीच जोरदार हुई। टक्कर में उसपर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में केतार थाना क्षेत्र के परसोडीह निवासी पंकज कुमार, कृष कुमार तथा रत्नेश कुमार और श्रीबंशीधर नगर के अधौरी निवासी गोविंद चंद्रवंशी तथा विशाल कुमार का नाम शामिल है। घटना के बाद रास्ते से गुजर रहे सिंघीताली गांव के युवक अनुराग चौबे,छोटू चंद्रवंशी तथा कुंदन कुमार द्वारा मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों को उठाकर टेंपू द्वारा स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां पर तैनात आयुष डॉक्टर नीतीश भारती द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए गोविंद चंद्रवंशी रत्नेश कुमार को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया,वहीं विशाल कुमार शौच करने के बहाने घायलावस्था में अस्पताल से भाग निकला।

**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला मत्स्य कार्यालय, हजारीबाग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या (PR 276141(FISH) 22-23.D) के कमांक 03 में निर्धारित अनुदान की राशि 18 रू0 प्रति कि0ग्रा0 के स्थान पर 22 रू0 प्रति कि0ग्रा0 से देय होगा।
शेष यथावत रहेगा।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
हजारीबाग।

PR.NO.276446 Fish(22-23):D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग**

**–:: निविदा शुद्धि–पत्र संबंधी सूचना ::–**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत आमंत्रित निविदा के **P.R. No.:-275968** Drinking Water and Sanitation (22-23)D, **Tender reference:**-HZB/JJM/SVS_Cluster/23/2022-23 (3rd Call) **Name of Work:**-Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Schemes based on Solar Energy Based Mini Rural Pipe Water Supply Schemes in different blocks of Hazaribag District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 Years Operation and Maintenance works on "Turn Key Basis" Under D.W.&S. Division, Hazaribag for the Year 2022-23 (Head-JJM) के ग्रुप संख्या– **HZB/SVS_Cluster/Katkamdag-09B** को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।
शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगे।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
हजारीबाग

PR276458 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

### संयुक्त संघर्ष मोर्चा का प्रतिवाद मार्च और धरना, कहा

# राजस्थान के जालौर में 9 वर्षीय बच्ची की हत्यारे को फांसी हो

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय के समक्ष संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बीते दिन राजस्थान के जालौर में एक 9 वर्षीय बच्ची के मौत हो जाने के बाद मोर्चा के संयोजक की अगुवाई में एक दिवसीय प्रतिवाद मार्च एवं धरना कार्यक्रम के माध्यम से गढ़वा उपायुक्त को निम्न बिंदुओं की मांग कर ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संयोजक अशर्फी राम ने कहा कि बीते 14 अगस्त को राजस्थान के जालोर में 9 वर्षीय इंद्र मेघवाल की मौत विद्यालय के शिक्षक द्वारा बर्बरता से पिटाई के कारण हो गई थी, उसका दोस् सिर्फ इतना था कि इंद्र मेघवाल मटके से पानी पी ली थी जिस बात को लेकर विद्यालय के शिक्षक द्वारा उसे इतनी बेरहमी से पीटा गया कि उसकी मौत हो गई। उपरोक्त विषय के संदर्भ में आग्रह करते हुए ध्यान आकृष्ट कराना चाहते हैं, कि जिस तरह भारत में जातीय वह वर्गीकरण आधार पर संस्थागत हत्याएं हो रही है, उस पर संवैधानिक संस्थाओं के द्वारा इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाना पड़ेगा पीड़ित परिवार को नैसर्गिक न्याय मिले और इंद्र मेघवाल के हत्यारे को फास्ट ट्रैक अदालत के द्वारा अभिलंब फांसी दिलायी जाये। पीड़ित परिवार को न्यायिक सुरक्षा प्रदान करायी जाये। पीड़ित परिवार को सम्मान में जनक मुआवजा एक करोड़ की राशि अभिलंब दिलायी जाये। वह जाति एवं संस्थागत हत्याओं पर पुनः रोक लगायी जाये।



## इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर मनोज कुमार, रवि, सुषमा मेहता, नथुनी राम, सूरज सिंह, मुखलाल राम, जयराम पासवान, अख्तर अंसारी, जितेंद्र कुमार, रनथा नायक, रमजान अंसारी, काशीराम आदि अन्य लोग मौके पर मौजूद थे।

## सदर असपताल में आयोजित कार्यक्रम का सीएस ने किया उद्घाटन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के सदर अस्पताल में अंधापन नियंत्रण समिति गढ़वा के तत्वावधान में 37 वीं राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा की शुरुआत हुई। नेत्रदान पखवाड़ा आठ सितंबर 2022 तक चलेगा। इसे लेकर सदर अस्पताल के ओपीडी हाल में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डा. कमलेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि नेत्रदान को महादान की श्रेणी में रखा गया है। सरकार ने भी मोतियाबिंद का निःशुल्क आपरेशन कराने की व्यवस्था की है। सरकारी के साथ ही कई गैर सरकारी अस्पतालों में भी मोतियाबिंद का निः शुल्क आपरेशन कराकर इस समस्या से निजात पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति की मौत के बाद उसके नेत्र किसी के काम आ सकते हैं। कार्नियल ट्रांसप्लांट के माध्यम से किसी व्यक्ति के अंधापन को दूर किया जा सकता है।

**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

38वीं औपबंधिक सूची
जिला–रामगढ़

दिनांक–14.06.2022

विवरण :–पालोजोरी थाना काण्ड संख्या–46/89 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री चनबा टुडू तथा मदन मंडल द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 200–250 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में नाम के आधार पर।

| आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|
| 1. आवेदन क्र0–25<br>2. आवेदक का नाम–दिपमुनी देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम–स्व0 शंकर सोरेन (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. पूरा पता–नेमरा, रोरो, रामगढ़<br>5. लिंग–महिला, पहचान चिन्ह–बायें आंख के उपर तिल का निशान, आयु–66 | कंडिका–2(ix)<br>(आश्रित पत्नी) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(संगीता कुमारी)
उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉंव) सदस्य

PR 276450 Home (22-23)_D

## वाहन जांच अभियान में वाहनों से वसूला गया 22 हजार जुर्माना



सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा में एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा के तहत थाना के समीप जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों की जांच की गई। गाड़ी का फिटनेस, ओनर बुक, लाइसेन्स, हेलमेट आदि कागजों की जांच की गई। जिन वाहनों का वाहन संबंधित कागजात नहीं थे वैसे 13 वाहन मालिकों से त्वरित कर्रवाई करते हुए करीब 22 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। वाहन जांच में सेन्हा थाना के सआनि आयता खेस, पुलिस बल के सहयोग से सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच की गई। इस मौके पर एमवीआई सिरिल संतोष बेसरा, दुलार कुजूर मौजूद थे।

### डीसी का निर्देश : विद्यालय परिसर में ज्रेडा के माध्यम से सोलर हाई मास्ट लैंप लगाने की स्वीकृति

# लोहरदगा केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक व कर्मियों के रिक्त पद को जल्द भरा जाये

**डीसी की अगुवाई में प्रबंधन समिति की बैठक में दिये गये कई दिशा-निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ बैठक करते डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद।

**लोहरदगा।** डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को लोहरदगा केंद्रीय विद्यालय के विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसमें विद्यालय की प्राचार्या ममता तिर्की द्वारा विद्यालय में छात्र-छात्राओं की कुल क्षमता, विद्यालय में कुल स्वीकृत पद के आलोक में नियुक्त शिक्षक व कर्मी समेत अन्य जानकारी दी गई। जिसके बाद डीसी ने निर्देश दिया कि जब भी विद्यालय में नामांकन की सूचना प्रकाशित की जाती है तो उसकी सूचना जिला स्तरीय पदाधिकारियों को भी दी जाय। विद्यालय में शिक्षक या कर्मियों के जो भी रिक्त पद हैं उन्हें जल्द से जल्द भरा जाय। संविदा पर शिक्षक व कर्मी रखे जायें। वहीं, सेन्हा अंचल अधिकारी को अगले चार दिनों के अंदर लोहरदगा केंद्रीय विद्यालय (बरही, सेन्हा) में पेयजलापूर्ति की समस्या को दूर करने और कार्य पूर्ण होने का प्रतिवेदन उडीसी कार्यालय में समर्पित करने का निर्देश दिया गया। सात ही कहा कि डीप बोरिंग के लिए जमीन की व्यवस्था विद्यालय प्रबंधन को करना होगा। विद्यालय के मुख्य गेट के समीप वाहनों की गति कम करने के लिए सेन्हा सीओ को स्लाइडिंग बैरिकेटिंग लगाने, सिग्नल इंडीकेटर लगवाने का भी निर्देश दिया। साथ ही, राष्ट्रीय उच्च पथ से समन्वय स्थापित कर मुख्य गेट के समीप रबर रंबल स्पीड ब्रेकर लगाये जाने का निर्देश दिया। इसके अलावा विद्यालय परिसर में ज्रेडा के माध्यम से सोलर हाई मास्ट लैंप लगाये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। विद्यालय में इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए ऑप्टिकल फाइबर का कनेक्शन (स्पीड 1 जीबीपीएस/सेकेंड), जेनरेटर, ऑफिस के लिए इन्वर्टर, फोटो कॉपियर मशीन, चार हाउस बोर्ड, पांच अलमीरा, तीन ट्रंक, पांच सीसीटीवी और चार स्टाफ रूम टेबल की खरीद करने की स्वीकृति प्रदान की गई। लगे हाथ विद्यालय में इंटरमीडिए के तीनों संकाय प्रारंभ करने की भी स्वीकृति दी गई। बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के विगत वर्ष के आय-व्यय की समीक्षा की गई। इस मौके पर डीडीसी गरिमा सिंह, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, अंचल अधिकारी विजय कुमार, डीडीएमओ विभाकर कुमार, प्राचार्या, शिक्षक प्रतिनिधि राखी नूतन उरांव, अभिभावक प्रतिनिधि बिरजमणि उरांव व सुजीत उरांव, अरूण राम आदि थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मारपीट के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

लातेहार (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन क्षेत्र निवासी जीतेंद्र कुमार गुप्ता ने उक्त इलाके के ही लाल सुजीत नाथ शाहदेव पर मारपीट और गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। इस बाबत प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए सदर थाना में एक आवेदन भी दिया है। जिसमें उसने बताया कि गुरुवार की रात 9.30 बजे वो अपनी पान गुमटी की दुकान बंद कर रहे थे। तभी लाल सुजीत नाथ शाहदेव अपने वाहन से आया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। यही नहीं, दुकान में रखे सामानों को भी फेंक दिया। लगे हाथ दुकान नहीं खोनने की चेतावनी दी। इस संबंध में सदर थाना में कांड संख्या 219/2022 भादवि की धारा 341, 323, 504, 206 व 407 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने की इंदिरा गांधी चौक पर एटीएम खोलने की मांग

चंदवा (आजाद सिपाही)। उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा ने जनहित को ध्यान में रखते हुए चंदवा के सभी बैंक प्रबंधको को अपने लेटर पैड पर लिखित आवेदन देकर इंदिरा गांधी चौक पर एटीएम काउंटर खोलने की अपील की है। कहा कि चंदवा प्रखंड का इंदिरा गांधी चौक मुख्य चौक है। इसे देखते हुए सभी बैंकों से आग्रह है कि वे अपने-अपने एटीएम काउंटर खोलें।

### बिल्किस बानो के गुनहगारों को पुनः जेल भेजने की मांग को लेकर प्रदर्शन




चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा माकपा, झारखंड राज्य किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने बिल्किस बानो के गुनहगारों को पुनः जेल भेजने और राजस्थान के दलित छात्र इंद्र कुमार की हत्या में शामिल दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग को लेकर शुक्रवार को जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया। किसान सभा के जिला अध्यक्ष सह माकपा के वरिष्ठ नेता अयुब खान ने कहा कि गुजरात में 2002 में हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद वहां से सुरक्षित स्थान की तलाश में पलायन करने वालों में बिल्किस बानो का परिवार भी था। तब बिल्किस बानो के परिवार पर भीड़ ने हमला कर दिया था। हमलावरों ने बिल्किस बानो के साथ सामूहिक दुष्कर्म भी किया था और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। इन मुश्किलों के बावजूद बिल्किस ने अपने हक के लिए तमाम अदालतों से लेकर मानवाधिकार आयोग तक इंसाफ की गुहार लगाई। लंबी लड़ाई के बाद आरोपितों को बलात्कार और हत्या के जुर्म में दोषी ठहराते हुए कोर्ट ने 11 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। पर इस बार स्वतंत्रता दिवस पर गुजरात सरकार ने सभी को रिहा कर दिया, जो निंदनिय है। बिल्किस बानों का परिवार फिर से आतंक के साये में जी रहा है। इस लिए मांग की जा रही है कि रिहा किए गए दोषियों को पुनः गिरफ्तार कर जेल में डाला जाए। वहीं, राजस्थान के जालौर सायला में निजी विद्यालय में अध्ययनरत दलित छात्र इंद्र कुमार की मौत के लिए जिम्मेदार शिक्षक को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इस दौरान मौके पर नईम खान, परवेज खान, नसीम खान, आलम खान, तबरेज खान, अंगरेज खान, अफसर खान, असरफूल खान, तहदील खान, फैज खान, मोबीन खान और बादशाह खान आदि उपस्थित थे।

### स्थायी लोक अदालत में कराया गया सुलह समझौता



लातेहार (आजाद सिपाही)। स्थाई लोक अदालत में वेलफेयर कंपनी से अपनी जमा राशि वापस लेने आये जमाकर्ता व कंपनी के प्रतिनिधि के सुलह व समझौता के आधार पर वादों का निष्पादन किया गया। मौकेपर स्थायी लोक अदालत के सदस्य डॉ मुरारी झा, मो शकील अख्तर और अधिवक्ता राजीव रंजन पांडेय उपस्थित थे। स्थायी लोक अदालत के सदस्य मो अख्तर ने बताया कि करीब 200 जमाकर्ताओं ने वेलफेयर कंपनी से अपनी जमा राशि लौटाने के लिए स्थायी लोक अदालत में आवेदन किया था। किसी के पास 10 हजार तो किसी के पास कंपनी का आठ लाख रूपया बकाया है। जमाकर्ता व कंपनी के बीच सम्मानजनक समझौता कराया गया है। वहीं डॉ झा ने कहा कि आम लोग अपनी सुलहनीय वादों को लाकर स्थायी लोक अदालत का लाभ उठाएं।

### रद्द हुई 27 को होनेवाली ग्रामसभा



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड में इन दिनों छात्रों का जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने को लेकर बीडीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में लगातार बैठक की जा रही। इस बाबत 27 अगस्त को ग्रामसभा का आयोजन किया जाना था।जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया है। बीडीओ ने बताया कि प्रखण्ड प्रसाशन छात्रों की सुविधा के लिए बेहतर तरीके से एक शिविर लगाकर जाति प्रमाण पत्र बनाने में जुटी हुई है। जल्द शिविर का आयोजन किया जाएगा और छात्रों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा।

### खेल से जागृत होता है मित्रता व भाईचारा का भाव : राधा



सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के चौकनी डांडू खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय मां सरना कप फुटबॉल टूर्नामेंट का गुरुवार को समापन हुआ। जिसमें बालक वर्ग की आठ टीम व बालिकाओं की टीमों ने भाग लिया था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की भी मौजूद थी। फाइनल मुकाबले से पहले राधा तिर्की ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कहा कि खेल और पढ़ाई में सफलता पाने के लिये अनुशासन बहुत जरूरी है। खेल से मित्रता व भाईचारा की भावना जागृत होती है। जिसे जिस खेल में रुचि है वह उसी पर फोकस कर कैरियर बनाये। उधर, बालिका वर्ग का फाइनल मैच पहाड़ टीम इचरी बनाम फुटबॉल क्लब कुन्दगड़ी के बीच खेला गया। जिसमें इचरी की टीम को 0-1 से पराजित कर विजेता बनी। वहीं, बालक वर्ग में एनएफसी डाडू बनाम रोमन रेंजर्स मुरकी के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें एनएफसी डांडू ने मुरकी को 0-1 से पराजित कर दिया। अच्छे खेल के लिये बालक वर्ग में मैन ऑफ दी सीरीज संतोष नायक और बालिका वर्ग में मोनिका कुमारी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सेन्हा पंचायत मुखिया धनवाज उरांव, जे एमएम प्रखंड अध्यक्ष जय तिर्की, बीस सूत्री सदस्य देवकी उरांव, अमित भगत, सुखदेव महतो, मुकेश भगत, सजित भगत आदि उपस्थित थे।

## तेज हवा-बारिश से लातेहार, सेन्हा व किस्को में गिरे लोगों के आशियाने

आजाद सिपाही टीम





**लातेहार/सिन्हा/किस्को।** सदर प्रखंड के आरागुंडी पंचायत के समीप कुंदरी ग्राम में गुरुवार को तेज हवाओं के साथ हुए मूसलधार बारिश के कारण कुंदरी ग्राम निवासी मनोज प्रसाद का खपरैल के मकान का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। भुक्तभोगी मनोज ने बताया कि सहपरिवार खाना खाने के लिए बैठे थे तभी अचानक तूफान और तेज बारिश होने लगा, जिससे खपरैल का मिट्टी के मकान का एक भाग गिर गया। हालांकि वे लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन अनाज पूरी तरह बर्बाद हो गया। पास में सोए उसके बच्चे को हल्की चोट भी लगी है। उसने बताया कि मकान ढहने से करीब 40 हजार रुपये की क्षति हुई है। उसने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लिए कई बार ग्राम सभा से लेकर मुखिया तक से गुहार लगाई, लेकिन अभी तक आवास से वंचित है। बताया कि उसके परिवार में आठ सदस्य हैं जिन्हें काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उसने जिला प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है। उधर बीडीओ मेघनाथ उरांव ने बताया कि फिलहाल पीड़ित परिवार को सुविधा उपलब्ध करा दिया जाएगा। दूसरी ओर, **सेन्हा प्रखंड** क्षेत्र के अरु मेन रोड में श्रीकांत साहू का कच्चा मकान बारिश के बाद गुरुवार की रात भरभरा कर ढह गया। घर गिरने से जनरेटर मशीन और बर्तन क्षतिग्रस्त हो गए। आनंद राम ने दावा किया है कि इससे उसे करीब दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आनंद राम 2015 से किराये के मकान में रहकर दुकान चला कर अपना परिवार चला रहा था। गुरुवार की रात 10 बजे मकान गिरने की अवाज सुन कर किसी तरह वहां से बच कर निकल गया। वहीं, किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के अंबाटोली गांव में गुरुवार की रात में ही जोरदार बारिश और आंधी तूफान की वजह से अजय उरांव का आसियाना ठह गया। उसने बताया कि घर गिर जाने से परिवार के समक्ष सिर छिपाने की चिंता है। बतातें चलें कि बीते दिनों किस्को प्रखंड क्षेत्र में आंधी तूफान और जोरदार पानी के वजह से क्षेत्र के गरीब असहाय परिवार वालों को काफी नुकसान उठाना पड़ा था। हालांकि अंचल प्रशासन की ओर से क्षेत्र में गिरे घर मकान की सूची एकत्रित कर आपदा के तहत आर्थिक सहयोग पहुंचाने हेतु सकारात्मक पहल किये जाने की बात अंचल अधिकारी बुडाय़ं सारू द्वारा कही गई है।

## विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों में दी जायेगी बेहतर शिक्षा:जगरनाथ महतो

**नवनिर्मित कस्तूरबा मॉडल उच्च विद्यालय का शिक्षा मंत्री व वित्त मंत्री ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो और लोहरदगा विधायक सह वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने शुक्रवार को नवनिर्मित कस्तूरबा मॉडल उच्च विद्यालय का उद्घाटन किया। शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो ने कहा कि सरकार लगातार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। शिक्षा प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी संबंध में जिले के तीन विद्यालयों को मॉडल विद्यालय में तब्दील कर लोहरदगा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में ले जाने का काम झारखंड सरकार की ओर से किया जा रहा है। इन विद्यालयों के विकसित होने से जिले के विद्यार्थियों को सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा प्रदान की जाएगी। जिससे जिले के गरीब तबके के लोग प्राइवेट स्कूल से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे। झारखंड सरकार इसी दिशा में लगातार कार्यरत है।

वहीं लोहरदगा विधायक सह वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जिले के सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए झारखंड सरकार लगातार प्रयासरत है। इसी संबंध में आज लोहरदगा के उत्कृष्ट विद्यालय प्लस टू कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में विकास करने का सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। जिले में तीन स्कूलों को मॉडल स्कूल में तब्दील हो जाने पर शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिलेगा और हमारे क्षेत्र के विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राइवेट स्कूल से बेहतर शिक्षा प्रदान कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए स्कूलों में बेहतर शिक्षा मिलने की दिशा में काम लगातार कर रही है। इस दौरान मौके पर डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडीसी गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, कार्यपालक दंडाधिकारी सनी कुमार दास, डीएसई अरूपा पाल चौधरी, नगर परिषद सिटी मैनेजर विजय कुमार, सहित अन्य उपस्थित थे।

## महिला व विकलांग बोगी में सफर करते 53 यात्री गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** महिला व विकलांग बोगी में सफर करना यात्रियों को काफी महंगा पड़ गए। बरवाडीह रेल प्रसाशन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इन बोगियों में सफर करने वाले 53 यात्रियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। सभी को रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां इन यात्रियों से जुर्माना वसूल कर छोड़ा जाएगा। आरपीएफ इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ठाकुर ने बताया कि ट्रेन में महिलायें और विकलांगों के लिए अलग डब्बे आरक्षित हैं। पर ये लोग उन डब्बे में बैठ कर सफर करते हैं। इस कारण महिलाओं और विकलांगों को काफी परेशानी हो रही थी। इसकी सूचना मिलते ही इनके खिलाफ कार्रवाई की योजना बनायी गयी। इस दिन सुबह दो पैसेंजर ट्रन और रांची चोपन एक्सप्रेस में छापामारी की गयी जिसमें 53 यात्रियों को पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि बोगी के बाहर ही महिला बोगी और विकलांग बोगी लिखा हुआ है फिर भी लोग गलती करते हैं। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया कि महिला और विकलांग बोगी में सफर करने वाले यात्रियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। छापामारी अभियान में सचिन कुमार कॉन्स्टेबल विधान चंद्र पंचम कुमार, पांडेय, अजय कुमार प्रमोद कुमार हेड कॉन्स्टेबल रामकिशन मीणा हृदया नारायण, एएसआई सुभाष यादव आदि थे।

### वार्ड संख्या 11 में सामुदायिक भवन का किया गया उद्घाटन

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। वार्ड संख्या 11 ढोरी कॉटा के समीप राजकीय प्राथमिक विधालय के बगल में शुक्रवार को नव निर्मित सामूदायिक भवन का उद्गाटन किया गया। नप अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह उपाध्यक्ष छेदी नोनिया, कांग्रेस के वरीय नेता गिरिजाशंकर पांडेय और महेंद्र विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काट उद्घाटन किया। इसके पूर्व पंडित बिरेंद्र मिश्रा के द्वारा विधिवत पूजन कर संकल्प करा कर नारियल फोड़ा गया।

## मनचले युवकों ने चलती ट्रेन से युवती को फेंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा में मनचले युवकों द्वारा चलती ट्रेन से एक युवती को फेंक दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। वह डाल्टनगंज से रांची जा रही थी। पीड़िता ने बताया कि सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हुई थी। ट्रेन टोरी जंक्शन से आगे बढ़ी ही थी कि कुछ देर बाद उसे चक्कर आने लगे। वह ट्रेन के गेट के पास लगे बेसिन के पास खड़ी थी, तभी वहां मौजूद तीन युवकों ने उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। उसने विरोध किया तो मनचले युवकों ने मदतमीजी की और ट्रेन से धक्का दे दिया। वह गिर कर बेहोश हो गई। बाद में स्थानीय लोगों द्वारा उसे चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉ नंद कुमार पांडे ने उसका इलाज किया। जब लड़की को होश आया तो उसने खुद को अस्पताल में पाया। वहीं, डॉक्टरों ने बताया कि युवती की हालत खतरे से बाहर है। उसे सिर में सामान्य चोट आई है। वहीं, होश में आने के बाद युवती ने डालटेनगंज में रहने वाले परिजनों से संपर्क कर पूरी घटना की जानकारी दी। दूसरी ओरस घटना की जानकारी आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार को भी दी गई। उन्होंने कहा कि जांच कर दोषियों को पकड़ लिया जाएगा।

### पांच हजार आबादी वाले पाखर पठारी क्षेत्र के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर

# उग्रवाद प्रभावित पाखर पठारी क्षेत्र में 15 दिनों से बिजली गुल, विभाग मौन

आजाद सिपाही संवाददाता



बिजली के खंभे के टूटे तार।

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को प्रखंड अंतर्गत अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित ग्राम पंचायत पाखर के पठारी क्षेत्र में विगत 15 दिनों से बिजली गुल है। लेकिन बिजली विभाग इसे ठीक कराने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहा। जिस कारण लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बतातें चलें कि विगत दिनों तेज हवाओं के साथ लगातार तीन दिनों तक हुई बारिश के कारण पाखर पठारी क्षेत्र में काफी तबाही मची थी। लोग सांप-बिच्छुओं और जंगली जानवरों के खौफ में रात के अंधेरे में रहने को मजबूर हुए थे। गौरतलब है कि पाखर पठारी क्षेत्र के पाखर डूमर पाठ, पोखरा पाठ बंगला पाठ, सरना पाठ, कलहू टोली, बेंदो टोली, तुंद टांड़, अंबा कोना, चापा कोना, हुरहद, नवा टोली, हरा टांड़ एवं बघाटा आदि गांवों को मिलाकर करीब पांच हजार की आबादी है जहां निवास करने वाले आदिम जनजाति परिवार विगत 15 दिनों से अंधेरे में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। पर समस्याओं को दूर करने के बजाय बिजली विभाग ने खुद की आंखें मूंद ली है। दूसरी ओर, 15 दिनों से पाखर पठारी क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चौपट रहने पर पूर्व मुखिया शनिचरवा किसान, समाजसेवी चमन किसान, मंगा असुर, सुखनाथ नगेसिया, महिंदर किसान आदि ने आजाद सिपाही संवाददाता से बातचीत में नाराजगी जाहिर की। कहा कि बिजली विभाग कब तक गहरी नींद में सोई रहेगी। दो सप्ताह का समय बीत गया और हम अब भी अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और जरूरी काम ठप हैं। लेकिन बिजली विभाग समस्या को दुरुस्त करने के बजाय मौन बना हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द पाखर पठारी क्षेत्र में बिजली व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो बाध्य होकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। जिसकी सारी जवाबदेही बिजली विभाग की होगी।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा-गुमला मुख्यपथ के बीआइडी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर मंदिर में पूजा पाठ के बाद भव्य भंडारा का आयोजन भी होना है। इस कार्य में सभी सनातनी धर्म समुदाय के लोगों का सहयोग मिल रहा है। सभी राम भक्त, हनुमान भक्त अपनी क्षमता अनुसार मंदिर के वार्षिकोत्सव के लिए सहयोग राशि दे रहे है। सुबह 10 बजे से पूजा शुरू होगी। वहीं दोपहर दो बजे से भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाएगा। बतातें चलें कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उक्त जानकारी मंदिर कमेटी के सदस्यों ने दी है।

## राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सीआरपीएफ के जवान स्वर्गीय सुनील कुजूर (53) को शुक्रवार को भावभीनी नम आंखों से राजकीय सम्मान के साथ विदाई दी गई। जहां उनके गांव बेलगांव स्थित कब्रिस्तान में अंतिम दफन क्रिया किया गया। जहां इस दफन क्रिया में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस मौके पर नवाडीह चर्च के पल्ली पुरोहित फादर पिंगल कुजूर के द्वारा कबरिस्तान में अंतिम मिस्सा और बिनती प्रार्थना किया गया। शव को तिरंगे झंडे से सम्मान के साथ लपेट कर सीआरपीएफ के जवानों द्वारा कंधे ले लादकर घर से निकाला गया। इस मौके पर सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट सुमित सोरेन ने कहा कि हमने अपना एक अच्छा और सच्चा जवान खो दिया। जिसका हमें बेहद अफसोस है। मृतक जवान ने अपने पीछे पत्नि के अलावे दो बेटा और दो बेटी पीछे छोड़ गए। मृतक तीन माह से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। जिसका मुंबई अस्पताल में इलाज चल रहा था, बुधवार को उनकी मृत्यु हो गई। मुंबई से रांची एयर एंबुलेस से लाया गया, उसके बाद कंपनी के गाड़ी से गुरुवार को शव को लेकर उनके गांव पहुंची। जहां शुक्रवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। मौके पर थाना प्रभारी मनीष कुमार, सहित जवान और ग्रामीण उपस्थित है।

## बालू का उठाव बंद करने की मांग की



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत अंतर्गत कमलपुर गांव के ग्रामीणों ने गोविंदपुर मुखिया रजनी मिंज को कमलपुर के सैकड़ों ग्रामीण एकजुट होकर एक आवेदन शुक्रवार को दिया है। आवेदन के अनुसार अवैध रूप से उठाव कर रहे कमलपुर नदी बालू घाट से लोड ट्रैक्टर कब्रगाह के पास से होकर अन्य जगह जाती है। जिस पर कब्रगाह क्षतिग्रस्त हो रही है। वही ग्रामीणों ने कहा कि यदि कमलपुर नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव बंद हो जाये तो हमारे समाज की कब्रगाह क्षतिग्रस्त होने से बच सकती है। यदि बालू का उठाव बंद नहीं होता है तो हमलोगों का कब्रगाह सुरक्षित नहीं होगा। तो हम सभी ग्रामीण जिला प्रशासन से इसकी शिकायत करेंगे। वही मुखिया रजनी मिंज ने कहा कि पूर्ण रूप से कोशिश करती हूं कि कब्रगाह को किसी तरह का कोई नुकसान ना हो। वही ट्रैक्टर के मालिकों से बात करती हूं कि बालू का अवैध उठाव बंद करें। बालू का अवैध उठाव बंद होगा तभी जाकर कब्रगाह सुरक्षित रहेगा। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व बालू के अवैध कारोबार के कारण एक बुजूर्ग महिला को भी अपनी जान गंवानी पड़ी थी। हुआ यह की बालू माफियाओं को सूचना मिली कि जारी थाना नदी में रेड करने आ रही है। तभी आनन-फानन में बालू माफिया अपने अपने ट्रैक्टरों को नदी से हटाने में लग गये। गाड़ी बिना देखे रफ्तार के साथ भागते रहे। इसी दौरान एक महिला ट्रैक्टर की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी है। जिसके बावजूद भी गोविंदपुर पंचायत के कमलपुर, तिगरा और रातामाटी बालू घाट से बालू उठाव का अवैध कारोबार धड़ले से अभी भी हो रही है जो थमने का नाम नहीं ले रहा है।

## छात्रा की कुआं में डूबने से मौत

**बसिया (आजाद सिपाही)।** राजकीय मध्य विद्यालय बम्बियारी की चौथी वर्ग की छात्रा की कुआं में डूबने से मौत ही गई। जानकारी के अनुसार सोनाली 25 अगस्त को विद्यालय से आने के बाद खेल रही थी। इसी बीच शाम के समय घर मे रखे एक छोटा बाल्टी लेकर बगल में स्थित कुआं में पानी भरने गई। और पैर पिसलने के कारण कुआं में जा गिरी और उसकी मौत हो गई। जब सोनाली कुआं में पानी भरने गई, उस समय घर मे उसके पिता कंदरा सिंह अस्वस्थ होने के कारण बिस्तर में था वही मां दिहाड़ी मजदूरी करने बाहर गई थी। जब मां लौटी तो सोनाली घर मे नही थी। काफी खोजबीन के बाद वह नहीं मिली। सुबह जब उठे तो देखा कि घर मे रखे छोटा बाल्टी नही है। तब परिजनों को शक हुआ और कुएं में झागर डाल कर देखा तो सोनाली का शव निकला। घटना की जानकारी बसिया थाना को दी गई। बसिया पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

## मानव तस्करी को लेकर जेल

**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड की एक नाबालिग बच्ची को दिल्ली ले जाकर बेचने के मामले में निनई निवासी मंगल साहू को बसिया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध मैं थाना प्रभारी प्रदीप रजक ने बताया कि निनई निवासी संजय साहू उर्फ मंगल साहू ने 2013 में एक नवालिक लड़की को दिल्ली ले जाकर बेच दिया था। जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो मंगल साहू पर दबाव बनाया।लेकिन वह परिजनों को गुमराह करते रहा। इस संबंध में परिजनों ने अहतु थाना कांड संख्या 05/22 दिनांक 15/06/22को एक मामला दर्ज कराया था। थाना प्रभारी प्रदीप रजक द्वारा इस कांड का अनुसंधान करते हुए बुधवार को संजय साहू उर्फ मंगल साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया।

## ग्रामीणों के बीच 580 पौधों का वितरण किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सर्वेश्वरी शाखा समूह घाघरा परिसर में सादस्यो द्वारा ग्रामीणों के बीच 580 पौधों का वितरण किया। घाघरा चांदनी चौक स्थित सर्वेश्वरी शाखा समूह घाघरा परिसर में सदस्यों द्वारा ग्रामीणों के बीच 580 पौधा का वितरण शुक्रवार को किया गया। इस क्रम में कटहल, आम, अमरूद, महुगुनी जैसे कई पौधा का वितरण किया। मौके पर शाखा के मंत्री नंदलाल साहू ने कहा कि पेड़ की अंधाधुंध कटाई से पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। इस निमित्त सर्वेश्वरी समूह के द्वारा घर-घर बाड़ी घर-घर पेड़ लगाने का लक्ष्य के तहत कार्य कर रही है लोग पेड़ लगायें जीवन बचायें। वही इस क्रम में घागरा पोस्ट ऑफिस के समीप कटहल और महुगुनी का पौधा सादस्यो ने लगाया। इस मौके पर उपस्थित लोगों में बलराम सोनी, दिलीप श्रीवास्तव, जग लाल साहू, हृदय सोनी, मोतीलाल साहू, अमित सोनी, चंद्र गोसाई, बिको गोसाई, सोमरा उरांव, रवि उरांव सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## भाकपा (माले) रेड स्टार की बैठक संपन्न

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा ( माले ) रेड स्टार की बैठक गुमला कचहरी के बगल में माले के किसान सभा जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक को संबोधित करते हुए कामरेड आदित सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की जनविरोधी रवैया के कारण गांव से लेकर राज्य तक भ्रष्टाचार , कालाबाजारी जैसी समस्या व्याप्त है । गुमला पिछड़ा जिला होने के बावजूद लूट खसोट का भरमार है जिसके खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा । बैठक में भाकपा ( माले ) रेड स्टार का 24 सितंबर से 29 सितंबर 2022 तक केरल प्रदेश में होने वाली महाधिवेशन की सफलता के लिए 7 सदस्य तैयारी समिति का गठन किया गया जिसमें माले के जिला प्रभारी प्रकाश उरांव , आदित्य सिंह , सुखराम पहान , मंगरा उरांव , सोमरा खड़िया , दांदू भगत व मालती देवी शामिल किए गए हैं। वहीं गुमला जिला में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा मजदूर व किसानों का हो रहे शोषण के विरुद्ध 14 सितंबर 2022 को जिला मुख्यालय गुमला में धरना कार्यक्रम करने , जिले में पार्टी की मजबूती व विस्तार के लिए जनता के बीच पार्टी का नीति सिद्धांत तथा जन समस्याओं को लेकर जनसंपर्क व बैठक इत्यादि गतिविधि तेज करने के अलावे कई निर्णय लिए गए हैं। बैठक में मंगरा उरांव , परमेश्वर साहू , दांदू भगत , सोमरा खड़िया , बालेश्वर हजाम , करमा उरांव व राजकुमार राय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### पत्नी की जगह खुद बात कर रहा था, बैंककर्मी ने मना किया था

# घाघरा प्रखंड प्रमुख के पति ने बैंक के कर्मचारी को पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत बैंक कर्मी विवेक प्रशांत कुजूर को घाघरा प्रखंड प्रमुख सविता देवी के पति कृष्णा लोहरा ने बैंक के पास जाकर मारपीट कर दिया। मारपीट की घटना को देखकर स्थानीय ग्रामीण हतप्रभ रह गए और पूरे मामले को लेकर के ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। जानकारी के अनुसार बैंक कर्मी विनय कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति का केसीसी लोन दस हजार रुपये बैंक के द्वारा स्वीकृत किया गया था। उसी लोन को बढ़वाने की बात प्रमुख के पति कृष्णा के पास उस व्यक्ति के द्वारा कहा गया, तब कृष्णा ने कहा कि तुम जाकर बैंक में हमें फोन में बात कराना। वह व्यक्ति जब बैंक में जाकर बैंक कर्मी से फोन लगाकर कहा की प्रमुख बात करेंगे तो बैंक कर्मी फोन ले लिया। फोन में किसी पुरुष का आवाज सुनने के बाद बैंक कर्मी ने कहा कि प्रमुख तो यहां की महिला हैं फिर प्रमुख यह आदमी नहीं हो सकता। मैं बात नहीं करूंगा। यह कह कर फोन में बात करने से इनकार कर दिया। जिसके कुछ देर बाद ही कृष्णा लोहरा के साथ एक युवक बैंक पहुंचा और बैंक कर्मी को बैंक से बाहर निकलने के बाद हाथ पैर तोड़ देने की धमकी दिया गया। इस पूरे मामले को लेकर के बैंक कर्मियों के द्वारा थाना प्रभारी अमित चौधरी को दोपहर को ही दूरभाष पर इसकी सूचना दे दिया गया था। शाम जैसे ही 5:30 हुआ तो बैंक कर्मी बैंक बंद करने लगे। इसी दरमियान कृष्णा लोहरा बैंक के पास पहुंच गया और जैसे ही बैंक कर्मी विवेक प्रशांत बैंक से बाहर निकला, उसके साथ कृष्णा के द्वारा मारपीट कर दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से बैंक कर्मी को बचाया गया। सभी भयभीत बैंक कर्मी तुरंत ही वहां से किसी तरह भागकर अपना इज्जत और मान सम्मान को बचाया। मारपीट की घटना से सभी बैंक कर्मी भयभीत है। इस पूरे मामले में पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है।

### थाना प्रभारी ने कहा, होगी कार्रवाई

**इधर थाना प्रभारी अमित चौधरी से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बैंक कर्मी के साथ मारपीट की सूचना फोन पर मिली है मैं अभी जाम स्थल में हूं जाम खुलते ही में पूरे मामले को लेकर गंभीरता से कार्रवाई करूंगा।**

### प्रमुख के पति ने नहीं उठाया फोन

**इधर प्रमुख के पति कृष्णा लोहरा से उनका पक्ष जानने के लिए जब उनसे उनके मोबाइल नंबर पर कॉल किया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।**

### पूर्व में भी बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर की हो चुकी है पिटाई

बैंक कर्मियों के साथ मारपीट का यह कोई पहला मामला नहीं। इसके पूर्व भी लगभग 12 वर्ष पूर्व घाघरा बैंक ऑफ इंडिया के तत्कालीन शाखा प्रबंधक दिवाकर चटर्जी की भी पिटाई जमकर की गयी थी। उस वक्त भी प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई पुलिस के द्वारा किया गया और विरोध में लगभग 1 महीने तक बैंक कर्मियों ने बैंक को हड़ताल कर दिया था। जिससे घाघरा का अर्थ व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई थी।

## प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर का उत्कृष्ट प्रदर्शन





आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** विद्या भारती झारखंड की योजना अनुसार गुमला विभाग के अंतर्गत गुमला, रायडीह, लोहरदगा और कैंबाटेगरिया संकुल से 13 विद्यालय के 155 भैया तथा 130 बहनों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में मुख्य रूप से सरस्वती विद्या मंदिर गुमला, लोहरदगा, रायडीह विद्या मंदिर लोहरदगा, प्लस टू कॉलेज लोहरदगा, बड़की चापि, सिसई, सिसई आश्रम, भरनो, लांजी तथा कैंबाटेगरिया के भैया बहनों ने वैदिक गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत, संस्कृत बोध, तथा कंप्यूटर विषय पर आधारित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रश्न मंच शिशु, बाल, किशोर तथा तरुण 4 वर्गों में विभक्त कर आयोजित किया गया। प्रश्न मंच के संचालन के लिए 45 पुरुष आचार्य तथा 26 महिला आचार्यों ने सक्रियता पूर्वक कार्य किया। सरस्वती विद्या मंदिर गुमला, सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा तथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लांजी को क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब प्राप्त हुआ। इसके पहले प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सह सचिव प्रभात कुमार दास, समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में प्रांतीय घोष प्रमुख राजेश कुमार सिंह, विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा, विपिन दास, उत्तम मुखर्जी, देव कुमार सिंह, लालू उरांव, मनोज कुमार, उषा सिंह ललन सिंह, सुरेश चंद्र पांडे ने संयुक्त रूप से सरस्वती माता और भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। मंचासीन अधिकारियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने तथा विद्या मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य विपिन दास ने पर्यवेक्षक और निर्णायक टीम की घोषणा तथा प्रतियोगिता के नियम भैया बहनों तथा आचार्यों के सामने रखा। कुल 60 प्रतियोगिताओं में से सरस्वती विद्या मंदिर गुमला की टीम 15 प्रतियोगिताओं को जीतकर प्रथम स्थान पर रही। वही 11 प्रतियोगिताओं को जीतकर लोहरदगा विद्या मंदिर की टीम द्वितीय स्थान पर तथा 6 प्रतियोगिताओं को जीतकर लांजी विद्या मंदिर की टीम तृतीय स्थान पर रही। विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह तथा समिति के सचिव अमृत कुमार मेटे ने संयुक्त रुप से समापन समारोह में भैया बहनों को संबोधित करते हुए प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रोत्साहन देने का काम किया। अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने कहा प्रतियोगिता से आत्मविश्वास बढ़ता है और बड़ी परीक्षाओं का सामना करने की क्षमता बढ़ती है। वही सचिव अमृत कुमार मेटे ने कहा प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों ने प्रांतीय प्रतियोगिता में स्थान बना दिया है उन्होंने घोषणा किया कि प्रांतीय प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को गुमला विभाग में भी पुरस्कृत किया जायेगा। सितंबर माह की 19 एवं 20 तारीख को चाइबासा में संस्कृत, संस्कृति बोध अंग्रेजी एवं विज्ञान विषय के प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

### प्रांतीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी

**मुसाबनी में कंप्यूटर और वैदिक गणित विषय के प्रांतीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। विद्यालय के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने अध्यक्षीय भाषण में भैया बहनों को उत्साहित करते हुए कहा अपनी सफलता को बरकरार बनाये रखने की आवश्यकता है एवं अपनी जिम्मेदारियों के प्रति सदैव सजग रहने की आवश्यकता है। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर भरनो के प्रधानाचार्य देव कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। समापन समारोह में इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे सभी आचार्य, प्रधानाचार्य, सेवक सेविकाओं को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।**

### राष्ट्रीय धर्म गुरु जयपाल उरांव का निधन

# कई घंटे शव के साथ सड़क जाम की

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय धर्म गुरु जयपाल उरांव के निधन के बाद सैकड़ों की संख्या में सरना धर्मावलंबी घाघरा प्रखंड मुख्यालय स्थित आवास में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। यहां बता दें कि धर्मगुरु की मौत बीते गुरुवार की दोपहर रांची स्थित रिम्स अस्पताल में हो गई थी। जिसके बाद शुक्रवार को शव घाघरा स्थित आवास पहुंचाया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में सरना धर्मावलंबी पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने कहा राष्ट्रीय धर्मगुरु जयपाल उरांव की मौत सरना धर्मावलंबियों के लिए अपूर्णीय क्षति है, इसकी भरपाई समाज के लिए संभव नहीं। इन्होंने अपना सारा जीवन आदिवासियों की संस्कृति सभ्यता के लिए न्योछावर किया। पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा जयपाल उरांव की मौत से आदिवासी समाज पूरी तरह से आहत है, यह अपूर्णीय क्षति है।



श्रद्धांजलि देने वालों में जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज मुंडा, महासचिव प्रो. डॉ. प्रवीण उरांव, बंधन तिग्गा, प्रदेश धर्म गुरु राजेश लिंडा, दीपा खलखो, सोमे उरांव, जलेश्वर उरांव, माघी उरांव, सुभानी तिग्गा, सुष्मिता कच्छप, सुलोचना खलखो, सुचिता बाड़ा, नीमा तिर्की, बीडीओ विष्णु देव कच्छप, मानती उरांव, शिवा देवी, तेम्बू उरांव, अमित ठाकुर, रवि पहान, लाल उरांव, सतीश उरांव, सुगंबर उरांव, उर्मिला कच्छप, मनती उरांव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### जमीन विवाद को लेकर जयपाल के साथ हुई थी मारपीट

राष्ट्रीय धर्मगुरु जयपाल उरांव को श्रद्धांजलि देने आये लोगों में चर्चा होने लगी कि कुछ महीने पूर्व जमीन विवाद को लेकर जयपाल के साथ मारपीट हुई थी। जिसके कारण वह बीमार चल रहा था और उनका मौत हुआ। इस बात को लेकर शव के साथ सैकड़ों की संख्या में चांदनी चौक पर सड़क जाम रखा। जिसके बाद एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, इंस्पेक्टर मनोज कुमार, बीडीओ विष्णु देव कच्छप, सीओ प्रणव ऋतुराज एवं थानेदार अमित कुमार चौधरी घटनास्थल पहुंचे लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे है। जाम कर्ताओं ने कहा कि जयपाल उरांव के टोंकाटोली स्थित जमीन पर कब्जा करने के लिए 28 जून को घाघरा निवासी जयंत जायसवाल, प्रियांशु जायसवाल, शानिचरवा उरांव, धर्मेंद्र उरांव व लालचंद उरांव गये थे। जहां डंडे से जयपाल को मारपीट किया गया था। जिसमें सिर के पिछले हिस्से पर गंभीर चोट आयी थी। 28 जून को जयपाल घाघरा थाना में इसकी शिकायत किया। कार्रवाई नहीं होने पर 5 जुलाई को गुमला एसपी को आवेदन दिया गया। जाम कताओं का कहना है कि जयपाल की मौत जमीन विवाद के दौरान हुई मारपीट के कारण हुआ है। सिटी स्कैन में सिर के पिछले हिस्से पर गंभीर चोट का निशान है जो मृत्यु का कारण बना। इस दौरान जामकर्ताओं ने हमला करने वालों को गिरफ्तार करने का मांग कर रहे है। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम रहा।

## करमा पर्व की तैयारियों को लेकर केंद्रीय सरना समिति ने की बैठक



**सिसई (आजाद सिपाही)।** करमा पर्व की तैयारियों को लेकर केंद्रीय सरना समिति की बैठक आदिवासी कला सांस्कृतिक भवन में समिति अध्यक्ष महादेव उरांव की अध्यक्षता में हुई। इस बाबत सचिव रोपना उरांव ने बताया कि प्रखंड स्तरीय करमा पर्व संध्या आगामी 5 सितंबर एवं करमा पर्व 6 सितंबर को मनाया जायेगा। पूर्व संध्या कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रखंड स्तरीय खेल-खोड़हा पार्टी को आमंत्रित किया जायेगा। भाग लेने वाले इच्छुक टीम 3 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक आदिवासी कला सांस्कृतिक भवन में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। भाग लेने वाले सभी टीमों को केंद्रीय सरना समिति की ओर से पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं उन्होंने बताया कि केंद्रीय सरना समिति की अगली बैठक 28 सितंबर दिन रविवार को दोपहर 2 बजे से रखी गई है। इस मौके पर सोमेश उरांव, धनेश्वर उरांव, जगदेव उरांव, रामनिवास उरांव, धुमा उरांव, सचिदानंद उरांव,साधो उरांव, बुचनू उरांव, सुनिता उरांव, शनियारो उरांव, जानकी कुमारी, मालती कुमारी सहित सरना समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय फुटबॉल प्रशिक्षण संपन्न



**सिसई (आजाद सिपाही)।** एसएसबी सिक्योरिटी एजेंसी के पांचवें बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को कुदरा मोड़ स्थित फुटबॉल मैदान में संपन्न हुआ। पांचवें बैच में गुमला, लोहरदगा, बेड़ों, सिसई, बसिया, पुसो सहित अन्य जगहों के कुल 38 प्रतिभागियों ने सिक्योरिटी गार्ड का प्रशिक्षण प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनर आर्मी रिटायर्ड नायक श्याम नारायण सिंह व सेकेंड ट्रेनर रिटायर्ड लांस नायक सतेन्द्र पहान के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। एजेंसी के मैनेजर सतेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि एस एस बी सिक्योरिटी एजेंसी के द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और विभिन्न सुरक्षा बलों व सिक्योरिटी गार्ड का प्रशिक्षण और प्रशिक्षण पुर्ण होने पर प्रमाण पत्र दिया जाता है, प्रखंड में अब तक पांच बैच का ट्रेनिंग पुर्ण हो चुका है, प्रत्येक बैच में प्रखंड व जिले के अलावा आस पास के विभिन्न जिलों के 35-40 युवक-युवती प्रशिक्षण प्राप्त किया है। छठे बैच के लिए रजिस्ट्रेशन चालू है, नये बैच की ट्रेनिंग 10 सितंबर से शुरू की जायेगी। ट्रेनिंग लेने वालों में धनसा उरांव, सुखदेव उरांव, अनिल उरांव, प्रदीप उरांव, मनी उरांव, लखन उरांव, रीना कुमारी, शक्तिमा कुमारी, बसंती उरांव, संगीता कुमारी, सुशांति कुमारी सहित कई लोग शामिल थे।

## शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की

**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया इंटर कॉलेज के सभागार में आज महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य केदारनाथ दास की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के महासचिव अरविंद सिंह ने कहा कि मोर्चा के तत्वावधान में आगामी पांच सितंबर को झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री के आवास के घेराव का कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां जाँच के नाम पर इंटर कॉलेज कर्मियों का भयादोहन किया जा रहा है वहीं बीएड की अनिवार्यता का भय दिखाकर इन कॉलेजों में अवकाश की सीमा पर खड़े शिक्षकों के अस्तित्व पर ही सवाल उठाने का काम किया जा रहा है। इसे विभाग की साजिश करार देते हुए उन्होंने बताया कि झारखंड में अभी तक इंटर कॉलेजों को लेकर किसी तरह की नियमावली ही नहीं बनी है और जबतक झारखंड में तत्संबंधी नियमावली नहीं बनती है तबतक राज्य गठन के पूर्व बहाल किए गए शिक्षकों को बीएड के दायरे में लाना कतई न्याय संगत नहीं है। इसी तरह वरीय अधिकारियों के द्वारा पूर्व में ही इन कॉलेजों की जांच कई बार की जा चुकी है और अब इस जांच के विरुद्ध कनीय अधिकारियों के द्वारा जाँच कराने का फरमान जारी कर दिया गया है। इसी तरह भुखमरी के कगार पर खड़े इंटरकर्मियों को न्याय संगत अनुदान से भी वंचित रखा गया है। ज्ञातव्य है कि इन तमाम मुद्दों को लेकर इंटरकर्मियों में आक्रोश है और उन्होंने मोर्चा के तले शिक्षक दिवस के अवसर पर आगामी पांच सितंबर को शिक्षा मंत्री के आवास के घेराव की घोषणा कर रखी है। आज आयोजित इस बैठक में मोर्चा के संकल्पों के अनुरूप घेराव कार्यक्रम में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने संबंधी निर्णय लिये जाने की सूचना है। आज आयोजित बैठक में प्रो. बसंती साहू, नरेश कुमार, लक्ष्मी नारायण गोराई, इंद्र देव भगत, शिवटहल साहू, देवीदयाल साहू, निरल अनुकरण होरो, इम्मा सरोजिनी केरकट्टा, नीलम कुमारी, गोपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

## गणेश पूजा को लेकर माध्वंस क्लब की बैठक आयोजित

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सस्थित लाइब्रेरी के समीप गणेश पूजा को लेकर माध्वंस क्लब की बैठक आयोजित की गई। बैठक मैं सर्व समिति से गणेश पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही सदस्यों ने कहा कि विशेष लाइटिंग की व्यवस्था और पंडाल को सजाया जायेगा। जो आकर्षण का केंद्र रहेगा। कोरोना काल के बाद पुनः गणेश पूजा हो रही है, जिसे धूमधाम से सम्पन्न किया जायेगा। मौके पर नीरज कुमार साहू, संजय सिंह, नरेंद्र मंटू गुप्ता, संजय साहू, राहुल गुप्ता, सुसीत गोस्वामी, जसवंत महतो, दीपक कुमार, प्रवीण साहू, विकी कुमार, सचिन कुमार, निखिल कुमार, बसंत साहू, नवीन कुमार, विपिन कुमार सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## असंगठित कामगार कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने विकलांग को की मदद



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मुख्तार आलम ने कहा कि मुझे आज सूचना प्राप्त हुई कि गुमला जिला करौंदी पंचायत के रहने वाले राजू साहू बचपन से विकलांग है । उनकी शादी हो चुकी है, परंतु कोई संतान नहीं है। वह अत्यंत गरीब और लाचार व्यक्ति हैं, छोटा सी पान की दुकान चलाकर अपना और अपने परिवार का जीविका चलाता है। राजू साहू चलने फिरने में भी पूरी तरह असमर्थ है। इन्हें ट्राईसाईकिल की अति आवश्यकता है। मुख्तार आलम ने कहा की इसकी जानकारी मुझे मिलने पर मै अविलंब इसे संज्ञान में लेकर अपनी टीम के साथ इसके दुकान करौंदी पहुंचकर सारे मामले की जानकारी लेते हुए ट्राईसाइकिल दिलवाने के लिये राजू साहू से सभी जरूरत के कागजात लिया गया है,मुख्तार आलम ने कहा कि राजू साहू को सरकार से मिलने वाले सभी तरह की सरकारी लाभ भी दिलाया जायेगा। मुख्तार आलम ने कहा कि हमारा असंगठित कामगार कांग्रेस की टीम हमेशा लाचार जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए तत्पर रहती है। हमलोगों की पहली प्राथमिकता हर जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करना है। मौके पर असंगठित कामगार जिला उपाध्यक्ष पप्पू अनवर, जिला सचिव मंगल उरांव, नगर अध्यक्ष इनायत आलम उपस्थित थे।

## डिजिटल शिक्षा के लिए बच्चों के बीच टैब का किया वितरण

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन घाघरा,गुमला के तत्वाधान में घाघरा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चपका में ग्रामीणों के साथ डिजिटल शिक्षा को लेकर टैब डिस्ट्रिब्यूशन-सह-पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विष्णुदेव कश्यप बीडीओ,घाघरा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रीति कुजूर, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी पुष्पा टोप्पो, एवं चपका पंचायत के मुखिया अंगनी देवी शामिल हुए। सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का विद्यालय के बाल संसद द्वारा स्वागत गीत गाकर तथा बुके देकर स्वागत किया। बैठक में बच्चों की लर्निंग को लेकर बातचीत की गई। संस्था के जिला प्रभारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया की प्रखंड के तीन विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चपका, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकरा तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय ईटकिरी के कक्षा 6-8 में पढ़ने वाले सभी बच्चों का समूह निर्माण किया गया है इन सभी विद्यालयों के बच्चों के बीच 87 टैब बाटा जायेगा।

# प्रशासन ने चलाया हुसैनाबाद शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान

## अतिक्रमण हटाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा : कार्यपालक पदाधिकारी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर पंचायत व प्रशासन ने शुक्रवार को अभियान चलाया। अभियान के दौरान शहर के जेपी चौक से अंबेडकर चौक के बीच अतिक्रमण हटाया गया। पूर्व में नगर पंचायत द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र से विधिवत प्रचार कराया गया था। अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमित स्थान खाली करने की चेतावनी दी गई थी। लोगों का कहना है कि अतिक्रमण के कारण काफी परेशानी हो रही है। हुसैनाबाद शहर के सौंदर्यीकरण में अतिक्रमण सबसे बड़ी बाधा साबित हो रहा है। शहर की मुख्य सड़क हो या जयप्रकाश चौक व अंबेडकर चौक आदि क्षेत्र में व्यापक अतिक्रमण है। अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कोई कड़ी कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद हो गए हैं। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी मो0 परवेज, अंचल पदाधिकारी नंद कुमार राम आदि ने शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान का नेतृत्व किया।प्रशासन की इस कारवाई से व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है। अतिक्रमण हटाने के दौरान काफी संख्या में लोगों की भीड़ जमी रही। अभियान में पुलिस के जवान भी दल बल के साथ शामिल थे। शहर में अतिक्रमण के कारण लोगो को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है व आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।शहर के दुकानदारों ने ही अतिक्रमण कर शहर को नारकीय स्थिति में कर दिया है। इस कारण जपला-छतरपुर मेन रोड, जयप्रकाश चौक से गाधी चौक तथा जपला- हैदरनगर रोड सहित सभी जगहों पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा है। इस कारण रास्ता इतना संकीर्ण हो गया है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है।इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी मो0 परवेज ने बताया की यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।शीघ्र ही शहर को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। मौके पर नपं के राकेश सिंह, लेखापाल रविकांत पटेल, अवधेश कुमार,संजीत कुमार, बिकास कुमार,रवि यादव समेत कई कर्मी मौजूद थे।

## हुसैनाबाद पैक्स कार्यालय में पैक्स अध्यक्ष की हुई बैठक



**हुसैनाबाद(आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल कार्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रखंड के सभी पैक्स अध्यक्ष की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कि जबकि संचालन प्रबंधक देवशंकर प्रसाद जी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से किसानों की समस्या पर चर्चा की गई। वर्तमान हालात को देखते हुए सभी किसानो को फसल राहत योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी योजना, से आच्छादित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि क्षेत्र में वारिश नही होने के कारण किसानों के समक्ष भुखमरी की स्थिति बन गयी है। किसानों की समस्या को देखते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ किसानों को ससमय मिले इसके लिए सभी पैक्स अध्यक्ष को सजगता पूर्वक कार्य करने की जरूरत है। बैठक में मुख्य रूप से सुरेश प्रसाद यादव, सुदैय सिंह, सुजीत मेहता, रामप्रवेश सिंह, विपिन सिंह, विशवनाथ सिंह, सुरेन्द्र सिंह, बिमलेश पासवान, बलराम मेहता आदि मौजूद थे।

## पर्यावरणविद् ने पलामू डीसी से की मुलाकात



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल जिले के उपायुक्त श्री ए.दोड्डे से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पर्यावरणविद श्री कौशल ने उपायुक्त को हिमाचल के कपूर का पौधा देकर मुलाकात को यादगार बनाया। श्री कौशल ने पर्यावरण के क्षेत्र में अपने द्वारा पिछले 56 वर्षो से चलाए जा रहे अभियान की विस्तृत जानकारी उपायुक्त को दिया। इस दौरान उन्होंने जिले में सुखाड़ की स्थिति पर भी चर्चा किया।

## हैदरनगर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम का शिक्षकों ने किया अभिनंदन



**हैदरनगर/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम की प्रतिनियुक्ति हैदरनगर बीआरसी में होने के बाद प्रखंड के सहायक अध्यापकों ने बीआरसी प्रशाल हैदरनगर में अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बुके, कलम व डायरी देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक अध्यापक संगठन के अनुमंडलीय संयोजक विजय बहादुर सिंह ने किया। अभिनन्दन समारोह में शिक्षकों ने कहा कि विद्यालयों में शैक्षणिक व प्रबंधकीय व्यवस्था में गुणात्मक सुधार के लिए कुशल व अनुभवी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शिक्षकों ने आशा व्यक्त किया है कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के रूप में रामनरेश राम के योगदान से क्षेत्र में शैक्षणिक वातावरण के साथ साथ शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन भी हो सकेगा।शिक्षकों ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का पदभार ग्रहण करने से विद्यालयों एवं विभागीय कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई है।मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नरेश राम ने कहा कि विभागीय कार्यों में पारदर्शिता सहित विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण तैयार करना उनकी प्राथमिकता होगी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हैदरनगर के अलावा क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हुसैनाबाद के प्रभार में भी हैं। समारोह में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह को भी शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर वरिष्ठ सहायक शिक्षक विनोद पांडेय अमरेंद्र प्रसाद, संजय राम, बिंदु राम , पप्पू पटेल, विरेंद्र कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रकाश सिन्हा, निरंजन सिंह, अमित शर्मा, वरुण सिंह, मशकूर अहमद, विश्वनाथ राम रवि, संदीप राम, राघवेंद्र सिंह, शैलेश सिंह अंजनी सिंह, शक्ति सिंह, सहित बीआरसी कर्मी राजीव गुप्ता, अनवर, राधेश्याम, राम सिंह, जयनारायण राम एवं कई शिक्षक कार्यक्रम में शामिल थे।

## लाभुकों के बीच सोना सोबरन धोती साड़ी व लुंगी का किया गया वितरण



**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)** । जिले के छतरपुर नगर पंचायत के वार्ड नं 15 स्थित रामजतन राम की जन वितरण दुकान पर सोना सोबरन साड़ी, धोती और लूंगी योजना अंतर्गत लाभुकों के बीच साड़ी, धोती, लूंगी का वितरण नगर उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा सिलदाग पंचायत के मुखिया उमेश यादव समाजसेवी सुदामा चंद्रवंशी, अजय चद्रवशी बिनेश्वर चंद्रवंशी आदि की मौजूदगी में वितरण किया गया।

## हैदरनगर में सोना सोबरन योजना के दूसरे चरण का शुभारंभ सीओ ने किया



**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना सोना सोबरन साड़ी, धोती/लुंगी योजना के दूसरे चरण का शुभारंभ सीओ राजीव नीरज ने की। कार्यक्रम में सीओ राजीव नीरज मौजूद थे। मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जरुरतमंद लोगों तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। झारखंड सरकार दूसरे चरण में भी गुलाबी व पीला कार्डधारी लाभुकों को रासन के साथ साथ कपड़ा भी दे रही है। उन्होंने सभी जविप्र के दुकानदारों को इस योजना के लाभुकों को पारदर्शिता के साथ साड़ी, धोती/लुंगी वितरण करने का निर्देष दिया।कहा कि योजनाओं में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से सरकार द्वारा दी जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।इस मौके पर हैदरनगर पूर्वी पंचायत समिति सदस्य शैलू जायसवाल, डॉ अजय जयसवाल, उपमुखिया पवन जायसवाल, डीलर कामता दुबे, राजाराम साव आदि मौजूद थे।

## प्रेझा फाउंडेशन कौशल कॉलेजों में नामांकन शुरू

### बीडीओ को प्रसार करने का मिला निर्देश

**हैदरनगर/पलामू(आजाद सिपाही)।** जिला कल्याण पदाधिकारी पलामू के जारी निर्देश के आलोक में हैदरनगर बीडीओ को कौशल कॉलेजों में इच्छुक आवेदकों से नामांकन कराने में सहयोग करने को कहा है। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक व पिछड़ा वर्ग कयाण विभाग झारखंड सरकार की ओर जारी आदेश पत्र में बताय गया है कि प्रेझा फाउंडेशन विशेष परियोजना के तहत 27 गुरुकुल, आठ नर्सिंग कॉलेज व एक आईटीआई कॉलेज (मैनुफैक्क्रिंग एंड कोम्मी शेफ) का वर्तमान में संचालन कर रहा हे। जिसमें झारखंड के कोई भी छात्र - छात्रा इच्छानुसार विषय के ऑनलाइन नामांकन ले सकता है। आवेदन भीरने की अंतिम तिथि 10 सिंतबर होगी। इसके बाद सभी विषयों के लिये सीट की उपलब्धता अनुसार वरीयता सूची के तहत उनका नामांकन लिया जायेगा। इनकी पढ़ाई अक्टूबर माह से सत्र शुरू की जायेगी। नर्सिंग कॉलेजों में दो वर्ष जबकि आईटीआई कॉलेज में नामांकित छात्रों की पढ़ाई एक वर्ष की होगी। नर्सिंग के लिये आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 12 वीं व आईटीआई के लिये 10 वीं उतीर्ण होना जरुरी है।

## मवेशियों से भरे दो ट्रक को पुलिस ने किया जप्त, चालक गिरफ्तार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज पुलिस ने गुप्त सूचना पर शुक्रवार को झारखण्ड से बिहार ले जा रहे 19 पशुओं से लदे ट्रक को एनएच 98 पर चेकिंग के दौरान थाना गेट के समीप जप्त किया। जप्त वाहन संख्या आइसर जेएच 05 डीई-4896 से 11 भैंस एवं टाटा 710 वाहन संख्या जेएच 05 सीजेड -5876 से 8 काड़ी को ले जाया जा रहा था जिस पुलिस ने जप्त किया है। इस संबन्ध में प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि गोवंशीय पशुओं के प्रति क्रुरता प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर बिहार राज्य के बक्सर जिला अंतर्गत नावानगर थाना क्षेत्र के ग्राम कड़सर निवासी उमाशंकर यादव के 22 वर्षीय पुत्र चालक बिहारी यादव और रोहतास जिले के दावत थाना क्षेत्र अंतर्गत साहपुर निवासी अमरथ हुसैन के पुत्र चालक अजिर अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।छपामारी दल में सहायक अवर निरीक्षक जितेंद्र कुमार, सहायक आरक्षी 68 अमरेश कुमार पासवान, राजेन्द्र कुमार यादव(80),के अलावे पत्थरा पुलिस पिकेक के शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# स्पोर्ट्स



स्टार स्पोर्ट्स ने पोस्ट के साथ लिखा, अपने नाम के साथ एक और 100 जोड़ने को तैयार हैं किंग कोहली

## एशिया कप 2022: अपने नाम एक और शतक जोड़ने को तैयार विराट कोहली




**नई दिल्ली।** रविवार को दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजरें एशिया कप में होने वाले दो चिर-प्रतिद्वन्दियों, भारत-पाक के बीच होने वाले मुकाबले पर होगी। वहीं इस मैच से पहले सबसे अधिक चर्चा, भारत के स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान विराट कोहली के फॉर्म को लेकर हो रही है। पिछले लम्बे समय से आउट ऑफ फॉर्म चल रहे किंग कोहली के लिए धुरविरोधी पाकिस्तान के सामने अपने फॉर्म को वापस लाने का चैलेंज भी होगा। एक खास बात यह भी है कि पाकिस्तान के खिलाफ कोहली अपना 100वां टी-20 मुकाबला भी खेलेंगे। ऐसे में फैंस उनके बल्ले से शतक की उम्मीद भी कर रहे हैं। स्टार स्पोर्ट्स ने अपने आधिकारिक कू हैंडल से कोहली के 100वें टी-20 मैच से जुड़ा एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 11 जून 2013 को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए उनके 100वें एकदिनी के साथ 4 मार्च 2022 को मोहाली में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए 100वें टेस्ट मैच का जिक्र किया गया है। वहीं, अब उनके नाम के साथ एक और शतक जुड़ने जा रहा है। स्टार स्पोर्ट्स ने पोस्ट के साथ लिखा, अपने नाम के साथ एक और 100 जोड़ने को तैयार हैं किंग कोहली! वहीं, कोहली ने भी स्टार स्पोर्ट्स के पोस्ट को अपने आधिकारिक कू एप से साझा किया है। गौरतलब है कि हाल ही में अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने भी पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। राशिद ने कहा है कि आईपीएल के 15वें सीजन के दौरान नेट्स पर कोहली की बल्लेबाजी देख उनके पसीने छूटने लगे थे। उन्होंने यह बयान एशिया कप के लिए दुबई पहुंचने के बाद दिया है। बता दें कि एशिया कप का आगाज 27 अगस्त से होने जा रहा है। इस टूनार्मेंट के लिए भारत और अफगानिस्तान को अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है।

## अबू धाबी टी-10 : बांग्ला टाइगर्स के कप्तान बने शाकिब अल हसन

**दुबई** ।बांग्लादेश के अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी शाकिब अल हसन नवंबर 2022 में होने वाले अबू धाबी टी 10 क्रिकेट लीग में बांग्ला टाइगर्स के कप्तान होंगे। बांग्ला टाइगर्स की टीम में शाकिब के अलावा वेस्टइंडीज के बल्लेबाज एल्विन लुईस, न्यूजीलैंड के कॉलिन मुनरो, पाकिस्तानी गेंदबाज मोहम्मद आमिर और श्रीलंका के मथीशा पथिराना भी शामिल हैं। साथ ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस. श्रीसंत बतौर मेंटर इस साल टीम में शामिल हुए हैं। पिछले साल के टूनार्मेंट में तीसरे स्थान पर आई टीम ने आफताब अहमद को मुख्य कोच, रिचर्ड स्टोनियर को प्रशिक्षक, नजमुल आबेदीन फहीम को सहायक कोच और मेंटर के रूप में नियुक्त किया है। टीम के अधिकारियों के अनुसार, नंबर एक रैंकिंग वाले ऑलराउंडर और बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम के कप्तान को शामिल करना एक रोमांचक विकास है और इसे टीम को मजबूत और प्रेरित करने के लिए बनाया गया है। फ्रेंचाइजी के मालिक मोहम्मद यासीन चौधरी ने कहा, 'शाकिब बांग्लादेश क्रिकेट के शानदार एंबेसडर हैं। हम पहले दिन से ही उन्हें टीम में शामिल करने के इच्छुक थे, लेकिन राष्ट्रीय टीम के व्यस्त कार्यक्रम के कारण हम उन्हें नहीं जोड़ पाए थे। वह एक गतिशील, अनुभवी, समर्पित, भावुक और प्रेरित खिलाड़ी होने के साथ-साथ एक प्रेरणादायक कप्तान भी हैं, जो निस्संदेह सामने से टीम का नेतृत्व करेंगे। चौधरी ने कहा, ह्यइस साल टीम में उनका शामिल होना अबू धाबी टी10 के महत्व को दिखाता है। अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इस टूनार्मेंट में शामिल हो रहे हैं, जो केवल उत्साह को बढ़ाता है ।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## स्कूल पहुंच कर बेरमो बीडीओ ने की शिक्षक पर लगे आरोप की जांच



बैदकारो/बेरमो)। बैदकारो चलकरी कॉलोनी मध्य विद्यालय गांधीनगर के शिक्षक पर लगे आरोप की जांच करने बेरमो बीडीओ मधु कुमारी शुक्रवार को स्कूल पहुंच। स्कूल के ही कक्षा सात और आठ के छात्राओं ने गुरुवार को वरीय शिक्षक पर गलत तरीसे से छूने का आरोप लगाया था। मधु कुमारी ने शिक्षक, शिक्षिकाओं, छात्राओं और अभिभावकों से आरोप के संबंध में पूछताछ की। जिस पर छात्राओं ने शिक्षक द्वारा गलत तरीके से छूने की बात कही। जबकि वरीय शिक्षक ने अपने उपर लगे आरोपों को झूठा और निराधार बताया। जांच के क्रम में अभिभावकों ने बीडीओ के समक्ष शिक्षक पर लगे आरोप को वापस लेते हुए कहा कि शिक्षक द्वारा फिर से ऐसी हरकत नहीं किया जाए। ऐसा करने पर अगली बार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं बीडीओ ने भी शिक्षक से कहा कि छात्राओं की समस्या आने पर इनके अभिभावक को अवगत कराएं। इस मौके पर बैदकारो पूर्वी मुखिया सीमा महतो, बैदकारो पूर्वी पंचायत सचिव अनामिका गुप्ता, मुखिया पति टीपू महतो, स्कूल अध्यक्ष बिल्टू महतो, ललन राम आदि थे।

## जिला परिषद की बैठक में विधायक प्रतिनिधि ने कराया विभिन्न विषयों पर ध्यान आकृष्ट



बोकारो (आजाद सिपाही)। जिला परिषद की शुक्रवार को आयोजति बैठक में बोकारो विधायक बिरंची नारायण के प्रतिनिधि संजय त्यागी ने विभिन्न विषयों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इसमें राजकीय औषधालय बालीडीह में सीएसआर से भवन बनाने की मांग शामिल है। बताया कि जर्जर भवन होने के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैं। इसके अलावा आयुष्मान भारत से पंजीकृत अस्पताल की ओर से निकटवर्ती सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में एक चिकित्सक व आयुष्मान मित्र को उपलब्ध कराने की अपील की गई। वहीं, डीएमएफटी से चिकित्सक व नर्सिंग स्टाप की बहाली, सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड को सुचारू रूप से चलाने और डेंगू के नियंत्रण के लिए व्यापक कार्य योजना बना कर शीघ्र क्रियान्वयन कराने की मांग की गई है। लगे हाथ चास प्रखंड के अमडीह, ब्राह्मण द्वारिका, चाकुलिया, घटियाली, कलापत्थर, काशिझरिया, मानगो, नावाडीह व रानीपोखर स्वास्थ्य केन्द्र में बिजली व पानी की खराब व्यवस्था से भी अवगत कराया गया। सभी विद्यालयों में तड़ित चालक यंत्र लगाने की भी जरूरत पर बल दिया।

## वृक्ष मानव के जीवन का आधार : डॉ प्रभाकर



बोकारो (आजाद सिपाही)। बाल अधिकार कार्यकर्ता सह मनोवैज्ञानिक डॉ पभाकर कुमार ने कॉलेज परिसर में 100 से अधिक पौधारोपण किया। कहा कि वृक्ष मानव जीवन के अस्तित्व का आधार है। प्राकृतिक ऑक्सीजन एवं शीतलता प्रदान करते हैं। पेड़-पौधे वातावरण को शुद्ध व स्वस्थ बनाने में सहायक हैं। वहीं, निदेशक तैयाब अली अंसारी ने कहा कि वृक्ष माता समान है। पौधारोपण से परिसर हरा-भरा होगा और सकारात्मक परिवेश का निर्माण होगा। इस दौरान पोधों की सुरक्षा की जवाबदेही ली गई। इस मौके पर अभिषेक आनंद, इलियास अंसारी, योगो पूर्ति, बबूल अंसारी, रंजीत मांझी, छोटे केवट, कुचन केवट, वकील अंसारी, हीरालाल हांसदा, हेमात प्रसाद मांझी आदि मौजूद थे।

## पत्नी की हत्या करनेवाले को उम्रकैद की सजा

धनबाद (आजाद सिपाही)। पत्नी की चाकू गोद कर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने टुंडी निवासी पति मंगल हांसदा को दोषी ठहराते हुए उसे उम्रकैद की सजा सुनाई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम राजकुमार मिश्रा के कोर्ट ने मंगल को उम्रकैद और 10 हजार जुमार्ना, बिना इजाजत घर में घुसने के अपराध में पांच वर्ष की कैद और पांच हजार रुपए आर्थिक दंड, अपनी सास का कंधा तोड़ कर गंभीर रूप से जख्मी करने में तीन वर्ष की कैद, पांच हजार जुमार्ना और अपने साला जीतेंद्र हांसदा के साथ मारपीट के जुर्म में छह माह कैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने सभी सजा को एक साथ चलाने का आदेश दिया। अभियोजन का संचालन अपर लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने किया। प्राथमिकी के अनुसार मृतक सरस्वती देवी की शादी मंगल हांसदा से हुई थी। शादी के बाद से ही मंगल पत्नी से झगड़ा किया करता था। इस कारण सरस्वती मायके आकर रहने लगी थी। 29 जुलाई 2019 की रात सरस्वती मायके के कमरे में सोई थी। रात दो बजे वह शौच के लिए बाहर निकली तो पहले से घात लगाए बैठे मंगल ने उसके शरीर पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। चीखने की आवाज सुनकर जब उसकी मां ने उसे बचाने का प्रयास किया और मंगल को पकड़ना चाहा तो मंगल ने मृतका के भाई जीतेंद्र पर गोली चला दी और मृतका की मां चांदमुनि देवी को भी डंटा से मारा, जिससे उनका कंधा टूट गया था।

## बेरमो में नारी शक्ति को किया सम्मानित



करगली/बेरमो (आजाद सिपाही))। डॉ रविंद्र उषा सिंह चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा अंगवाली स्थित श्री राधेश्याम गौशाला में गौशाला के संस्थापक डॉ उषा सिंह ने अंतरराष्ट्रीय महिला समानता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों समाजसेवी व गृहणी महिलाओं को सम्मानित किया गया। उषा सिंह ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए सबसे पहले नारी को ही आगे आना पड़ेगा। भारतीय संस्कृति में पली बढ़ी नारी अपने आप ही सम्मान की पात्र होती है। इसलिए भारतीय संस्कृति अपनाएं और अपने बच्चों को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से अवगत कराएं। कहा कि बच्चे और बच्चियों में कभी फर्क ना करें। बच्चियों को भी बच्चे की तरह सम्मान संस्कार दे। अगर हो सके तो बच्चियों को बच्चे से अधिक शिक्षा दिलाने का प्रयास करें। यह समारोह मनाने का मकसद महिलाओं को समान अधिकार देना है, ताकि समाज के साथ ही देश और विश्व के निर्माण में वो अपना अधिकतम योगदान दे सकें। हालांकि, दुनिया में अब भी ऐसे कई देश हैं, जहां महिलाएं अपने अधिकारों के लिए लड़ रही हैं। ऐसे में दुनियाभर की महिलाओं के हक की आवाज उठाने के लिए इस दिन को सेलिब्रेट किया जाता है। हर साल इस दिन को एक खास थीम के मुताबिक मनाया जाता है। इस दौरान महिलाओ ने गौ माताओ की पूजा अर्चना कर भजन- किर्तन की। मौके पर हिमाचल मिश्रा, लक्ष्मण मिश्रा, रंजन सिंह, जवाहर साव, संतोष पाल, सुमित्रा देवी, सरीता मिश्रा, सनिका मिश्रा, सविता मिश्रा, उमा देवी, रीमा मिश्रा, अल्का मिश्रा, उर्मिला देवी, बिमला वर्मा, लतिका मिश्रा आदि थीं।

### कहा- हेमंत सोरेन को उनके किये की सजा मिलेगी, इसमें भाजपा का कोई हाथ नहीं

# भाजपा पर दोष मढ़ना ही विरोधियों का मुख्य काम:केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद पहुंची केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक ढुल्लू महतो व अन्य ने की पूजा-अर्चना।

**कतरास।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी शुक्रवार को धनबाद जिले के चिटाही पहुंची। वहां बाघमारा के भाजपा विधायक ढुल्लू महतो और सावित्री महतो आदि के साथ चिटाही के रामराज मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि हमेशा सोशल साइट, व मीडिया के माध्यम से रामराज मंदिर की खबर देखा-पढ़ा करती थी। आज प्रभु श्रीराम मंदिर के दर्शन का सौभाग्य मिल ही गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने झारखंड की वर्तमान परिस्थिति व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर कटाक्ष किया। कहा कि मुख्यमंत्री रहते अपने नाम पर खदान आवंटन करना और परिवार के हर के सदस्य के बीच रेवडी की तरह झारखंड की खनिज संपदा को बांटना कहां तक उचित है। हेमंत सोरेन को लेकर मुख्य चुनाव आयोग ने अपना फैसला सुना दिया है। कानून अपना काम कर रहा है। हां शुरूआत में भाजपा ने हेमंत सोरेन के खिलाफ शिकायत जरूर की थी। पर अब सब कुछ चुनाव आयोग देख रहा है। भाजपा का इसमें कहीं कोई हाथ नहीं है। बावजूद इसके पार्टी को दोषी टहराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देशभर में कहीं भी कुछ होन, सरकार गिरने या फेरबदल होने पर भाजपा पर दोष मढ़ देना विपक्षी पार्टियों के नेताओं की आदत बन चुकी है। वहीं, विधायक ढुल्लू महतो की भी प्रशंसा की। कहा कि ढुल्लू महतो जनता के बीच काफी लोकप्रिय हैं। हमेशा सामाजिक विकास और जनता-जनार्दन की सेवा में लगे रहे हैं। बावजूद इसके झारखंड सरकार हमेशा उन्हें परेशान करती रहती है। साथ ही कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्तमान में देश हित में बेहतर काम कर रहे हैं। इसी वजह से देश के हरेक व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंच रहा है। शिक्षा के क्षेत्र मं भी कई प्रकार के शोध हो रहे है। अब तो बहुत कुछ क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई चल रही है। गांव देहात के बच्चे इंग्लिश में पीछे थे लेकिन क्षेत्रीय पढ़ाई होने से अब वो भी आगे बढ रहे है। इस मौके पर शत्रुघ्न महतो, शारदा सिंह, सरिता सिंह, गीता देवी, रंजीत सिंह आदि मौजूद थे।

## अलौकिक श्रृंगार व संगीतमय मंगलपाठ का आयोजन



कतरास (आजाद सिपाही)। श्री श्री राणी सती दादी मंदिर प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय भादो अमावस्या महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को अलौकिक श्रृंगार व संगीतमय मंगलपाठ का आयोजन किया गया। प्रातः दादीजी की विग्रह का विशेष पूजन कराया गया। पंडित अजय शर्मा, विजय कुमार पांडेय, अर्जुन पांडेय, ईश्वर शास्त्री,बाल मुकुंद पांडेय, मृत्युंजय पांडेय, महेंद्र पाठक आदि आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कराया गया। यजमान के रूप में प्रभु नारायण सिंह, आशा देवी शामिल थे। उसके बाद मंदिर प्रांगण में धनबाद के प्रसिद्ध गायक मनोज सेन एंड पार्टी द्वारा संगीतमय मंगलपाठ का शुभारंभ कराया गया।

## बच्चों ने लिया बाल विवाह के खिलाफ लोगों को जागरूक करने का संकल्प

नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में उप-प्राचार्य प्रेमचंद रवानी की अध्यक्षता व प्राचार्य एस कुमार व सचिव एस हुसैन की मौजूदगी में नए शैक्षणिक सत्र में नामांकित 11वीं और 12वीं कक्षा के सभी संकाय के छात्र-छात्राओं के लिए समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया। पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को कलम देकर व हाथ मिलाकर स्वागत किया गया। इस दौरान छात्राओं ने बाल-विवाह पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर इसके खिलाफ लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। नाट्य के माध्यम से लोगों को बाल विवाह रोकने का संदेश दिया गया। ताकि लड़कियों को भी आगे बढ़ने का मौका मिले जिससे वो देश और समाज को एक नई दिशा दे सकें। बच्चों ने दिखाया कि बाल विवाह एक अपराध हैं। इसे रोकना उनका कर्त्तव्य हैं।

वहीं, कॉलेज के सचिव एस हुसैन ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन उच्च मापदंडों एवं मानक के अनुसार विद्यार्थियों को शिक्षा देने का प्रयास कर रहा है। विद्यार्थी अनुशासन में रहकर कठिन परिश्रम एवं तनमय होकर अध्ययन करें। वहीं, प्राचार्य एस कुमार ने कहा कि हमारा प्रयास है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चे भी अच्छी शिक्षा पा सकें। वहीं उप -प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थी अपने-अपने लक्ष्य तय करें।

## बीबीएमकेयू : एलएलबी, बीएड व एमएड का परीक्षा फार्म भराई शुरू

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीबीएमकेयू के धनबाद व बोकारो के विभिन्न कॉलेजों के एलएलबी, बीएड व एमएड परीक्षा का परीक्षा फार्म शुक्रवार से भराना शुरू हो गया है। नौ परीक्षाओं के लिए परीक्षा फार्म भरने के संबंध में विवि परीक्षा विभाग ने पहले ही पत्र जारी कर दिया है। छात्रों को बीए एलएलबी सेमेस्टर टू व फोर, एलएलबी सेमेस्टर टू, बीए एलएलबी सेमेस्टर सिक्स का फॉर्म समय पर भरना है।

### गोल में मेडिकल व इंजीनियरिंग के लिए सेमिनार का आयोजन

## तनाव व दबाव से ऊपर उठकर तैयारी पर ध्यान दें विद्यार्थी : संजय आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** धैया के मेमको मोड़ स्थित गोल संस्थान में नीट एवं जेइइ की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें सैंकड़ों प्रतियोगी छात्रों ने हिस्सा लिया व प्रतियोगिता से संबंधित नवीनतम जानकारियों से अवगत हुए। साथ ही बहुत सारे अनुतरित प्रश्नों को विशेषज्ञों द्वारा उचित उत्तर पाकर छात्रों के चेहरों पर संतुष्टि के भाव दिखे। सेमिनार को संबोधित करते हुए गोल संस्थान के प्रबंध निदेशक व संस्थापक बिपिन कुमार ने अगामी नीट एवं जेईई की परीक्षाओं में सफलता से संबंधित अनिवार्य सुझाव एवं तकनीक को साझा करते हुए बताया कि उक्त परीक्षा में कैसे सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि मेडिकल/इंजिनियरिंग के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री के साथ ही बायोलॉजी/गणित के कौन से टॉपिक की तैयारी कैसे की जाय। 28 सितंबर को होने वाले एडवांस परीक्षा को फाईनल टच कैसे दिया जाय। किस प्रतियोगिता में प्रश्नों को अटेम्प्ट करने की संख्या कितनी होनी चाहिए, नीगेटिव मार्किंग से कैसे बचा जाय, अब तक के कटऑफ के अनुसार आगे कटऑफ की क्या संभावना बन रही है, ऐसे तमाम प्रश्नों के जवाब से छात्रों में संतुष्टि दिखी। उन्होंने कहा कि गोल विलेज की परिकल्पना तमाम वैसे प्रतिभावान एवं अपने सपने को पूरी करने के प्रति सजग अभ्यर्थियों के लिए की गई जो आज फलिभूत होती दिख रही है। वहीं, गोल धनबाद केंद्र के निदेशक संजय आनंद ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि छात्र तनाव एवं दबाव से उपर उठकर केवल अपनी तैयारी को उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ अंजाम दें। गोल के मेटेरियल, क्लास रूम एवं विभिन्न टेस्ट सीरीज नए पैटर्न पर अप टू मार्क हैं। गोल से लगभग 15 हजार से ज्यादा छात्रों ने अबतक केवल मेडिकल में सफलता हासिल कर देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी सफलता का परचम लहराया है। छात्र समयानुसार संस्थान द्वारा बताए गए दिशानिर्देश का अनुशरण करते हुए अपनी तैयारी को अंजाम दें तो उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि गोल में वैसे विद्यार्थी जिनका बेसिक कोविड-19 काल के प्रभाव से कमजोर हुआ है, वैसे छात्रों के लिए अलग से बेसिक क्लासेस के साथ-साथ बहुत सारी ऐसी व्यवस्थाए दी जा रही है जो आने वाले समय में समाज व राष्ट्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विदित हो कि गोल से इंजिनियरिंग की तैयारी करने वाले छात्रों को बेहतर सुविधा के लिए संस्थान के संस्थापक व प्रबंध निदेशक बिपिन कुमार द्वारा धनबाद में नए कार्यालय एवं लाईब्रेरी का उद्घाटन किया गया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मेडिकल की तर्ज पर इंजिनियरिंग के छात्रों को भी वही गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाएं दी जा रही है, ताकि बिहार व झारखण्ड के साधारण छात्र इंजिनियरिंग में भी असाधारण सफलता हांसिल कर सके। गोल के ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज एवं धनबाद में इस सत्र के अंतिम टार्गेट, फाउंडेशन व अचिवर्स बैच चार सितंबर से शुरू होने जा रही है ।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड)**
**कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी**

**व्यक्तिगत कृषकों के लिए 80% अनुदान पर छोटे कृषि उपकरण पैकेज वितरण की योजना**

सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं0 – 95 दिनांक – 31.03.2022 के निदेशानुसार वितीय वर्ष 2021–22 हेतु खूँटी जिले के व्यक्तिगत कृषकों के लिए पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर, एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि के वितरण का प्रस्ताव है, ताकि उक्त कृषि यंत्रों का स्वयं उपयोग करेगें एवं अन्य कृषकों को भाड़े पर उपलब्ध कराकर अपनी आय में वृद्धि कर सकेगें।

**व्यक्तिगत कृषकों के लिए अधिकतम योजना लागत रू0 2.00 लाख होगी एवं इसका 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान रू0 1.60 लाख उपलब्ध कराया जाएगा।**

**–: सामान्य अनुदेश :–**

1. वैसे कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिन कृषक परिवार के पास खेती योग्य 2.00 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
2. जिन कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से कृषि यंत्रों / पम्पसेट / एन0एफ0एस0एम0 योजना में प्राप्त कृषि यंत्र में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रो को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
3. चूँकि व्यक्तिगत कृषक पैकेज की संख्या सीमित है अतः पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर योजना का लाभ मिलेगा।
4. क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।
5. इच्छुक आवेदक भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय से आवेदन पत्र को प्राप्त कर अपने आवेदन को **दिनांक 15.09.2022 तक** सीधे कार्यालय में जमा कर सकेगें।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पता–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी** संयुक्त कृषि भवन, खूँटी

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, खूँटी

PR276469 (Agriculture)22-23*D



**कार्यालय, जिला परिषद, कोडरमा**

**जिला परिषद, कार्यालय में संबेदकों का निबंधन/ नवीकरण हेतु सूचना का प्रकाशन**

जिला परिषद में निबंधन कराने वाले सभी इच्छुक संबेदकों को सूचित किया जाता है कि–

1. दिनांक 26–08–22 से 06–09–22 तक जिला परिषद, कार्यालय, कोडरमा में इच्छुक संबेदकों के निबंधन हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।
2. निबंधन हेतु आवेदन पत्र जिला परिषद, कार्यालय कोडरमा से दिनांक 26–08–22 से 06–09–22 तक (अवकाश दिन छोड़कर) निर्धारित शुल्क रू0 200 /– ( दो सौ रू0 मात्र) के बैंक ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा। बैंक ड्राफ्ट **मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा** के नाम से बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा में भुगतेय होगा।
3. संबेदकों को निबंधन झारखण्ड संबेदक निबंधन नियमावली 2008 के तहत की जायेगी।
4. निबंधन शुल्क निम्न प्रकार देय होगा।
   श्रेणी 1 – रू0 200000 (दो लाख ) – 2.50 करोड़ रू0 से उपर के निर्माण कार्य हेतु
   श्रेणी 2 – रू0 100000 (एक लाख ) – 50 लाख से 2.50 करोड़ रू0 तक के निर्माण कार्य हेतु
   श्रेणी 3 – रू0 25000 (पच्चीस हजार )– 10 लाख से 50 लाख रू0 तक के निर्माण कार्य हेतु
   श्रेणी 4 – रू0 10000 (दस हजार ) – 10 लाख रू0 तक का निर्माण कार्य हेतु
5. निबंधन हेतु निर्धारित शुल्क बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा किया जाएगा जो **मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, कोडरमा** के नाम से देय तथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा के नाम से भुगतेय होगा।
6. संबेदकों के निबंधन हेतु आवश्यक कागजातों /प्रमाण पत्रों की विवरणी निम्नवत है–

- प्रपत्र "क" में आवेदन पत्र
- आचरण प्रमाण पत्र
- तीन साल का आयकर रिटर्न की छाया प्रति
- अद्यतन वाणिज्यकर सफाया प्रमाण पत्र (UCAN)
- आधार कार्ड की छाया प्रति
- पैन कार्ड की छाया प्रति
- पूर्व में अन्य विभागों में कराये गये कार्यों का भुगतान प्रमाण पत्र
- तीन प्रति में अद्यतन फोटो तथा पूर्व निर्गत निबंधन प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
- इस आशय का शपथ पत्र (Affidavite) आवेदक द्वारा संलग्न किया जायेगा कि–
- " मुझ पर अथवा मुझ पर आश्रित परिवार के किसी अन्य सदस्य / आवेदक फर्म को संवेदक निबंधन नियमावली 2008 के नियम 10 एवं 11 में वर्णित किसी भी कदाचार में संलिप्तता के लिए कभी दंडित अथवा प्रतिबंधित नहीं किया गया है।"

ह0 /–
उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, कोडरमा

PR 276505 Rural Development(22-23).D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से संवेदक मेसर्स शौर्या कन्सट्रक्शन (प्रो0–श्री संजय कुमार सिंह), ग्राम–हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, डिपुगढ़ा, हजारीबाग, जिला–हजारीबाग को सूचित किया जाता है कि राज्य सम्पोषित योजना अन्तर्गत बरकट्ठा प्रखण्ड के (ग्राम कपका) पी0एम0जी0एस0वाई0 रोड से बेडोखुर्द भाया बरसोति पुल तक पथ निर्माण कार्य (लं0–3.550 कि0मी0) का एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि–05.04.2018 एवं कार्य समाप्ति की तिथि–04.03.2019 है। इतनी लम्बी अवधि बीत जाने के वाबजूद भी आपके द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है, जो एक गंभीर विषय / मामला है। इस कार्यालय का पत्रांक–59, दिनांक–09.01.2020, सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमण्डल, चौपारण का पत्रांक–47, दिनांक–12.03.2021, ज्ञापांक–74, दिनांक–03.06.2021 एवं इस कार्यालय का पत्रांक–466, दिनांक–26.06.2021, पत्रांक–697, दिनांक–25.07.2022 एवं सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमण्डल, चौपारण का पत्रांक–81, दिनांक–18.08.2022 द्वारा तथा अनेको बार मौखिक रुप से कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया परन्तु आपके द्वारा कार्य पूर्ण करने की दिशा में कोई रुचि नहीं ली जा रही है। प्रमण्डलीय कार्यालय में सम्पन्न समीक्षात्मक बैठक में भी आपके द्वारा जून 2022 तक कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया था फिर भी आज तक कार्य अपूर्ण है, जिससे साबित होता है कि आप कार्य पूर्ण करने को इच्छुक नहीं है। आपके द्वारा कार्य नहीं करने के कारण पथ की क्षति हो रही है तथा राज्य की सम्पति का नुकसान हो रहा है। ऐसी स्थिति में आपके द्वारा किये गये कार्य का अन्तिम मापी लेने हेतु कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रशाखा, बरकठा एवं सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमण्डल, चौपारण को दिनांक–03.09.2022 को सुबह 10:00 बजे निर्देशित किया गया है।

आपसे अनुरोध है कि कार्य स्थल पर आप स्वंय अथवा अपने प्रतिनिधि को मापी के समय उपस्थित रहना सुनिश्चित करेगें । यदि आप या आपके प्रतिनिधि उक्त तिथि एवं समय पर मापी के समय उपस्थित नहीं रहेगें तब भी इस पथ में किये गये कार्य की अन्तिम मापी ली जायेगी, जो आपको मान्य होगा। इसके बाद आपका कोई भी दावा विभाग को मंजूर नहीं होगा । साथ ही सूचित किया जाता है कि अन्तिम मापी के उपरान्त एकरारनामा के शर्तों के अनुरुप आपका जमा अग्रधन एवं जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा आपके फर्म / निबंधन को काली सूची में डालने हेतु विभाग में अनुशंसा की जायेगी ।

ह0 /–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 276454 Rural Work Department (22-23)_D

# गोवा डीजीपी बोले : सोनाली फोगाट को जबरन ड्रग्स दी

## आरोप कबूला : पीए सुधीर सांगवान और सुखविंदर अरेस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**फतेहाबाद।** हरियाणा भाजपा की नेता सोनाली फोगाट की मौत से जुड़े केस में नये खुलासे हो रहे हैं। इस मामले की जांच कर रही गोवा पुलिस ने दावा किया है कि सोनाली को जबरन ड्रग्स दी गयी थी। यह ड्रग उनके पीए सुधीर सांगवान और सुखविंदर ने दी। इन दोनों ने यह बात खुद गोवा पुलिस के सामने कबूली है। दोनों को अरेस्ट कर लिया गया है।

गोवा के डीजीपी जसपाल सिंह के अनुसार सुधीर और सुखविंदर ने कबूल किया है कि उन्होंने 22 अगस्त की रात सोनाली को जबरदस्ती ड्रग दी। उन्हें लिक्विड में मिलाकर केमिकल दिया गया। ड्रग की ओवरडोज से सोनाली की तबीयत बिगड़ी तो दोनों उन्हें वॉशरूम में ले गये। दोनों सोनाली के साथ दो घंटे वॉशरूम में ही बैठे रहे।



**सीसीटीवी फुटेज में गोवा के होटल में लड़खड़ाती दिखीं :** गोवा के डीजीपी ने बताया कि पुलिस को एक क्लब की सीसीटीवी फुटेज भी मिली है। इस फुटेज में सुधीर सांगवान बोतल में सोनाली को कुछ मिलाकर पिलाता हुआ दिख रहा है। हो सकता है कि उस बोतल के लिक्विड में केमिकल हो। इसी मामले में गोवा के आइजी ओमवीर सिंह ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उनके अनुसार उपलब्ध साक्ष्यों और सीसीटवी फुटेज में दिख रहा है कि सुधीर सांगवान और सुखविंदर क्लब में पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान दोनों ने सोनाली को कोई लिक्विड पिलाया। इस लिक्विड में कोई सिंथेटिक ड्रग हो सकती है जिसका नाम अभी सामने नहीं आया है।

**लिक्विड पीने के बाद सोनाली से संभला नहीं गया :** आइजी ओमवीर सिंह ने बताया कि सीसीटवी फुटेज में दिख रहा है कि लिक्विड पीने के बाद सोनाली से संभला नहीं जा रहा। इसके बाद सुधीर और सुखविंदर सोनाली को संभालते नजर आ रहे हैं। कुछ समय बाद एक अन्य कैमरे की फुटेज में दोनों सोनाली को वॉशरूम ले जाते हुए नजर आते हैं और 2 घंटे तक वहीं रहते हैं। आइजी ने बताया कि इस केस की इन्वेस्टिगेशन जारी है। पुलिस एफएसएल टीम को साथ लेकर आरोपियों के खिलाफ सबूत जुटायेगी। दोनों को 24 घंटे में कोर्ट में पेश कर दिया जायेगा।

### हिसार में अंतिम संस्कार

इधर सोनाली फोगाट का शुक्रवार दोपहर साढ़े 12 बजे हिसार में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनकी बेटी यशोधरा ने अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान लोग 'सोनाली अमर रहे' और 'सोनाली के कातिलों को फांसी हो' के नारे लगाते रहे। कुछ दिन पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए कुलदीप बिश्नोई सोनाली को श्रद्धांजलि देने श्मशान घाट पहुंचे।

# महानदी जल विवाद को लेकर ओड़िशा सरकार ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** ओड़िशा सरकार की ओर से एडवोकेट जेनरल अशोक कुमार पारिजा की अध्यक्षता में 13 और 14 अगस्त को ओड़िशा भवन दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। अनु गर्ग अतिरिक्त मुख्य शासन सचिव जल संसाधन विभाग एवं वरिष्ठ एडवोकेट एमवी काटार्की के साथ बैठक में दिल्ली में जल संसाधन विभाग के अन्य विशेषज्ञों और तकनीकी कर्मचारियों ने भाग लिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भुवनेश्वर से जल संसाधन विभाग के अन्य विशेषज्ञों और तकनीकी कर्मचारियों ने भी भाग लिया।

# फ्री स्कीम्स पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला मुफ्त वादों पर सुनवाई नयी बेंच में होगी

**नयी दिल्ली।** चुनाव में फ्री स्कीम्स पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें मुफ्त चुनावी वादों पर रोक लगाने की मांग की गयी है। सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस एनवी रमना ने मामले को नयी बेंच में रेफर कर दिया। सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि कमेटी बनायी जा सकती है, लेकिन क्या कमेटी इसकी परिभाषा सही से तय कर पायेगी। चीफ जस्टिस एनवी रमना ने कहा कि इस केस में विस्तृत सुनवाई की जरूरत है और इसे गंभीरता से लेनी चाहिए। वहीं फैसला सुनाने के बाद चीफ जस्टिस ने याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय को धन्यवाद दिया, जिस पर उपाध्याय ने कहा कि हम आपको मिस करेंगे। नयी बेंच में अगले चीफ जस्टिस समेत 3 जज होंगे और आगे की सुनवाई करेंगे। बता दें कि भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने जनहित याचिका दायर की है। इसमें मांग की है कि चुनाव में उपहार और सुविधाएं मुफ्त बांटने का वादा करने वाले दलों की मान्यता रद्द की जाये।

# ब्रह्मपुर के एमकेसीजी एमसीएच में लगी आग

**किसी के हताहत होने की खबर नहीं है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ब्रह्मपुर एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शुक्रवार को लगी आग। सुचना मुताबिक आग एमकेसीजी एमसीएच कॉम्प्लेक्स की पांचवीं मंजिल पर देखी गयी। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। दुर्घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। पांचवीं मंजिल जहां प्लास्टिक सर्जरी वार्ड है, वहां पर धुआं निकलने के तुरंत बाद मरीजों को नीचे स्थानांतरित कर दिया गया। 3 दमकल गाड़ियां घटना पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया। अब स्थिति नियंत्रण में है। एक दमकलकर्मी ने कहा कि आग लगने के पीछे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। जांच शुरू कर दी गयी है।

# कश्मीरी पंडितों का नरसंहार केस फिर खोलने का आदेश

**सेना की वर्दी में आये थे आतंकी, नाम पुकारा और 24 पंडितों को लाइन में खड़ा कर गोली मार दी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जम्मू/श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट ने पुलवामा के नदीमर्ग में हुए कश्मीरी पंडितों का नरसंहार केस दोबारा खोलने करने का आदेश दिया है। नदीमर्ग में 23 मार्च 2003 की रात को सेना की वर्दी पहनकर आये लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने 24 कश्मीरी पंडितों की गोली मार कर हत्या कर दी थी।

जम्मू-कश्मीर हाइकोर्ट के जस्टिस धर ने अपने आदेश में कहा कि ऐसा लगता है कि केस की सुनवाई में हो रही देरी के बाद प्रॉसिक्यूशन ने ट्रायल कोर्ट से कमीशन के जरिए गवाहों के बयान लेने की अनुमति मांगी थी, क्योंकि ये गवाह कश्मीर छोड़ चुके थे और डर के कारण शोपियां में निचली अदालत के सामने पेश होने से हिचक रहे थे।

**सेशन कोर्ट और हाइकोर्ट ने पहले खारिज कर दी थी याचिका :** हत्याकांड के बाद जैनापुर में एफआइआर दर्ज की गयी थी। पुलवामा सेशन कोर्ट में 7 लोगों के खिलाफ चार्जशीट पेश की गयी थी। बाद में केस शोपियां सेशन कोर्ट में शिफ्ट कर दिया गया था। ट्रायल में हो रही देरी के बाद प्रॉसिक्यूशन ने दलील दी थी कि इनमें से कई गवाह कश्मीर से बाहर जा चुके हैं और खतरे की वजह से बयान देने के लिए नहीं आना चाहते। सेशन कोर्ट ने 9 फरवरी 2011 को इस केस के गवाहों के बयान कमीशन के जरिए लेने की मांग खारिज कर दी थी। इसके बाद प्रॉसिक्यूशन ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट क्रिमिनल रिवीजन पिटीशन दाखिल की थी। हाइकोर्ट ने 21 दिसंबर 2011 को इस याचिका को बिना कोई कारण बताए खारिज कर दिया था।

### क्या है नदीमर्ग नरसंहार मामला?

1990 के दशक में कश्मीरी पंडितों को घाटी से भागने पर मजबूर किया गया था। इसके बाद भी कश्मीर में बचे हिंदुओं पर अत्याचार जारी रहे। इसी कड़ी में नदीमर्ग में आतंकियों ने 23 मार्च 2003 की रात 24 कश्मीरी पंडितों को मौत के घाट उतार दिया था। लश्कर-ए-तैयबा के 7 आतंकी सैन्य वर्दी में पुलवामा जिले के नदीमर्ग में आये। सभी हिंदुओं को उनके नाम से पुकार कर घर से बाहर बुलाया। इसके बाद महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया और सबके सामने उनके कपड़े फाड़े गये। फिर 24 कश्मीरी पंडितों को लाइन में चिनार के पेड़ के नीचे इकट्ठा किया। इसके बाद उन्हें गोलियों से भून डाला। इस नरसंहार में जान गंवाने वालों में 11 पुरुष, 11 महिलाएं और 2 छोटे बच्चे शामिल थे, जिनमें से एक 2 साल का था।

# 80 पाकिस्तानियों को यूएइ ने बैरंग लौटाया

**विजिटर वीजा पर दुबई पहुंचे थे, वापसी के टिकट भी जाली निकले**

एजेंसी

**अबुधाबी।** पाकिस्तान से दुबई पहुंचे 80 पाकिस्तानियों को यूएइ के अफसरों ने वापस इस्लामाबाद भेज दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये लोग विजिटर्स वीजा पर दुबई पहुंचे थे, लेकिन इनके रिटर्न टिकट जाली थे। इसके अलावा दुबई के अफसरों को आशंका थी कि ये लोग विजिटर्स वीजा के नाम पर यहां रोजगार खोजने आये हैं और नौकरी न मिलने पर गलत काम कर सकते हैं। खास बात यह भी है कि इन लोगों के पास दुबई में रहने और खाने के लिए जरूरी पैसे तक नहीं थे। दरअसल, सच ये है कि पाकिस्तानी विजिटर वीजा पर यूएइ में रोजगार की तलाश में ही आते हैं। यूएइ दो साल पहले ही पाकिस्तानियों के लिए इंप्लॉयमेंट वीजा पर रोक लगा चुका है।

हाल के दिनों में यूएइ में भीख मांगने वालों की तादाद बेहद तेजी से बढ़ी। भिखारियों में ज्यादातर पाकिस्तानी हैं। जब इन्हें यूएइ में नौकरी नहीं मिलती है, तो वो भीख मांगने लगते हैं, चोरी करने लगते हैं, ड्रग स्मगलिंग करने लगते हैं। कुछ लोग तो आतंकवाद में शामिल हो जाते हैं। यूएइ के अधिकारियों ने कई बार पाकिस्तानियों के खिलाफ कार्रवाई की है। यूएइ ने पाकिस्तान के दूतावास को भी इसकी जानकारी दी थी। कोरोना के दौरान दुबई प्रशासन ने हजारों पाकिस्तानियों को जबरदस्ती उनके मुल्क वापस भेज दिया था।

# श्री श्री विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर वार्षिक रणनीति बैठक का आयोजन

आजाद सिपाह संवाददाता

**भुवनेश्वर।** श्री श्री विश्वविद्यालय ने अकादमिक शुरू करने के दस साल पूरे कर लिए हैं और इस साल सितंबर में अपना 11वां स्थापना दिवस मना रहा है। 24-25 अगस्त को विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण संकाय की उपस्थिति में वार्षिक रणनीति बैठक आयोजित किया गया ।

श्री श्री विश्वविद्यालय छात्रों के लिए समग्र शिक्षा पर केंद्रित है। विश्वविद्यालय के छात्र भारत के सभी राज्यों और दुनिया के आठ देशों से हैं। इसने एक ऐसा माहौल भी बनाया है, जो वनस्पतियों और जीवों में समृद्ध जैव विविधता से भरा है। इसे टाइम्स उच्च शिक्षा रैंकिंग में कई यूएनडीडीजी मानकों में शीर्ष दो सौ में से एक अंक




मिला है, जो दुनिया भर में एक हजार से अधिक विश्वविद्यालय प्रतिभागियों से अधिक है। श्री श्री विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने रणनीति बैठक में सभी हितधारकों को विश्वविद्यालय को उत्कृष्टता केंद्र बनाने और छात्रों को बेहतर अनुभव देने के लिए विचार-मंथन करने के लिए एक मंच पर आमंत्रित किया।

गुरु पूजा के साथ गुरुओं की परंपरा का हवाला देते हुए रणनीति बैठक की शुरुआत की गई। प्रत्येक विभाग ने अगले एक वर्ष के लिए अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, इसके बाद छात्रों और विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा मनोरंजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रो रजिता कुलकर्णी अध्यक्ष, प्रो बी आर शर्मा कुलपति, गौरव वर्मा निदेशक संचालन, प्रो डीपी साहू कार्यकारी रजिस्ट्रार, सभी डीन एचओडी और सदस्य रणनीति बैठक में मौजूद थे।



















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**